नई दिल्ली
नई दिल्ली, शनिवार 7 सितंबर 2019
भाद्रपद मास शुक्ल पक्ष,
नवमी वर्ष : 23, अंक : 171
पृष्ठ 14 मूल्य 3.00 *

मौसम
अधि. 35.2
न्यून. 26.8

# हरिभूमि
दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



13 सेरेना की 24वें ग्रैंडस्लैम के लिए महाभिड़ंत आज

विचार पेज
08 भारत-रूस दोस्ती को लगे पंख




## खबर संक्षेप

### लता को जन्मदिन पर डॉटर ऑफ द नेशन का खिताब देगी केंद्र सरकार



**नई दिल्ली।** भारतीय फिल्म संगीत में सात दशक के अभूतपूर्व योगदान के लिए स्वर कोकिला लता मंगेशकर को डॉटर ऑफ द नेशन का खिताब दिया जाएगा। केंद्र सरकार 28 सितंबर को 90वें जन्मदिन पर उन्हें यह सम्मान देगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस खास मौके के लिए गीतकार और कवि प्रसून जोशी ने खास गीत लिखा है। सूत्रों ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लता मंगेशकर के बड़े प्रशंसक हैं। वे भारत की सभी आवाजों का प्रतिनिधित्व करती हैं। उन्हें सम्मानित करना देश की बेटी को सम्मान देना है। उन्हें 90वें जन्मदिन पर खिताब देने का फैसला लिया गया है।

### शेहला रशीद पर देशद्रोह का मुकदमा दर्ज



**नई दिल्ली।** जेएनयू की पूर्व छात्रा और कश्मीरी नेता शेहला रशीद पर दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने देशद्रोह का मुकदमा दर्ज किया है। शेहला पर यह गंभीर आरोप है कि उसने भारतीय सेना कि खिलाफ झूठी खबर फैलाई है। पुलिस ने शुक्रवार को कहा कि इन ट्वीट में उन्होंने आरोप लगाया था कि जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा वापस लिए जाने के बाद सशस्त्र बलों ने घाटी में आम नागरिकों को प्रताड़ित किया और घरों में तोड़फोड़ की। पुलिस ने बताया कि उन पर भारतीय सेना की छवि धूमिल करने की मंशा से फर्जी खबरें फैलाने का भी आरोप लगाया गया है।

### महाराष्ट्र में गणेश विसर्जन के दौरान छह की मौत

**मुम्बई।** महाराष्ट्र के नंदुरबार जिले में शुक्रवार को एक झील में गणेश विसर्जन के दौरान छह लोगों की डूबकर मौत हो गई। राज्य पुलिस मुख्यालय के एक अधिकारी ने यहां बताया कि वाढचिल गांव में साढ़े तीन बजे यह हादसा हुआ। अधिकारी के अनुसार जो लोग डूब गये हैं उनकी अबतक पहचान नहीं हो पायी है लेकिन बताया जाता है कि वे सभी एक ही परिवार के थे और उनकी उम्र 16 से 24 के बीच है।

### बलात्कार का आरोपी तैराकी कोच गिरफ्तार

**पणजी।** एक नाबालिग लड़की के बलात्कार के आरोपों का सामना कर रहे गोवा के बर्खास्त तैराकी कोच सुरजीत गांगुली को दिल्ली से गिरफ्तार कर लिया गया।

## नजरिया




# चांद पर चंद्रयान की दस्तक



**15 मिनट काफी तनाव भरे व चुनौतीपूर्ण**

- 1:30 से 2:30 बजे के बीच होगी साफ्ट लैंडिंग
- 3:55 लैंडर से रोवर बाहर निकलेगा
- 5:30 से 6:30 बजे रोवर चंद्रमा पर उतर जाएगा

**ये 3 बड़ी परेशानियां**

1. ढलान : विक्रम को उतारने के लिए 15 डिग्री से कम ढलान वाली जगह को चुना जाएगा। ज्यादा ढलान होने पर विक्रम को उतरते समय संतुलन बनाना मुश्किल हो सकता है।
2. बोल्डर : विक्रम जहां उतरेगा, वहां 0.5 मीटर से बड़े और 32 सेमी से बड़े पत्थर नहीं होने चाहिए। ऐसा हुआ तो वे न केवल लैंडिंग के समय बाधा बन सकते हैं, बल्कि संतुलन भी बिगाड़ सकते हैं।
3. साया : किसी बड़ी चट्टान, पहाड़ या ऊंची जगह के साये से भी विक्रम को बचाना होगा। कोशिश की जाएगी की उसे ज्यादा से ज्यादा समय सूर्य की रोशनी मिले। इससे मिशन की लाइफ बढ़ेगी।

भारत के अंतरिक्ष कार्यक्रम के लिए ऐतिहासिक दिन है। शनिवार तड़के डेढ़ से ढाई बजे चांद के दक्षिणी ध्रुव पर चंद्रयान- 2 उतरेगा। हर किसी को इस 'सॉफ्ट लैंडिंग' का बेसब्री से इंतजार है। विक्रम लैंडर की लैंडिंग का गवाह बनने के लिए खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसरो पहुंचे।

### इसरो पहुंचे पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ऑनलाइन क्विज प्रतियोगिता के जरिये इसरो द्वारा देशभर से चुने गये दर्जनों छात्र-छात्राएं, बड़ी संख्या में मीडिया कर्मियों और अन्य इसरो टेलीमेंट्री ट्रैकिंग एंड कमांड नेटवर्क के जरिये यहां इस ऐतिहासिक लम्हे का सीधा नजारा देखने इसरो पहुंचे गए हैं।

### 15 बाधाओं को किया पार

चंद्रयान-2 ने अपने 48 दिन के सफर में से लगभग 46 दिन पूरे कर लिए हैं। इस दौरान चंद्रयान-2 ने मिशन की 15 बड़ी बाधाओं को सफलतापूर्वक पार कर लिया है। ज्ञात हो कि 11 साल पहले चंद्रयान-1 ने चांद पर पहुंचकर वहां पर पानी की खोज की थी।

### साफ्ट लैंडिंग के लिए लगाए ये उपकरण

अंतरिक्ष एजेंसी ने बताया कि चांद की सतह पर 'सॉफ्ट लैंडिंग' सुनिश्चित करने के लिए मशीन में तीन कैमरे-लैंडर पोजीशन डिटेक्शन कैमरा, लैंडर होरिजोंटल विलोसिटी कैमरा और लैंडर हजार्डस डिटेक्शन एंड अवोयडेंस कैमरा लगे हैं। इसके साथ दो के ए बैंड-अल्टीमीटर-1 और अल्टीमीटर-2 हैं।

### 978 करोड़ लागत

इसरो ने अपने सबसे शक्तिशाली प्रक्षेपण यान जीएसएलवी मार्क-III एम 1 के जरिए 3,840 किलोग्राम वजनी 'चंद्रयान-2' को प्रक्षेपित किया था। इस योजना पर 978 करोड़ रुपये की लागत आयी है।

एजेंसी ⏭ बेंगलुरु

इस ऐतिहासिक पल से कुछ घंटे पहले भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) चीफ के सिवन ने कहा कि हम एक ऐसी जगह पर उतरने जा रहे हैं, जहां इससे पहले कोई नहीं गया था। हम सॉफ्ट लैंडिंग के बारे में आश्वस्त हैं। हम रात का इंतजार कर रहे हैं। चंद्रयान-2 का विक्रम लैंडर अगर सॉफ्ट लैंडिंग में कामयाब रहता है तो रूस, अमेरिका और चीन के बाद भारत ऐसी उपलब्धि हासिल करने वाला दुनिया का चौथा देश बन जाएगा। साथ ही भारत चांद के दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने वाला विश्व का पहला देश भी बन जाएगा। विक्रम लैंडर शुक्रवार-शनिवार की आधी रात एक से दो बजे के बीच चांद पर उतरने के लिए नीचे की ओर चलना शुरू करेगा और डेढ़ से ढाई बजे के बीच यह पृथ्वी के उपग्रह के दक्षिणी ध्रुव क्षेत्र में उतरेगा। प्रधानमंत्री मोदी खुद इस ऐतिहासिक लम्हे को देखने के लिए इसरो के बेंगलुरु केंद्र में मौजूद रहेंगे। उनके साथ 60-70 स्कूली बच्चे भी होंगे जिन्होंने क्विज प्रतियोगिता के जरिए लैंडिंग का सीधा प्रसारण देखने का मौका हासिल किया है।

### इसरो चीफ बोले- सॉफ्ट लैंडिंग कर रचेंगे इतिहास



इसरो के प्रमुख सिवन ने चंद्रमा पर चंद्रयान-2 के विक्रम लैंडर की सॉफ्ट लैंडिंग के 15 मिनट को आतंक के 15 मिनट के रूप में वर्णित किया है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए एक दिलों को थामने वाला (भयानक) क्षण होगा। सबकी निगाहें उसकी लैंडिंग पर टिकी होंगी। टेलीमेट्री पैरामीटर हमें बताता रहेगा कि हम सही दिशा में जा रहे हैं, मगर साथ ही अगले ही पल क्या होगा, इस बारे में बहुत घबराहट होगी।

### कृत्रिम बुद्धिमत्ता से है लैस



रोवर 27 किलोग्राम वजनी छह पहिया रोबोटिक वाहन है जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता से लैस है। इसका नाम 'प्रज्ञान है जिसका मतलब 'बुद्धिमत्ता से है। यह 'लैंडिंग स्थल से 500 मीटर तक की दूरी तय कर सकता है और यह अपने परिचालन के लिए सौर ऊर्जा का इस्तेमाल करेगा। यह लैंडर को जानकारी भेजेगा और लैंडर बेंगलुरु के पास ब्यालुु स्थित इंडियन डीप स्पेस नेटवर्क को जानकारी प्रसारित करेगा।

# मुफ्त मेट्रो यात्रा पर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली सरकार को लगाई फटकार

**कहा- मुफ्त की रेवड़ियां देने से गुरेज करें**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार को सुप्रीम कोर्ट ने कड़ी फटकार लगाई है। दरअसल, राजधानी में महिलाओं को मेट्रो में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने की दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर शुक्रवार को कोर्ट ने गंभीर सवाल खड़े किए। कोर्ट ने इस तरह मुफ्त यात्रा और रियायत देने पर कहा कि इससे दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन को घाटा हो सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने सख्त लहजे में कहा कि दिल्ली सरकार को जनता के पैसे से इस तरह की मुफ्त रेवड़ियां देने से गुरेज करना चाहिए। साथ ही कोर्ट ने चेतावनी भी दी है कि वह उसे ऐसा करने से रोक सकती है क्योंकि कोर्ट अधिकारविहीन नहीं हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जून के महीने में ऐलान किया था कि उनकी सरकार राजधानी में मेट्रो और बसों में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने पर विचार कर रही है और उसकी योजना दो-तीन महीने के भीतर इसे लागू करने की है।



- महिलाओं को मेट्रो में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने की दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पर कोर्ट ने गंभीर सवाल खड़े किए

### घाटे की भरपाई दिल्ली सरकार करेगी

कोर्ट ने साथ ही निर्देश दिया कि मेट्रो के चौथे चरण की 103.94 किलोमीटर लंबी परियोजना के संचालन घाटे की भरपाई दिल्ली सरकार करेगी क्योंकि परिवहन का यह साधन राष्ट्रीय राजधानी में आवागमन के लिए है। पीठ ने निर्देश दिया कि इस परियोजना के लिए भूमि की कीमत केंद्र और दिल्ली सरकार को 50:50 के अनुपात में वहन करनी होगी।

**एयरसेल-मैक्सिस मामला**

# चिदंबरम के खिलाफ सुनवाई अनिश्चितकाल के लिए स्थगित

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



- जज ने कहा- जांच पूरी हो जाए तो आ जाना


दिल्ली की एक अदालत ने पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम और उनके बेटे कार्ती से जुड़े एयरसेल-मैक्सिस मामले में सुनवाई अनिश्चित काल के लिए शुक्रवार को स्थगित करते हुए कहा कि सीबीआई और ईडी बार-बार स्थगन मांग रहे थे। विशेष न्यायाधीश ओपी सैनी ने बिना कोई तारीख बताए सुनवाई स्थगित करते हुए कहा कि जब भी जांच पूरी हो जाये तो अभियोजन पक्ष अदालत का रुख कर सकता है। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष तारीख पर तारीख मांग रहा है। मामले को अनिश्चितकाल तक स्थगित किया जाता है। जब भी जांच पूरी हो जाए और उन्हें विभिन्न देशों से लेटर्स रोगेटरी प्राप्त हो जाएं तो अभियोजन पक्ष अदालत का रुख कर सकता है।

### किसी को नहीं मिली मिलने की अनुमति

कांग्रेस नेताओं का एक प्रतिनिधि मंडल शुक्रवार को पूर्व केंद्रीय वित्त मंत्री पी चिदंबरम से मिलने के लिए तिहाड़ जेल पहुंचा, लेकिन उन्हें कांग्रेस के वरिष्ठ नेता से मिलने नहीं दिया गया क्योंकि निर्धारित समय खत्म हो गया था।

**विदेशी मुद्रा विनिमय कानून के कथित उल्लंघन मामला**

# जेट के संस्थापक नरेश से ईडी ने की पूछताछ




- एजेंसी ने पिछले महीने ही गोयल के परिसरों में चलाया था तलाशी अभियान

**मुंबई।** जेट एयरवेज के संस्थापक नरेश गोयल से प्रवर्तन निदेशालय ने शुक्रवार को पूछताछ की। अधिकारियों ने बताया कि उनसे यह पूछताछ विदेशी मुद्रा विनिमय कानून के कथित उल्लंघन मामले में की गयी है। एजेंसी ने पिछले महीने ही गोयल के परिसरों में तलाशी अभियान चलाया था उसके बाद यह पहली दफा है जब केंद्रीय जांच एजेंसी ने उनसे पूछताछ की है। अधिकारियों ने बताया कि यहां निदेशालय के क्षेत्रीय कार्यालय में विदेशी मुद्रा विनिमय प्रबंधन कानून (फेमा) के प्रावधानों के तहत गोयल का बयान दर्ज किया गया। निदेशालय ने 23 अगस्त को गोयल के मुंबई स्थित आवास, उनके समूह की कंपनियों, उनके निदेशकों और जेट एयरवेज के कार्यालयों समेत दर्जनभर ठिकानों की तलाशी ली थी।

### 19 निजी कंपनियां पकरायी हुई थीं पंजीकृत

एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि गोयल समूह ने 19 निजी कंपनियां पंजीकृत करायी हुई थीं। इसमें से पांच का पंजीकरण विदेश में कराया गया है। इन कंपनियों के खिलाफ बिक्री, वितरण और परिचालन खर्च की आड़ में संदिग्ध लेनदेन के कथित आरोपों की जांच कर रही है।

## फिट इंडिया मूवमेंट



नई दिल्ली में शुक्रवार को संसद भवन में 'फिट इंडिया मूवमेंट' में भाग लेते लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला, सांसद और स्टाफ सदस्य।

### सुप्रीम कोर्ट यूएपीए की वैधता पर सुनवाई को तैयार, केंद्र से जवाब मांगा



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट शुक्रवार को गैरकानूनी गतिविधि (रोकथाम) संशोधन कानून 2019 (यूएपीए) की वैधता पर सुनवाई के लिए राजी हो गया। नए कानूनी प्रावधानों को चुनौती देने वाली दो याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए चीफ जस्टिस रंजन गोगोई ने केंद्र को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। यूएपीए कानून के तहत सरकार को किसी भी व्यक्ति को आतंकी घोषित करने का अधिकार है। याचिकाओं में कहा गया है कि ये संशोधन नागरिकों के मौलिक आधिकारों का उल्लंघन करते हैं और एजेंसियों को लोगों को आतंकवादी घोषित करने की ताकत प्रदान करते हैं।

**आईजीआई के टर्मिनल 3 में हुई प्रणाली का ट्रायल शुरू**

# विस्तारा की फ्लाइट है तो चेहरा पहचान कर मिलेगा प्रवेश

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली




इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय (आईजीआई) एयरपोर्ट से विस्तारा एयरलाइन के जरिये विमान यात्रा करने वालों के लिए टर्मिनल 3 से शुक्रवार से बायोमीट्रिक इनेबल्ड सीमलैस ट्रेवल (बीईएसटी) प्रणाली शुरू हुई। इसके तहत फेस रिकग्निशन टेक्नोलॉजी (चेहरे की पहचान) की मदद से यात्रियों को प्रवेश मिलेगा। यानी यात्री को एयरपोर्ट में प्रवेश, सुरक्षा जांच और विमान बोर्डिंग समेत सभी जगह पहचान पत्र दिखाने की जरूरत नहीं होगी। तीन महीने के ट्रायल के लिए अभी विस्तारा एयरलाइन के लिए लागू होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए टिकट की हार्ड या सॉफ्ट कॉपी, दोनों में कोई भी एक। कोई भी मान्य पहचान पत्र जैसे आधार, ड्राइविंग लाइसेंस, वोटर आई, पासपोर्ट आदि ले जाना अनिवार्य होगा।

### एंट्री गेट से पहले बनाई गई हेल्प डेस्क

एयरपोर्ट पर एंट्री गेट से पहले एक हेल्प डेस्क बनाई गई है। विस्तारा से जाने वाले पैसेंजर वहां अपना टिकट और मान्य पहचान पत्र लेकर जाएंगे। दोनों की जांच के बाद यात्री का कैमरे से फेस रिकग्निशन कर यूनीक आईडी बनाई जाएगी। इसी डेस्क पर सीआईएसएफ के जवान यात्री के चेहरे का मिलान कर पुष्टि करेंगे। इसके बाद इसे कम्प्यूटर में सेव कर दिया जाएगा। यह फोटो वाला यूनीक आईडी एंट्री गेट, चेक इन गेट और बोर्डिंग गेट पर सर्वर की मदद से चला जाएगा, जहां कैमरे लगे हैं। उसके बाद यात्री को एयरपोर्ट में कहीं भी आईडी नहीं दिखानी होगी।

### सफल होने पर दूसरे एयरपोर्ट पर भी लागू होगी प्रणाली

अगर यह प्रयोग कामयाब रहा, तो इसे देश के अन्य एयरपोर्ट पर लागू किए जाने की योजना है। दिल्ली इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (डायल) के प्रवक्ता ने बताया कि इससे चेक-इन से लेकर सुरक्षा जांच में लगने वाला टाइम कम होगा। इस प्रणाली में पंजीकरण के लिए यात्रियों से सहमति ली जाएगी। डीजी यात्रा कार्यक्रम के पहले चरण के तहत इस प्रणाली का ट्रायल हैदराबाद के राजीव गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर जुलाई में शुरू हो चुका है।

# करतारपुर जाने वाले श्रद्धालुओं को दो कैटिगरी में बांटेगा पाक



- पहली कैटगरी में केवल भारतीय श्रद्धालु होंगे
- दूसरी श्रेणी में दुनिया के बाकी हिस्सों से आने वाले श्रद्धालु होंगे
- भारतीय सिखों के साथ भेदभाव करने चली नई चाल!

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान ने करतारपुर तीर्थस्थल आने वाले भारतीय सिखों के साथ भेदभाव के लिए नई चाल चली है। पाक सरकार ने करतारपुर में मौजूद सिखों के तीर्थस्थल दरबार साहिब गुरुद्वारा आने वाले श्रद्धालुओं को दो कैटिगरी में बांटने का फैसला किया है। पहली कैटिगरी में केवल भारतीय श्रद्धालु शामिल होंगे जबकि दूसरी श्रेणी दुनिया के बाकी हिस्सों से आने वाले श्रद्धालुओं की होगी। डॉन अखबार में शुक्रवार को प्रकाशित रिपोर्ट के मुताबिक, विदेश मंत्रालय ने ऑनलाइन वीजा सिस्टम में धार्मिक पर्यटन कैटिगरी जोड़ने का फैसला किया है। रिपोर्ट के मुताबिक,विदेश मंत्रालय ने दो अलग-अलग तरह की वीजा कैटिगरी तय की है, एक भारत से आने वाले सिख श्रद्धालुओं के लिए होगी और दूसरी विश्व के बाकी हिस्से से आने वालों के लिए।

## 500 लोगों से ठगी करने वाला आरोपी गिरफ्तार

# लुभावनी योजनाओं में फंसाकर लोगों को लगाया करोड़ों का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

आर्थिक अपराध शाखा ने करोड़ों की ठगी करने वाले मास्टरमाइंड को गिरफ्तार किया है। इस पर पोंजी स्कीम के तहत करीब 500 लोगों को जाल में फंसाकर चूना लगाने का आरोप है। गिरफ्तार किये गये शख्स का नाम संजीव कुमार है। पुलिस ने इसे शुक्रवार को गाजियाबाद इलाके से गिरफ्तार किया। एडिशनल सीपी ओ पी मिश्रा के अनुसार आरोपी शख्स के खिलाफ तीन अप्रैल 2018 को केस दर्ज किया गया था। आरोपी ने अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर लोगों से अलग-अलग पोंजी स्कीम के तहत इंवेस्ट करवाया और करोड़ों बटोरकर बाद में अंडरग्राउंड हो गया था। कई लोगों ने इस संबंध में पुलिस में शिकायत की थी। जांच करने पर पता चला कि आरोपियों का शिकार करीब 500 लोग हुये हैं। आरोपी संजीव बागपत जिले के छपरौली थानाक्षेत्र के रठौड़ा गांव का रहने वाला है। ओपन से 10वीं और 12वीं करने के बाद इग्नू से ग्रेजुएशन किया। अक्टूबर 2005 से मार्च 2015 तक उसने मिनिस्ट्री ऑफ फर्टीलाइजर में डाटा एंट्री ऑपरेटर के तौर पर कार्य किया। 2009-10 में उसने कमेटी डालने से अपना नया धंधा शुरू किया था। पहले दोस्तों, पड़ोसियों और ऑफिस स्टाफ को कमेटी में शामिल किया गया था। इसके साथ ही वह तीन प्रतिशत के रेट पर लोगों को पैसा भी देता था। इसी दौरान इसने साई फाइनेंस नामक कंपनी खोली। यह कंपनी कहीं पर भी रजिस्टर्ड नहीं करवाई गई थी।






### इंवेस्ट करते रहे लोग, नहीं मिला कोई इनाम

आरोपी सबसे पहले 100 लोगों की स्कीम लेकर आया। सभी से पांच हजार रुपये पांच महीनों तक इंवेस्ट करवाये गये। छठें महीने लक्की ड्रा में नैनो कार या फिर 1 लाख 20 हजार रुपये देने का वादा किया गया था। इसके बाद हर महीने वाली स्कीम शुरू की जिसमें सदस्यों को 50 हजार से 90 हजार तक का 99 महीनों तक इनाम देने का वादा किया था। लोग इसकी स्कीम में इंवेस्ट करते चले गये लेकिन किसी को कोई इनाम नहीं मिला। इसी प्रकार आरोपी ने 500 लोगों की दूसरी स्कीम के तहत हर व्यक्ति से 2 हजार रुपये लिये। इसके तहत हर महीने लक्की ड्रा किया जाना था और इनाम राशि थी 50 हजार रुपये। ठगों ने हर महीने 10 उत्साहवर्धक ड्रा का भी झांसा दिया जिसमें हर मेंबर को 2 हजार का इनाम मिलना तय हुआ था। इन सभी स्कीम में आरोपी ने लोगों से करोड़ों रुपये ठगे और फरार हो गया। पुलिस ने शुक्रवार को इसे कोर्ट में पेश किया जहां से उसे तीन दिनों के पुलिस रिमांड पर भेजा गया है।

## नई दिल्ली स्टेशन पर चंडीगढ़-कोचुवेली एक्सप्रेस के इंजन में लगी आग



**नई दिल्ली।** नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से रवाना हो रही चंडीगढ़-कोचुवेली एक्सप्रेस के पीछे वाले इंजन (जनरेटर कार) में शुक्रवार को आग लग गई। रेलवे के एक प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। उत्तर रेलवे के प्रवक्ता दीपक कुमार ने कहा कि इस घटना में कोई यात्री हताहत नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि 12218 चंडीगढ़-कोचुवेली एक्सप्रेस के पीछे वाले इंजन में करीब एक बजकर 40 मिनट पर आग लग गई। उन्होंने बताया कि यह हादसा उस वक्त हुआ जब ट्रेन प्लेटफार्म संख्या आठ से रवाना हो रही थी। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि आग बुझा ली गई है। मौके पर दमकल की 12 गाड़ियों को भेजा गया।

## खबर संक्षेप

### बच्चा चोर समझकर दो युवकों को पीटा

नई दिल्ली। हौजकाजी इलाके में शुक्रवार सुबह लोगों ने दो युवकों को बच्चा चोर समझकर बुरी तरह पीट दिया। कुछ अनहोनी से पहले ही कुछ जिम्मेदार लोग वहां पहुंच गये और उन्होंने दोनों युवकों को भीड़ के चंगुल से छुड़ाकर पुलिस को कॉल कर दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में लिया और थाने ले आई। पूछताछ के बाद दोनों को छोड़ दिया गया। दोनों युवकों के नाम पंजाब के भटिंडा निवासी समरजीत सिंह (22) और करण (26) है। दोनों पार्टनर हैं और भटिंडा में रेहड़ी पर चाऊमिन बनाकर बेचते हैं। वह ट्रेन से दिल्ली गैस चुल्हा व अन्य सामान खरीदने के लिए आए थे। पुलिस का कहना है कि पूछताछ की गई तो कोई ऐसा शख्स सामने नहीं आया जिसने उन्हें किसी बच्चे के आसपास भी देखा हो। दोनों युवकों का रिकॉर्ड भी साफ मिला है। पुलिस ने देर शाम दोनों को थाने से छोड़ दिया।

### लापता युवक का शव सड़ी गली हालत में मिला

**नई दिल्ली।** विवेक विहार थाना इलाके में लापता युवक का शव चार दिनों बाद सड़ी गली हालत में पार्क से मिला। मृतक का नाम मंदीप सिंह (19) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। परिजनों ने हत्या का शक दो पड़ोसियों पर लगाया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस एक संदिग्ध को हिरासत में लेकर मामले की छानबीन कर रही है। पुलिस के मुताबिक, मंदीप कस्तूरबा नगर इलाके में सपरिवार रहता था। परिवार में माता-पिता व एक छोटा भाई है। वह एक दुकान पर एसी ठीक करने का काम करता था। गत दो सितंबर शाम करीब 7:30 बजे वह खाना खाकर घर के बाहर रोड पर जाकर बैठा था। रात करीब 10 बजे से वह लापता हो गया। देर रात तक वह जब घर नहीं लौटा तो परिजनों ने उसे तलाशा। मगर उसका कुछ पता नहीं चला। इसके बाद परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की शिकायत थाने में दर्ज कराई। शुक्रवार को झिलमिल स्थित चिल्ड्रन पार्क के सामने वाले पार्क में उसका शव सड़ी गली हालत में बरामद हुआ।

# दोस्तों ने चाकू घोंपकर की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

भलस्वा डेयरी थाना इलाके में दोस्तों ने झगड़े के चलते चाकू घोंपकर अपने ही दोस्त की हत्या कर दी। मृतक का नाम नवीन (28) है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। डीसीपी (आउटर-नॉर्थ) गौरव शर्मा ने बातया कि झगड़े में दोस्तों ने वारदात को अंजाम दिया है। आरोपियों की पहचान कर ली गई है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश में जुट गई है। जानकारी के मुताबिक, नवीन भलस्वा डेयरी इलाके में सपरिवार रहता था। नवीन निजी कंपनी में काम करता था। भलस्वा डेरी पुलिस को सूचना मिली कि एक युवक पर कुछ लड़कों ने चाकू से हमला कर दिया है। सूचना मिलते ही पुलिस घायल को लेकर बाबू जगजीवन राम अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में मृतक की शिनाख्त नवीन के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि मृतक नवीन की अपने दोस्त आकाश, छोटू, अजय और सोनू से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। इस दौरान आरोपियों ने उसकी बुरी तरह पिटाई की। बाद में उस पर चाकू से ताबड़तोड़ हमले कर दिये। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए।

वारदात की सूचना परिवार को उसके किसी जानकार ने दी थी। पुलिस फरार आरोपियों के घरवालों से उनके ठिकानों के बारे में पूछताछ कर छापेमारी कर रही है।



- पुलिस आरोपियों की तलाश में कर रही है छापेमारी

## घर के बाहर डॉगी टहला रहे युवक को उतारा मौत के घाट

- वारदात का एक वीडियो सोशल मीडिया पर हो रहा है वायरल
- स्कूटी सवार बदमाशों ने दिया वारदात को अंजाम

नई दिल्ली। अमन विहार थाना इलाके में बृहस्पतिवार रात बाइक सवार बदमाशों ने घर के बाहर डॉगी टहला रहे एक युवक पर ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस खून से लथपथ युवक को लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक का नाम पुष्कर (25) है। इस वारदात से जुड़ी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस को मौके से चार से पांच कारतूस के खोके मिले है। शुरूआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि आपसी रंजिश के चलते हत्या की गई। पुलिस हत्या का मामला दर्ज कर हर एंगल से मामले की जांच कर रही है। पुलिस घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल बदमाशों की पहचान करने का प्रयास कर रही है। जानकारी के मुताबिक, पुष्कर, अमन विहार में सपरिवार रहता था। परिवार में मां-पिता के अलावा अन्य सदस्य है। पुष्कर फोटोग्राफी का काम करता था। पुष्कर देर रात करीब 10:30 बजे घर के बाहर अपने डॉगी को टहला रहा था। इसी दौरान एक स्कूटी पर सवार दो बदमाश आये। वह पुष्कर से किसी बात को लेकर कहासुनी करने लगे। इससे पहले पुष्कर कुछ समझ पाता बदमाशों ने उस पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। गोली की आवाज सुनकर पुष्कर के परिजन व आसपास के लोग घर से बाहर आ गए। उन्होंने देखा कि पुष्कर खून से लथपथ हालत में जमीन पर पड़ा हुआ है। परिजनों ने तुरंत मामले की जानकारी पुलिस को दी। उसे गंभीर हालत में अस्पताल ले जाया गया। उसे मृत घोषित कर दिया गया। पुष्कर के चाचा ने बताया कि उसकी किसी से कोई दुश्मनी नहीं थी और ना ही किसी से आपसी रंजिश थी। पुलिस वायरल वीडियो व सीसीटीवी की मदद से आरोपियों तक पहुंचने की कोशिश कर रही है।

## शोरूम के ट्रायल रूम में कैमरा, केस दर्ज

नई दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के ग्रेटर कैलाश पार्ट-1 के एक कपड़ों के शोरूम में ट्रायल रूम के भीतर कैमरे लगे होने का मामला सामने आया है। एक महिला की शिकायत के बाद शोरूम मालिक के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। हालांकि अभी किसी की गिरफ्तारी नहीं की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मिली जानकारी के मुताबिक शिकायतकर्ता महिला अपने परिवार के साथ न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी में रहती है। बीते दिनों वह ग्रेटर कैलाश के एम ब्लॉक में खरीदारी करने के लिए गई थी। वह जब एक कपड़ों के शोरुम में पहुंची तो वहां कोई महिला कर्मचारी नहीं थी और ना ही कोई ग्राहक था। कुछ कपड़े पसंद करने के बाद जब वहां मौजूद कर्मचारियों से ट्रायल रुम के बारे में पूछा तो कर्मचारियों ने उसे एक कमरे में भेज दिया। वह कपड़ों का ट्रायल ले ही रही थी तभी एक महिला कर्मचारी वहां पहुंची और उसने बताया कि यह कमरा ट्रायल रुम नहीं है। यह सुनकर महिला हैरान रह गई। उसने देखा कि कुछ तार अलग प्रकार से लगे हुये हैं। कपड़े बदलने के बाद जब वह बाहर निकली तो उसने शोरूम मालिक से सभी कैमरों की फुटेज देखने की बात कहीं। इस पर शोरुम के मालिक ने उसे कहा कि कुछ भी रिकॉर्ड नहीं हुआ है। उसने फुटेज दिखाने से भी इंकार कर दिया, जिसके बाद महिला ने पुलिस से शिकायत कर दी।


## अपहृत/गुमशुदा की तलाश



लाडो

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः लाडो, पुत्रीः बदरी, पताः** झुग्गी नं. 167, एफ–ब्लॉक, मंगोलपुरी, दिल्ली जोकि दिनांक **16.08.2019** से थाना मंगोलपुरी, दिल्ली क्षेत्र से अपहृत/लापता है। इस संदर्भ में **FIR No. 819/19 u/s 363 IPC dated 20.08.2019** को थाना मंगोलपुरी, दिल्ली में अपहृत/लापता की रिर्पोट दर्ज है। जिसका ब्यौरा इस प्रकार है। **उम्रः** 15 साल, **कदः** 5 फुट, **चेहराः** गोल, **रंगः** सांवला, पहचानः दोनो हाथों के उंगलियों पर "डॉट–डॉट" के टैटू का निशान, **पहनावाः** लाल रंग की कमीज–पैटिकोट एवं पैरों में चप्पल पहन रखी है। पुलिस के भरसक प्रयास के बावजूद अभी तक इस लड़की का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जिस व्यक्ति के पास इस लड़की के बारे में कोई जानकारी हो तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

वेबसाइटः **http//cbi.nic.in**
ई–मेल - **cic@cbi.gov.in**
फोनः **011-24368638, 24368641**
फैक्स नं. **011-24368639**
**DP/2633/OD/19**

थानाध्यक्ष
थानाः मंगोलपुरी, दिल्ली
फोन नं: **011-27922186, 7065036121**



## FIRST CAPITAL INDIA LIMITED

**Regd. Office:** 11th Floor, Narain Manzil, 23, Barakhamba Road, New Delhi - 110001
**Phone No.** 011-43621200 **Fax No.** 011-41501333
**CIN:** U74899DL1994PLC057651 **E-mail id:** nghai@landmarkholdings.in

**NOTICE**

The 25th Annual General Meeting of the Company will be held on Monday, September 30, 2019 at 10:00 a.m. at 4th Floor, Statesman House, Barakhamba Road, New Delhi-110001. Pursuant to the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended, the Company is offering to its members facility to exercise their right to vote on resolutions proposed to be passed at the Annual General Meeting by electronic means and the member may cast their votes using an electronic voting system from a place other than the venue of the meeting (remote e-voting). The detailed communication relating to remote e-voting inter-alia containing User ID and password along with the copy of Notice has been dispatched to the members in the permitted mode. The Company has engaged the Services of Central Depository Services (India) Limited (CDSL) as the Authorized Agency to provide e-voting facilities. The remote e-voting facility shall commence on September 27, 2019 from 9:00 a.m. (IST) and end on September 29, 2019 at 5:00 p.m (IST). The remote e-voting shall not be allowed beyond the said date and time. A person, whose name appears in the register of Members/Beneficial owners as on the cut-off date i.e 24th September, 2019, only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the meeting. Any person who becomes member of the Company after dispatch of AGM notice and holding shares as on the cut-off date i.e 24th September, 2019, may obtain the User ID and password by sending a request to M/s Link Intime India Private Limited, Noble Heights,1st Floor, Plot No. NH-2, LSC, Block, Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi-110058, Contact no.: 011-41410592. The members who have cast their vote by remote e-voting may attend the meeting but shall not be entitled to cast their vote again. The facility for voting through polling paper shall also be made available at the Meeting and the members attending the Meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the Meeting.

In case of any queries/ issues relating to e-voting, the members/ Beneficial owners may contact at M/s Link Intime India Private Limited, Noble Heights,1st Floor, Plot No. NH-2, LSC, Block, Near Savitri Market, Janakpuri, New Delhi-110058, Contact no.: 011-41410592.

**By Order of the Board**
**Sd/-**
**(Madhushree Nandi)**
**Company Secretary**
**M.No.: A49829**

**Place: New Delhi**
**Dated: 06.09.2019**


# टीडीआई मॉल में डीसीडब्ल्यू के छापे से पहले ही भागे स्पा मालिक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल के नेतृत्व में आयोग की टीम ने शुक्रवार को राजौरी गार्डन के टीडीसी मॉल में छापा मारा जहां 35 से अधिक स्पा सेंटर मिले। हालांकि स्पा मालिकों को छापे की जानकारी मिलने से वह अपना स्पा बंद कर वहां से भाग गए थे। जिस समय स्वाति मालीवाल ने टीडीआई मॉल में प्रवेश किया और पुलिस को बुलाया, तुरंत स्पा मालिकों को सूचना मिल गयी और अधिकांश ने अपने स्पा को बंद कर दिया और चले गए। शेष बचे हुए स्पा में यह पाया गया कि कुछ स्पा सेंटर अभी भी बिना लाइसेंस के चल रहे थे। इसके अलावा सभी स्पा में रजिस्टर थे जिनमें यह स्पष्ट रूप से देखा गया कि केवल पुरुष ही ग्राहक हैं और केवल महिलाओं द्वारा ही मालिश की जाती है। डीसीडब्ल्यू का दिल्ली में स्पा सेंटरों का निरीक्षण शुक्रवार को तीसरे दिन भी जारी रहा।

### 181 पर खूब आ रही हैं शिकायतें : स्वाति

दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने कहा कि दिल्ली में स्पा के खिलाफ आयोग की हेल्पलाइन 181 पर खूब कॉल आ रही हैं। स्वाति ने ट्वीट कर कहा कि हम जहां जा रहे हैं, लाइन से स्पा बंद हो रहे हैं। पंजाबी बाघ के पर्फेक्ट स्पा पहुँचे। लाइसेन्स तक न था। बहुत से स्पा डर के दुकान बंद कर भाग गये। पुलिस और एमसीडी अगर अपना काम करें, तो दिल्ली के सब स्पा बंद हो जाएं। कब तक हाथ धरे बैठेंगे।



- मॉल में चल रहे थे 35 से अधिक स्पा सेंटर

# नशे में धुत ट्रैफिक पुलिसकर्मी ने पुलिस महकमें को किया शर्मसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- जिले के डीसीपी को नहीं है घटना के बारे में जानकारी
- एडिशनल पीआरओ ने बताया पुलिसकर्मी को किया जा चुका है सस्पेंड
- सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है वीडियो

दिल्ली पुलिस कमिश्नर अमूल्य पटनायक अपने महकमे को सुधारने के लिए नए-नए एडवाइजरी जारी करते रहते हैं। बावजूद इसके पुलिसकर्मी सुधरने का नाम तक नहीं ले रहा है। सोशल मीडिया पर एक ऐसा वीडियो वायरल हो रहा है, जिसने पूरे पुलिस महकमे के साथ-साथ दिल्ली वासियों को भी शर्मसार कर दिया है। वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी एक निजी स्कूल के आगे सरेराह पेशाब कर रहा है। इतना ही नहीं वह नशे में पूरी तरह धुत है। वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। मामले में हैरान कर देने वाली बात यह है कि घटना के बारे में जिले के डीसीपी को कुछ पता नहीं है कि पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है। डीसीपी (रोहिणी) एसडी मिश्रा ने बताया कि 100 नंबर पर कॉल ही नहीं की गई है। उन्हें इस बारे में कोई जानकारी नहीं है। वहीं, दिल्ली पुलिस के एडिशनल पीआरओ अनिल मित्तल ने बताया कि यह घटना बवाना इलाके की है। इस मामले में कार्रवाई की जा चुकी है। पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है। बता दे कि वीडियो में एक ट्रैफिक पुलिसकर्मी सेक्टर-17, रोहिणी स्थित एक निजी स्कूल के सामने पुलिस यूनिफॉर्म में पेशाब करता नजर आ रहा है। इस दौरान वह एक कार के पास खड़ा है। पुलिसकर्मी नशे में इतना धुत है कि उसे इस बात का पता ही नहीं है कि कोई उसका वीडियो भी बना रहा है। वीडियो बनाने वाले शख्स ने बाद में इसको सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला संज्ञान में आने के बाद पुलिसकर्मी को सस्पेंड कर दिया गया है।


## एन्चेन्टे ज्यूलरी लिमिटेड

enchanté FINE JEWELLERY

**CIN:** L74899HR1995PLC032759
प्लॉट # 3 व 4, उद्योग विहार, फेज–IV, गुड़गांव, हरियाणा–122015
**Website:** www.enchantejewellery.co.in., **E-mail ID:** enchante@enchantejewellery.co.in

**सार्वजनिक सूचना**

**वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर और ई–वोटिंग सूचना**

1. 31 मार्च 2019 को समाप्त वर्ष हेतु वार्षिक रिपोर्ट सहित सदस्यों को भेजी जा रही सूचना में विनिर्दिष्ट बिजनेस का सम्पादन करने के लिये एन्चेन्टे ज्यूलरी लिमिटेड के सदस्यों की 33वीं वार्षिक सामान्य बैठक सोमवार 30 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 9.30 बजे प्लॉट नं. 3 व 4, उद्योग विहार, फेज-IV, गुड़गांव, हरियाणा-122015 में आयोजित की जाएगी। इसके अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् www.enchantejewellery.co.in पर भी उपलब्ध है। उपरोक्त दस्तावेज वार्षिक सामान्य बैठक की तिथि तक किसी भी कार्यदिवस को कार्य समय के दौरान कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में सदस्यों के लिये निरीक्षण हेतु खुले हैं।
2. कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 91 और सूचीकरण अनुबंध के खण्ड 16 के तहत कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स, 24 सितम्बर 2019 से 30 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे। कम्पनी ने किसी लाभांश की अनुशंसा नहीं की है।

ए) कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 और कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) संशोधित नियमों, 2015 के नियम 20 और सूचीकरण अनुबंध के खण्ड 35बी के प्रावधानों की अनुपालना में, कम्पनी एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सभी प्रस्तावों पर सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड द्वारा उपलब्ध करवाई गई ई–वोटिंग सेवाओं के माध्यम से इलैक्ट्रोनिकली अपना मत देने के लिये इसके सदस्यों को सुविधा प्रदान कर चुकी है।

बी) ई–वोटिंग के प्रारम्भ होने व समाप्त होने की तिथि व समय :
प्रारम्भ : शुक्रवार, 27 सितम्बर 2019 (पूर्वा. 10.00 बजे) समापन रविवार, 29 सितम्बर 2019 (अप. 5.00 बजे)

सी) कट ऑफ तिथि : मतदान के प्रयोजन हेतु शनिवार 23 सितम्बर 2019 को कार्य समय की समाप्ति

डी) ई–वोटिंग मॉड्यूल रविवार 29 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे के पश्चात् मतदान हेतु अयोग्य कर दिया जाएगा। एक बार किसी सदस्य द्वारा किसी प्रस्ताव पर मत दे दिया जाता है तो उसको तदोपरांत इसे परिवर्तित करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। जो सदस्य इलैक्ट्रोनिकली अपना मत नहीं दे चुके हैं, एजीएम में अपने मतदान अधिकारों का प्रयोग कर सकता है।

जो सदस्य बैठक से पूर्व ई–वोटिंग द्वारा अपना मत दे चुके हैं, एजीएम में उपस्थित भी रह सकते हैं ; यद्यपि वे सदस्य दोबारा अपना मत देने के लिये हकदार नहीं होंगे। जिन सदस्यों के नाम कट ऑफ तिथि अर्थात् 23 सितम्बर 2019 के अनुसार डिपॉजिटरीज द्वारा मैनटेन किये गये लाभकारी मालिकों के रजिस्टर में अथवा सदस्यों के रजिस्टर में दर्ज हैं, केवल वे ही एजीएम में मतदान / ई–वोटिंग जैसा भी मामला हो की सुविधा का लाभ उठाने के हकदार होंगे।

जो निवेशक सूचना के प्रेषण के उपरांत कम्पनी का सदस्य बनते हैं और कट ऑफ तिथि अर्थात् शनिवार 23 सितम्बर 2019 के अनुसार शेयरधारण करते हैं, से आग्रह किया जाता है कि ई–मेल हेतु यूजर आईडी और पासवर्ड प्राप्त करने के लिये अपने विवरण अर्थात् डीपी आईडी, क्लाइंट आईडी / फोलियो नं. सहित ई–मेल आईडी enchante@enchantejewellery.co.in पर श्री विवेक कुमार को लिखित / ई–मेल द्वारा कम्यूनिकेशन भेजें।

ई–वोटिंग के सम्बन्ध में किसी पूछताछ/स्पष्टीकरण/शिकायत हेतु सदस्य श्री पवन मेहरा से ई–मेल आईडी : pawanmehra67@hotmail.com कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय में सम्पर्क नं. 0124-2343250 (लैंडलाइन नं.) पर सम्पर्क कर सकते हैं।

बोर्ड के आदेशानुसार
एन्चेन्टे ज्यूलरी लिमिटेड
हस्ता/- सी.एल. मेहरा
निदेशक

दिनांक : 08 सितम्बर, 2019
स्थान : गुड़गांव


## अभी भी हेलमेट लगाना पसंद नहीं कर रहे लोग

# दिल्ली में हर रोज चार हजार लोगों के कट रहे चालान

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

- ड्रंकन ड्राइविंग के मामलों में आई कमी
- एक सितंबर को न्यू एक्ट के तहत 3900 वाहन चालकों के काटे गए थे चालान



दिल्ली में मोटर वाहन (संशोधित) बिल लागू होने के बाद ड्रंकन ड्राइविंग के मामलों को छोड़कर अन्य यातायात नियमों के उल्लघंन करने वालों की संख्या में कोई खास कमी नहीं आई। एक सितंबर को इस एक्ट के लागू होने के पहले दिन रविवार को 3900 वाहन चालकों के चालान काटे गए थे। इसके बाद हर रोज करीब चार हजार वाहनों के चालान का औसत आ रहा है। बढ़ी राशि के बावजूद भी लोग हेलमेट लगाना पसंद नहीं कर रहे। सबसे अधिक बिना हेल्मेट के वाहन चलाने वालों के ही चालान काटे जा रहे हैं। दिल्ली पुलिस के अतिरिक्त प्रवक्ता अनिल मित्तम ने जानकारी दी कि शराब पीकर वाहन चलाने के आरोप में पहले पांच दिनों में 254 चालकों के चालान कटे। साथ ही बिना सीट बेल्ट के वाहन चलाने वालों के चालान का आंकड़ा 1229 रहा। इसी प्रकार खतरनाक तरीके से वाहन चालाने के आरोप में 1527 वाहन चालकों के चालान कटे। रेड लाइट जंप करने वालों का आंकड़ा 2698 रहा। इसके अलावा भी अन्य प्रकार के चालान रैगुलर कट रहे हैं।

दिल्ली यातायात पुलिस का कहना है कि सभी चालान अदालत के लिए किए जा रहे हैं। चालान करने वाली मशीने अपडेट हो चुकी है, लेकिन अभी केवल एक ही विकल्प अदालत भेजने का उनके पास है।

## खबर संक्षेप

### परियोजनाओं की रिपोर्ट दें अधिकारी : अवतार सिंह

**नई दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली नगर निगम के महापौर अवतार सिंह ने शुक्रवार को उत्तरी निगम के अभियंत्रिकी विभाग के अधिकारियों के साथ विभिन्न परियोजनाओं के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक के दौरान उपमहापौर योगेश वर्मा, प्रमुख अभियंता, के.पी सिंह, मुख्य अभियंता प्रदीप बंसल, नौरंग सिंह, संजय जैन और अभियंत्रिकी विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। महापौर सिंह ने अधिकरियों से कहा कि उत्तरी निगम की परियोजनाओं की जल्द रिपोर्ट दे और उनकी प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने अधिकारियों को कहा कि जिन परियोजनाओं का कार्य पूरा हो चुका है उनको जल्द से जल्द नागरिकों को समर्पित करने के निर्देश दिए। क्योंकि उत्तरी निगम जनता के लिए विकास कार्यों के लिए प्रतिबद्ध है।

### समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्वाचित

**नई दिल्ली।** दक्षिणी नगर निगम की समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष पद के चुनाव के लिए हुई समितियों की पहली बैठक में समितियों के अध्यक्ष व उपाध्यक्ष निर्विरोध निर्वाचित हुए। विशेष समितियों में नियुक्तियां, पदोन्नतियां अनुशासनात्मक एवं संबद्ध मामले समिति अध्यक्ष नीतिका व उपाध्यक्ष सुमन, निर्माण समिति में अध्यक्ष संजय ठाकुर व उपाध्यक्ष सुरेश कुमार गुप्ता चिकित्सा सहायता एवं जन-स्वास्थ्य समिति अध्यक्ष आरती सिंह व उपाध्यक्ष आभा चौहान, पर्यावरण प्रबन्धन सेवाएं समिति अध्यक्ष अनामिका व उपाध्यक्ष राजीव कुमार, उद्यान समिति अध्यक्ष श्याम कुमार मिश्रा व उपाध्यक्ष अनिता, विधि एवं सामान्य प्रयोजन समिति अध्यक्ष राधिका अब्रोल व उपाध्यक्ष सुषमा, पार्षदों की आचार-संहिता समिति अध्यक्ष सरिता जिंदल व उपाध्यक्ष अनिता तंवर, उच्चाधिकार प्राप्त संपत्तिकर समिति अध्यक्ष रीटा ऑबराए व उपाध्यक्ष विनोद कुमार, हिंदी समिति अध्यक्ष वीना शर्मा व उपाध्यक्ष सुषमा, खेलकूद प्रोत्साहन एवं संबद्ध मामले समिति अध्यक्ष भगत सिंह टोकस व उपाध्यक्ष मनप्रीत कौर कालरा, निगम लेखा समिति अध्यक्ष भूपेंद्र गुप्ता (अध्यक्ष स्थायी समिति) व उपाध्यक्ष मनीष अग्रवाल व आश्वासन समिति अध्यक्ष अनिल कुमार व उपाध्यक्ष बबीता निर्वाचित हुई।

### कृत्रिम तालाबों में हुआ गणपति का विसर्जन

**नई दिल्ली।** गणपति बप्पा मोरया अगले बरसे तू जल्दी आ के जयकारों संग शुक्रवार को गणेश प्रतिमाओं का विसर्जन हुआ। कई आयोजकों ने पांचवे दिन मूर्ति विसर्जन किया। मूर्ति विसर्जन बुराड़ी बाईपास के पास ग्राउंड में बने कृत्रिम तालाबों किया गया। झंडेवाला मंदिर के मीडिया प्रभारी नन्द किशोर सेठी बताया कि प्राचीन एतिहासिक झंडे वाला देवी मंदिर में 2 सितंबर को गणपति जी की प्रतिमा पूर्ण विधि विधान के साथ स्थापित की गई थी। पांच दिनों तक चले गणेश उत्सव के बाद शुक्रवार को पांचवे दिन पूरे विधिवत तरीके से पूजा अर्चना के पश्चात प्रतिमा का विसर्जन बड़ी धूमधाम के साथ किया गया।

---

### जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में 67.9 फीसदी मतदान, नतीजे पर कोर्ट की रोक

# छात्रों ने जमकर की नारेबाजी डीन पर हस्तक्षेप का आरोप

**शुक्रवार रात 9 बजे से शुरू हो गई बैलेट पेपर की गिनती**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ (जेएनयूएसयू ) चुनाव के लिए मतदान खत्म हो गया। विभिन्न पदों के लिए 14 उम्मीदवार मैदान में है। मतदान दो चरणों में सुबह 9:30 से दोपहर 1:00 बजे तक और अपराहन 2:30 बजे से 5:30 बजे तक संपन्न हुआ। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में 67.9 फीसदी मतदान हुआ। कुल 8700 में से 5762 वोट पड़े। बैलेट पेपर की गिनती शुक्रवार रात 9 बजे से शुरू हो गई। चुनाव समिति के अध्यक्ष शशांक पटेल ने कहा कि शिकायत निवारण प्रकोष्ठ के अध्यक्ष जो छात्र अधिष्ठाता (डीन) हैं, उन्होंने मतदान केंद्र के अंदर जाकर चुनाव प्रक्रिया में हस्तक्षेप किया। यह लिंगदोह समिति की सिफारिशों और हाईकोर्ट के एक आदेश का स्पष्ट उल्लंघन है। हालांकि उन्होंने, उल्लंघन पर चुनाव समिति की कार्रवाई पर टिप्पणी नहीं की। छात्र अधिष्ठाता (डीन) उमेश कदम ने इस मुद्दे पर फोन और संदेशों का जवाब नहीं दिया।

#### मतदान केंद्रों के बाहर जुटे रहे समर्थक

मतदान जारी रहने के बीच विभिन्न राजनीतिक संगठनों के समर्थक मतदान केंद्रों के बाहर इकट्ठा होते हुए और नारेबाजी करते देखे गए।



जांच

अध्यक्ष पद के लिए किस्मत आजमा रहीं एसएफआई की आइशी घोष ने कहा कि हमें सभी चार पदों पर कब्जा बरकरार रहने का भरोसा है। बाहर लोग कुछ भी कह सकते हैं लेकिन जेएनयू के लोग पूरे विवेक से उस सोच को देख पा रहे हैं जिसे विकास के नाम पर देश में थोपा जा रहा है। स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया (एसएफआई) की सदस्य आइशी को वाम दलों के छात्र संगठनों के संयुक्त उम्मीदवार के तौर पर उतारा गया है। निर्वाचन दल के एक सदस्य ने कहा कि चुनाव अधिकारियों ने मतदान के लिए सभी बंदोबस्त किये गए थे। बता दे कि 'जय भीम', 'लाल सलाम', 'वंदे मातरम' के नारों के बीच बुधवार देर रात जेएनयू परिसर में 'प्रेसीडेंशियल डिबेट' का आयोजन किया गया था।

#### चुनाव परिणाम पर 17 तक लगाई रोक

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने शुक्रवार को जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय को 17 सितंबर तक छात्र संघ चुनाव के परिणामों को अधिसूचित करने से रोक दिया है। विश्वविद्यालय के दो छात्रों ने अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाया था कि जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय छात्र संघ में काउंसलर के चुनाव के लिए उनके पर्चे को अवैध तरीके से खारिज कर दिया गया है। न्यायमूर्ति संजीव सचदेवा ने इस पर नोटिस जारी करते हुए जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय से जवाब तलब किया है। अदालत ने कहा कि तथ्यों और परिस्थितियों के मद्देनजर यह आदेश दिया जाता है कि अंतिम परिणामों की घोषणा इस अदालत के फैसले के बाद की जाएगी। इसके अलावा, विश्वविद्यालय को निर्देश दिया जाता है कि वह सुनवाई की अगली तारीख तक परिणामों को अधिसूचित न करे ।

---

# कन्हैया के खिलाफ केस की मंजूरी पर अभी कोई फैसला नहीं : केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि दिल्ली सरकार ने 2016 के जेएनयू राजद्रोह मामले में जेएनयू छात्र संघ के पूर्व अध्यक्ष कन्हैया कुमार और अन्य के खिलाफ मुकदमा चलाए जाने के लिए मंजूरी देने के संबंध में अभी कोई फैसला नहीं किया है। हालांकि केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली सरकार का गृह विभाग सभी तथ्यों पर विचार-विमर्श के बाद उचित निर्णय लेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस मामले में कोई राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं और न ही आप सरकार की ओर से कोई दबाव होगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि दिल्ली सरकार ने अब तक इस पर (मामले में अभियोग चलाने की मंजूरी) कोई फैसला नहीं लिया है। केजरीवाल ने कहा कि गृह विभाग इस पर फैसला ले रहा है और उसके पास मामले से जुड़ी तमाम जानकारियां हैं। उन्होंने कहा कि गृह विभाग में संबंधित अधिकारी इस पर अंतिम निर्णय लेगा। साथ ही कहा कि जो भी फैसला लिया जाएगा उसे

**जेएनयू राजद्रोह मामला**



अदालत के समक्ष रखा जाएगा। मामले में मुकदमा चलाने के लिए सरकार की ओर से मंजूरी दिए जाने संबंधी कुछ खबरों पर उन्होंने कहा कि ये महज अटकलें हैं। पुलिस ने राजद्रोह मामले में कन्हैया और अन्य के खिलाफ अभियोग चलाने के लिए दिल्ली सरकार की मंजूरी मांगी थी। पुलिस ने कन्हैया और अन्य के खिलाफ अदालत में 14 जनवरी को आरोप-पत्र दायर किया था और कहा था कि उन्होंने नौ फरवरी, 2016 को एक कार्यक्रम के दौरान जेएनयू परिसर में की गई राष्ट्र विरोधी नारेबाजी का समर्थन किया और वह रैली का नेतृत्व कर रहे थे।

### केजरीवाल तय करें देशद्रोहियों के साथ हैं या जनता के : तिवारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को अब यह तय करना पड़ेगा कि वे दिल्ली की जनता के साथ हैं या फिर देशद्रोहियों के साथ हैं। शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेसवार्ता के दौरान दिल्ली भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने केजरीवाल सरकार को लेकर उक्त बाते कहीं। यहां तिवारी और नेता विपक्ष विजेन्द्र गुप्ता ने टुकड़े-टुकड़े गैंग का समर्थन करने के लिये मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की तीखी आलोचना की। तिवारी ने कहा कि भारत तेरे टुकड़े होंगे- इंशाल्लाह, इंशाल्लाह! भारत की बर्बादी तक जंग रहेगी जारी, इंडियन आर्मी मुर्दाबाद और कितने अफजल मारोगे- हर घर से अफजल निकलेगा, ये देश विरोधी नारे अरविंद केजरीवाल को देशभक्ति के नारे लगते हैं।

### शैक्षणिक और कार्य अनुभव मांगना नोबेल वापस लेने जैसा : पूर्व वीसी

**नई दिल्ली।** जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व कुलपति असीस दत्ता ने शुक्रवार को कहा कि प्रोफेसर एमेरिट्स से शैक्षणिक और कार्य अनुभव मांगना वैसा है जैसे एक या दो दशक बाद उचित काम नहीं करने पर नोबेल पुरस्कार वापस लेना। दत्ता उन 12 प्रोफेसर एमिरेट्स में हैं जिनसे विश्व विद्यालय प्रशासन ने मूल्यांकन के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता और कार्य अनुभव जमा कराने को कहा है। इस कदम का विश्वविद्यालय शिक्षक संघ सहित कई धड़े विरोध कर रहे हैं। दत्ता ने बयान जारी कर कहा, उन्होंने रेक्टर से लेकर उपकुलपति तक के पदों पर दशकों अपनी सेवाएं दीं और प्रोफेसर एमिरेटस के पद पर रहते विश्वविद्यालय से कुछ नहीं चाहते। दत्ता ने कहा कि जेएनयू में उनका कोई कार्यालय नहीं है और वह कोई भत्ता नहीं लेते। दत्ता ने कहा कि उन्होंने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार की ओर से सीवी की मांग किए जाने पर 22 जुलाई को दिए जवाब में भी इसका उल्लेख किया है। दत्ता ने कहा कि मैं विश्वविद्यालय शिक्षकों और छात्रों से मिलने और विज्ञान पर चर्चा करने जाता हूं जो मेरे जीवन की पूंजी है। उन्होंने कहा कि काम को लेकर उनके नोबेल पुरस्कार विजेताओं और उनके विश्वविद्यालयों सहित दुनिया के बेहतरीन वैज्ञानिकों से संपर्क हैं। दत्ता ने कहा कि सेवानिवृत्ति से पहले जो सुविधाएं मिलती थी उसे मैं जेएनयू को वापस कर चुका हूं। इसलिए मूल्यांकन की यह प्रक्रिया उन पर लागू नहीं होती।

### जेएनयू के नए प्रशासन को शिक्षा के बारे में समझ नहीं : थरूर

**नई दिल्ली।** जानीमानी इतिहासकार रोमिला थापर को अपना बायोडेटा जमा करने के लिए जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय द्वारा एक पत्र भेजे जाने से जुड़े विवाद को लेकर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने कहा कि जेएनयू के नए प्रबंधन को शिक्षा के बारे में कुछ पता नहीं है। उन्होंने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय लोगों को प्रोफेसर एमिरेट्स का दर्जा देते हैं ताकि खुद का सम्मान कर सकें। थरूर ने कहा कि जब कोई प्रोफेसर सेवानिवृत्त होता है या सेवानिवृत्ति के लिए तय आयु तक पहुंचता है तो विश्वविद्यालय उस व्यक्ति के साथ अपना संबंध खत्म नहीं करना चाहता। ऐसे में ऐमिरट्स का दर्जा दिया जाता है।

---

# आप छोड़कर अलका फिर कांग्रेस में शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली




■ सोनिया गांधी से ग्रहण की पार्टी की प्राथमिक सदस्यता

आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद अलका लांबा ने अब कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिया है। उन्होंने पहले ट्वीट कर कांग्रेस में शामिल होने के बारे में ऐलान किया था और शुक्रवार शाम को सोनिया गांधी से मुलाकात के बाद वह कांग्रेस में शामिल भी हो गईं। चांदनी चौक से विधायक अलका लांबा शाम को कांग्रेस के अंतरिम अध्यक्ष सोनिया से मिलने गईं और वहीं पर पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण कर लिया। इससे पहले अलका लांबा ने ट्वीट करके इस बात की जानकारी दी और कहा कि आज शाम (शुक्रवार को ) 6 बजे, 10 जनपथ पहुंच कर, कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण करुंगी। इससे पहले दिल्ली के चांदनी चौक से विधायक अलका लांबा ने आज सुबह आम आदमी पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा देने का ऐलान करते हुए ट्विटर पर लिखा कि आप को गुड बाय कहने का समय आ गया है। पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। पिछले 6 साल की यात्रा मेरे लिए काफी सिखाने वाली रही। पिछले दिनों मंगलवार को अलका लांबा ने कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी से मुलाकात की थी। तभी से यह कयास लगने लगा था कि अलका लांबा जल्द ही कांग्रेस में शामिल हो सकती हैं।

### दिल्लीवासियों को उमस और गर्मी ने किया बेहाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली में एक बार फिर उमस व गर्मी ने लोगों को परेशान कर रखा है। मौसम विभाग की पूरे सप्ताह बारिश की भविष्यवाणी हवा हवाई हो रही है। इन दिनों उमस ने सबसे ज्यादा परेशान कर रखा है। हालांकि दो दिनों से मौसम कुछ बदलाव के रास्ते पर है। लेकिन बादल छाते है और यूं ही बिन बरसे ही निकल जाते है। कहा जा सकता है कि फिलहाल मानसून अवकाश पर चल रहा है। जिससे साफ है कि दिल्ली सामान्य से कम बारिश होने की और अग्रसर है। शुक्रवार को दिनभर उमस बनी रही, हालांकि दोपहर के समय एक बार बादलों ने उम्मीद जगाई थी लेकिन वह केवल उम्मीद तक ही सीमित रही। मौसम विभाग के अनुसार दिल्ली में शुक्रवार को अधिकतम तापमान 37.02 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने बुधवार और गुरुवार को दिल्ली में मध्यम स्तर की बरसात का अनुमान जताया गया था, लेकिन दोनों ही दिन कहीं-कहीं हल्की बूंदाबांदी होकर रह गई।




---

### प्रदूषण में कमी के लिए सरकार ने सुझाव मांगे

# दिल्ली में जल्द पेश होगी ई-वाहन नीतिः केजरीवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली



दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार जल्द ही बेहतर ई - वाहन नीति पेश करेगी। नीति के मसौदे में 2023 तक दिल्ली में सभी नए पंजीकृत होने वाले वाहनों में ई - वाहनों की हिस्सेदारी 25 प्रतिशत करने का लक्ष्य रखा गया है। इसका मसौदा पिछले साल नवंबर में जारी किया गया था। केजरीवाल ने संवाददाताओं को बताया कि ई - वाहन नीति जल्द पेश की जाएगी। हमने सर्वश्रेष्ठ नीति तैयार की है। यह नीति बहुत ही विकासपरक होने जा रही है। उन्होंने कहा कि सरकार पार्किंग नीति को भी अधिसूचित करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी जरूरी चीजें पूरी हो चुकी हैं। हम पार्किंग नीति को अधिसूचित करेंगे। इस महीने की शुरुआत में सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को 30 सितंबर तक पार्किंग नीति अधिसूचित करने का निर्देश दिया था।दिल्ली सरकार ने सर्दियों में नगर के प्रदूषण को कम करने के लिए शुक्रवार को लोगों से सुझाव मांगे। सर्दियों में पंजाब और हरियाणा जैसे पड़ोसी राज्यों में पराली जलाई जाती है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि लोग अपने सुझाव सीएम4क्लीनएयर एट जीमेल डॉट कॉम पर भेज सकते हैं। उन्होंने कहा कि 20 अक्टूबर से 20 नवंबर तक के मुख्य सीजन के दौरान पड़ोसी राज्यों में पराली जलाने की घटनाएं बड़ी संख्या में होती हैं। इससे राष्ट्रीय राजधानी में प्रदूषण के स्तर में वृद्धि होती है। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि पिछले तीन वर्षों में, आप सरकार द्वारा उठाए गए कदमों की वजह से कुल प्रदूषण स्तर में 25 प्रतिशत की कमी आई है।

### सीएम और सीएस ने किया कार्यालयों का निरीक्षण



**नई दिल्ली।** डेंगू के खिलाफ 10 हफ्ते, 10 बजे, 10 मिनट अभियान के तहत शुक्रवार को सचिवालय में अपने कार्यालय का मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और मुख्य सचिव विजय देव ने निरीक्षण किया। सीएम और सीएस ने दोनों ने गमले और फ्लावर पॉट की जांच की और उनका पानी बदला। सीएम ने सचिवालय में काम करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को रविवार को घर पर और शुक्रवार को अपने कार्यालय पर डेंगू पर वार करने के अभियान में शामिल होने की अपील की। सीएस ने शहर को डेंगू और चिकनगुनिया फ्री बनाने के लिए सभी अधिकारियों को कार्यालय का निरीक्षण करने को कहा है।

### दिल्लीवासियों को जल्द मिल पाएगा आयुष्मान योजना का लाभ : भाजपा

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लाखों गरीब और वंचित परिवारों को जल्द ही आयुष्मान भारत योजना का लाभ मिल पायेगा। दिल्ली भाजपा मीडिया प्रभारी प्रत्युष कंठ ने शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान उक्त जानकारी देते हुए बताया कि दिल्ली उच्च न्यायालय ने इस योजना को लागू करने के लिये फाइल की गई एक जनहित याचिका के संदर्भ में दिल्ली की अरविंद केजरीवाल सरकार को एक नोटिस जारी किया है। प्रभारी प्रत्युष कंठ ने बताया कि मैंने व लीगल सेल संयोजक सूर्य प्रकाश खत्री (अर्जीकर्ताओं) ने आयुष्मान भारत (हेल्दी इंडिया), प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना दिल्ली में लागू करने के लिये दिल्ली उच्च न्यायालय के समक्ष एक जनहित याचिका फाइल की थी जिससे कि दिल्ली के गरीब और वंचित परिवारों को वित्तीय सुरक्षा प्राप्त हो सके।

## खबर संक्षेप



### पुलिस ने लापता बुजुर्ग को परिजनों से मिलवाया

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम पुलिस ने घर से लापता हुए एक बुजुर्ग को उसके परिजनों से मिलवाने का नेक काम किया है। रेल विहार निवासी 82 वर्षीय सुधीर शाह घर से लापता हो गये थे। परिजनों ने उनकी काफी तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। गुरुग्राम पुलिस के एएसआई रामअवतार व पीसीपी 35 के सदस्य जीत व उसके साथ एक अन्य पुलिस कर्मचारी को बुजुर्ग सुधीर शाह घूमते हुए मिले। उन्होंने पूछताछ की और फिर घर के बारे में मोबाइल नंबर लेकर परिजनों को सूचित किया।

### अभिनेता राजकुमार राव के पिता का निधन

**गुरुग्राम।** बालीवुड अभिनेता राजकुमार राव के पिता सत्यप्रकाश



यादव का बृहस्पतिवार देर रात निधन हो गया। वे काफी समय से बीमार चल रहे थे। 60 वर्षीय सत्यप्रकाश यादव का यहां मेदांता अस्पताल में 17 दिनों से भर्ती थे। शुक्रवार सुबह मदनपुरी स्थित श्मशान घाट पर उनका अंतिम संस्कार कर दिया गया। बड़े पुत्र अमित यादव ने चिता को मुखाग्नि दी। अंतिम संस्कार में दोनों पुत्रों सहित परिवार के सभी सदस्यों व रिश्तेदारों के साथ बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सत्यप्रकाश यादव हरियाणा सरकार में पटवारी के पद से सेवानिवृत हुए थे। शोकाकुल परिवार में सत्यप्रकाश यादव के दो पुत्र अमित यादव, फिल्म अभिनेता राजकुमार राव, पुत्री मोनिका यादव एवं पुत्रवधू बबली यादव हैं।

### रंगदारी मांगने का आरोपी हत्थे चढ़ा




**फरीदाबाद।** गैस एजेंसी मालिक सेक्टर-37 निवासी संजय कुमार को फोन कर ढाई लाख रुपये की रंगदारी मांगने का आरोपी क्राइम ब्रांच बदरपुर बॉर्डर पुलिस के हत्थे चढ़ा है। आरोपी की पहचान पल्ला निवासी सुमित के रूप में हुई है। क्राइम ब्रांच प्रभारी सब इंस्पेक्टर ब्रह्मप्रकाश ने बताया कि संजय कुमार की एनआईटी में गैस एजेंसी है। आरोपी सुमित कुमार उसके पास काम कर चुका है। उसे मालूम था कि संजय कुमार के पास रुपये होते हैं। सात जुलाई को सुमित ने संजय कुमार को फोन कर ढाई लाख रुपये की रंगदारी मांगी। साथ ही पुलिस को बताने या रंगदारी ना देने पर जान से मारने की धमकी दी। संजय कुमार ने सराय ख्वाजा थाने में मुकदमा दर्ज करा दिया। सुमित को इसका पता चला तो उसने मोबाइल बंद कर लिया और फरार हो गया।

## कंपनी ने हरियाणा सरकार को बताया- नौ सितंबर से नहीं चलेगी रैपिड मेट्रो

# आर्थिक संकट से जूझ रही देश की पहली निजी मेट्रो सेवा

*रैपिड मेट्रो सेवा आर्थिक संकट के कारण अपनी सेवा आगे जारी रखने में सक्षम नहीं हो पा रही है। वित्तीय संकट से जूझ रही इसे चलाने वाली कंपनी आईएल एंड एफएस इन्फ्रास्ट्रक्चर के प्रवक्ता के मुताबिक, कंपनी ने हरियाणा सरकार को लिखा है कि कंपनी नौ सितंबर से सेवा को आगे नहीं जारी रख सकती है। उन्होंने कहा कि रैपिड मेट्रो के अधिग्रहण के लिए हमने हरियाणा सरकार से आग्रह किया है और सरकार के जवाब की प्रतीक्षा कर रहे हैं।*

एजेंसी/हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरुग्राम

निजी क्षेत्र की देश की पहली मेट्रो सेवा आर्थिक संकट के दौर से गुजर रही है। हरियाणा के गुरुग्राम में संचालित मेट्रो सेवा आर्थिक संकट के कारण अपनी सेवा आगे जारी रखने में सक्षम नहीं हो पा रही है। इसे चलाने वाली कंपनी आईएल एंड एफएस इंफ्रास्ट्रक्चर के प्रवक्ता के मुताबिक, कंपनी ने हरियाणा सरकार को लिखा है कि कंपनी नौ सितंबर से सेवा को आगे नहीं जारी रख सकती है। कंपनी ने रैपिड मेट्रो के अधिग्रहण के लिए हरियाणा सरकार से आग्रह किया है और सरकार के जवाब का इंतजार किया जा रहा है।

गुरुग्राम मेट्रोपॉलिटन डेवलपमेंट अथॉरिटी (जीएमडीए) के सीईओ वी. उमाशंकर ने कहा कि यह मामला नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एनसीएलटी) में लंबित है। जब तक एनसीएलटी कोई निर्णय नहीं देता तब तक जीएमडीए के पास मेट्रो को लेने की कोई गुंजाइश नहीं है।

यहां पर बता दें कि रैपिड मेट्रो हरियाणा के गुरुग्राम शहर में संचालित एक मेट्रो प्रणाली है। यह प्रणाली सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन के साथ इंटरचेंज प्रदान करती है। रैपिड मेट्रो की कुल लंबाई 11.7 किलोमीटर है। इस रूट पर कुल 11 स्टेशन हैं। पूरी मेट्रो प्रणाली में स्टैण्डर्ड गेज ट्रैक का इस्तेमाल हुआ है और पूरी तरह से एलिवेटेड है। रैपिड मेट्रो गुड़गांव के वाणिज्यिक क्षेत्रों को जोड़ता है। साथ ही, दिल्ली मेट्रो के लिए फीडर लिंक के रूप में कार्य करता है। रैपिड मेट्रो गुड़गांव लिमिटेड (आरएमजीएल) द्वारा निर्मित और संचालित यह मेट्रो प्रणाली दुनिया की पहली ऐसी प्रणाली है, जो पूरी तरह से निजी स्रोतों द्वारा वित्तपोषित है। कहने का मतलब इस उद्यम में केंद्र सरकार, हरियाणा सरकार या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से कोई निवेश नहीं है। रैपिड मेट्रो सेवाएं रोजाना छह बजे से शुरू होकर रात 12 बजे तक चलती है। सभी ट्रेनों में तीन कोच हैं।

### लोगों की बढ़ेगी परेशानी, सड़क पर बढ़ जाएगा ट्रैफिक का दबाव

**इस लाइन के निर्माण में आई थी 1,450 करोड़ रुपये की लागत**

**तीन वर्षों में निर्मित यह लाइन 2013 में जनता के लिए खोली**



**दो चरणों में संचालित हो रही यह मेट्रो सेवा**

गुरुग्राम में रैपिड मेट्रो रेल सेवा दो चरणों में संचालित हो रही है। पहले चरण में कंपनी ने 5.1 किलोमीटर का ट्रैक बनाया था, जो शंकर चौक से सिकंदरपुर डीएमआरसी स्टेशन तक राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 8 को जोड़ते हुए 6 स्टेशनों को कवर करता है। 1,450 करोड़ रुपये की लागत से तीन वर्षों में निर्मित यह सेवा नवंबर 2013 में जनता के लिए खोली गई थी। रैपिड मेट्रो से सबसे अधिक यात्री गुरुग्राम के कॉरपोरेट कंपनियों में काम करने वाले करते हैं। यह प्रणाली सिकंदरपुर मेट्रो स्टेशन पर दिल्ली मेट्रो की येलो लाइन के साथ इंटरचेंज प्रदान करती है। रैपिड मेट्रो की कुल लंबाई 11.7 किलोमीटर है। इस रूट पर कुल 11 स्टेशन हैं। रैपिड मेट्रो गुड़गांव के वाणिज्यिक क्षेत्रों को जोड़ता है।

### ट्रैफिक बढ़ने से बदतर हो जाएंगे हालात

**गुरुग्राम।** गुरुग्राम शहर की शान कही जाने वाली निजी क्षेत्र की रैपिड मेट्रो का संचालन अगर बंद होता है तो न केवल पॉश इलाकों में ट्रैफिक का दबाव फिर से बढ़ जाएगा, बल्कि हालात 2013 (नवंबर 2013 में इसकी शुरुआत हुई थी) से भी बदतर हो जाएंगे। छह साल में सड़कों पर वाहनों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। रैपिड मेट्रो का संचालन बंद होते ही फिर से लोग अपने निजी वाहनों का उपयोग करने के लिए मजबूर होंगे। इससे न केवल ट्रैफिक जाम की समस्या सामने आएगी बल्कि प्रदूषण का स्तर भी बढ़ जाएगा। रैपिड मेट्रो का संचालन करने वाली कंपनी आईएल एंड एफएस इंफ्रास्ट्रक्चर ने हरियाणा सरकार से कहा कि आर्थिक नुकसान की वजह से वह आगे सेवा जारी करने में सक्षम नहीं है।

### सरकार की ओर से संचालन अपने हाथों में लेने के प्रयास जारी

साइबर सिटी के इलाके में प्रतिदिन औसतन दो लाख लोग विभिन्न कंपनियों में काम करने के लिए पहुंचते हैं। रैपिड मेट्रो का संचालन अपने हाथों में लेने के लिए हरियाणा सरकार की ओर से तेजी से प्रयास किए जा रहे हैं। एनसीएलटी के पास मामला लंबित है। जब तक ट्रिब्यूनल का फैसला नहीं आ जाता, सरकार व्यवस्था अपने हाथों में नहीं ले सकती। प्रयास है कि एक दिन के लिए भी रैपिड मेट्रो का संचालन प्रभावित न हो।

-वी. उमाशंकर
मुख्य कार्यकारी अधिकारी, गुरुग्राम

## तंवर का सरकार पर हमला
### 'डर के साये में जी रही हरियाणा की जनता'



**फरीदाबाद।** प्रदेश में बिगड़ती कानून व्यवस्था को लेकर आज कांग्रेसियों ने फरीदाबाद में जोरदार विरोध प्रदर्शन कर भाजपा सरकार पर चौतरफा वार किया। प्रदर्शन का नेतृत्व करते हुए कांग्रेस के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डा. अशोक तंवर ने कहा कि आज फरीदाबाद ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह से चौपट हो चुकी है। जिसके चलते लोग भय के साये में जी रहे है। हालात इतने खराब है कि शायद ही कोई ऐसा दिन जाता होगा जहां बदमाशों द्वारा कोई हत्या न की जाती हो। राजनैतिकों से लेकर व्यापारी व पत्रकार भी सुरक्षित नहीं है। दूसरी तरफ हरियाणा में सत्ता के मद में मदमस्त हो प्रदेश के मुख्यमंत्री जन आशीर्वाद यात्रा के तहत फिर से प्रदेश के लोगों को गुमराह करने के लिए निकले हुए है। तंवर शुक्रवार को सेक्टर-12 स्थित लघु सचिवालय पर जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित धरना प्रदर्शन को बतौर मुख्य वक्ता संबोधित कर रहे थे।

### सीवरमैन कर्मियों ने सरकार के खिलाफ किया अर्धनग्न प्रदर्शन

**फरीदाबाद।** नगर पालिका कर्मचारी संघ, हरियाणा की 27 अगस्त से प्रदेशव्यापी हड़ताल में शामिल ईको ग्रीन कंपनी के 300 कर्मचारियों को ड्यूटी पर ना लेकर सरकार ने 30 अगस्त को हुए समझौते को तोड़ दिया है। प्रदेश के पालिका, परिषदों व नगर



निगमों के कर्मचारियों में भारी आक्रोश है। वहीं नगर निगम फरीदाबाद के सीवरमैन कर्मचारियों ने सरकार के खिलाफ अर्धनग्न होकर विरोध प्रदर्शन किया।

## शिकायतों का करें शीघ्र निदानः गोयल
### 'फाइल स्कैनिंग का काम जल्द निपटाने के निर्देश'



**फरीदाबाद।** हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण की प्रशासक सोनल गोयल ने निर्देश दिए हैं कि हुडा प्लॉटों की फाइल स्कैनिंग का काम जल्द निपटाया जाए। प्रशासक ने हुडा के अंतर्गत चल रहे समस्त कार्यों को लेकर समीक्षा बैठक की। इसमें इंजीनियरिंग, सर्वे, प्लानिग सहित अन्य शाखाओं के अधिकारी मौजूद थे।

प्रशासक सोनल गोयल ने एक-एक विषय पर जवाबदेही तय की। उन्होंने कहा कि सीएम विंडो पर आ रही शिकायतों को गंभीरता से लिया जाए और उनका समय पर निपटारा सुनिश्चित करें। साथ ही सीएम घोषणा के तहत चल रहे विकास कार्यों को समय पर पूरा कराएं। इसके लिए ठेकेदारों को सख्त निर्देश दिए जाएं।

## फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के 66वीं एनुवल जनरल मीटिंग में बोलीं ईरानी
# सत्ता-सेवा का समन्वय ही राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करता है

**फरीदाबाद।** केन्द्रीय टेक्सटाइल, वूमेन एंड चाइल्ड डेवलपमेंट मंत्री स्मृति जुबिन ईरानी ने कहा है कि सत्ता सेवा का मार्ग प्रशस्त करती है तो समन्वय राष्ट्र निर्माण का मार्ग प्रशस्त करती है। इस बात का जीता जागता सबूत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है। पिछले आठ माह में प्रधानमंत्री सभी विभागों की 28 रिव्यू मीटिंग कर चुके है तथा 12 लाख करोड़ के इन्फ्रास्ट्रेक्चर से जुड़े प्रोजेक्ट शुरू करवा चुके है।

ईरानी फरीदाबाद इंडस्ट्रीज एसोसिएशन की 66वीं एनुवल जनरल मीटिंग में उपस्थित उद्योगपतियों को बतौर मुख्य अतिथि बतौर कर रही थी। इस अवसर पर श्रीमती ईरानी ने देश के आर्थिक विकास में अहम योगदान देने वाली आशिमा खेमका, मोनिका के अलावा अन्य कई महिला उद्यमियों को सम्मानित किया। ईरानी ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत के बढ़ते दबदबे का जिक्र करते हुए कहा कि 22 जुलाई को चन्द्रयान चांद के सफर पर निकला था और आज वह शुभ दिन आ गया है जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश के सुदूर इलाकों से आने वाले 70 बच्चों के साथ इसरो की मदद से चन्द्रयान-2 की चन्द्रमा की सतह पर साफ्ट लैंडिंग देखेंगे।




### एक लाख 78 हजार लोगों को पक्के घर दिए गए

ईरानी ने पूर्व की सरकारों और मोदी सरकार में व्यवस्था परिवर्तन पर स्थिति साफ करते हुए कहा कि पूर्व की सरकारों में महत्वपूर्ण प्रोजेक्टों को लटकाने व भटकाने का काम किया जाता रहा किन्तु मोदी सरकार में हर काम शीघ्रता के साथ किया जा रहा है। उन्होंने देश वासियों से आह्वान किया कि वह प्रधानमंत्री के सपनों को साकार करने के लिए सिंगल यूज प्लास्टिक का प्रयोग बंद कर दें। उन्होंने सरकार की विकास गति को बताते हुए कहा कि पांच साल में एक लाख 78 हजार लोगों को पक्के घर बनवाकर दिए गए तथा दस करोड़ 58 लाख लोगों को शौचालय उपलब्ध कराए गए। उनका कहना था कि आज देश की आर्थिक प्रगति में महिलाएं भी बराबर की भागीदार बन रही है।

### आपसी विवाद में दोस्तों ने ली युवक की जान

**गाजियाबाद।** लोनी के ट्रोनिका थाना क्षेत्र में गुरुवार की देर रात को चार दोस्तों ने एक व्यक्ति की ईंटों से प्रहार करके हत्या कर दी। शुक्रवार को रामपार्क में खाली पड़े प्लाट में उसका शव शव बरामद हुआ। इस संबंध में मरने वाले शख्स के चार दोस्तों के खिलाफ पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। दिल्ली के नजफगढ़ निवासी अरुण त्यागी (38वर्ष) पुत्र उदय राज त्यागी ट्रोनिका सिटी थाना क्षेत्र के रामपार्क में अपने मकान में रहता था। वह इलेक्ट्रिशियन था और नजदीक में ही अपनी दुकान करता था। पुलिस ने बताया कि रात में वह अपने दोस्तों के साथ था तभी उसका किसी बात को लेकर दोस्तों से विवाद हो गया और उन्होंने उसपर ईंटों से हमलाकर उसकी हत्या कर दी और फरार हो गए ।


## गुमशुदा की तलाश



प्रतिमा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका **नामः** प्रतिमा, **पुत्रीः** कृष्ण कुमार, **पताः** म.नं. आरजैड–18, दीप एंक्लेव, गली नं. 1, विकास नगर, दिल्ली, **उम्रः** 16 साल, **कद**–4'10", **रंगः** सांवला, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** मेहरून रंग का सूट–सलवार और लाल हवाई चप्पल पहने है, जो दिनांक 11.08.2019 से पुलिस स्टेशन रनहौला, दिल्ली क्षेत्र से लापता/अपहृत है। इस बाबत **FIR No. 534/19 u/s 363 IPC दिनांक 22.08.2019, थानाः रनहौला, दिल्ली,** में दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा हर संभव कोशिश के बाद भी इस लड़की के बारे में कुछ मालूम नही हो पाया है। अगर किसी को भी इस लड़की के बारे में जानकारी मिले तो कृपया निम्नलिखित पर सूचित करें।

**ई–मेलः cic@cbi.gov.in**
**फैक्सः 011-29551597**
**DP/2642/OD/19**

**थाना प्रमुख**
**पुलिस स्टेशन, रनहौला, दिल्ली,**
**फोनः 011-28363001, 28363002 & 28363003**


## आउटसोर्सिंग में सामने आईं कई खामियां
# नगर निगम की बैठक में आऊटसोर्स कर्मचारियों की जांच रिपोर्ट पेश

**1600 की बजाय 1950 कर्मचारियों को मिल रहा वेतन, मंत्रियों की सिफारिश पर हुई भर्ती**

**गुरुग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम के सदन की सामान्य बैठक में पेश हुई आऊटसोर्स कर्मचारियों की जांच रिपोर्ट में कई खामियां सामने आई। जिसमें पता चला कि निगम 1600 की बजाय 1950 कर्मचारियों की पेमेंट कर रहा है। ज्यादातर भर्ती प्रदेश के मंत्री व उच्चाधिकारियों की सिफारिशों पर की गई हैं। बैठक में सदन के समक्ष 22 एजेंडे रखे गए।

### कर्मचारियों की जांच रिपोर्ट सौंपी

बैठक में आऊटसोर्स कर्मचारियों की जांच रिपोर्ट सौंपी गई। जिसमें कई खामियां सामने आई। निगम 1950 कर्मचारियों को वेतन दे रहा है जबकि, 1600 कर्मचारी ही जांच में सामने आए। आऊटसोर्स आधार पर नगर निगम में लगे कर्मचारियों की जांच के लिए 15 जनवरी 2018 को एक कमेटी का गठन किया गया था। इस कमेटी में निगम पार्षद आरएस राठी को चेयरमैन बनाया गया था तथा उनके साथ निगम पार्षद सुभाष सिंगला, ब्रह्म यादव, रविन्द्र यादव और संजय प्रधान को शामिल किया गया था।

### मुठभेड़ में 25 हजार रुपये का इनामी अरेस्ट

**गाजियाबाद।** थाना ट्रोनिका सिटी पुलिस गुरुवार की देर रात में मुठभेड़ के बाद एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली से बदमाश घायल हो गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

एसपी देहात नीरज जादौन ने शुक्रवार की सुबह को बताया कि ट्रोनिका सिटी पुलिस गुरुवार की देर रात में सिग्नेचर सिटी यमुना के पुश्ते के पास आने -जाने वाले वाहनों की चेकिंग कर रही थी तभी एक मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्ध युवक आते हुऐ दिखाई दिए तो पुलिस ने उनको रुकने का इशारा किया गया पर नही रुके तथा भागते हुए जान से मारने की नीयत से पुलिस पार्टी पर फायर किया गया, पुलिस पार्टी की जवाबी फायरिंग में बदमाश दिलबर उर्फ जावेद पुत्र मौ.इरशाद निवासी अशोक विहार लोनी, गाजियाबाद गोली लगने से घायल हो गया7


**GOLDEDGE ESTATE AND INVESTMENTS LIMITED**
Regd. Office: C-115, Mansarovar Garden Ground Floor New Delhi-110015
CIN: U70101DL1992PLC047541 Ph. No.-011-25193268
Web Site: www.goldedgeestate.in E mail: goldedgeestate2016@gmail.com
**NOTICE TO MEMBERS**

The Notice is hereby given that:-

1. The Annual General Meeting (AGM) of the Company will be held at C-115, Mansarovar Garden Ground Floor, New Delhi-110015, on Monday, 30th September, 2019 at 02:00 p.m. to transact the business as set out in the Notice of AGM. The Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from Monday, 23rd September 2019 to Monday, 30th September, 2019 (both days inclusive) for the purpose of Annual General Meeting.
2. Notice of the AGM has been sent to all members, whose names appeared in the register of members/ Record of RTA on 17th August, 2019, at their registered address/ email ID in the permitted mode. The dispatch of Notice of AGM has been completed on 05th September, 2019.
3. Members holding shares either in physical form or in dematerialized form as on cut-off date of 23rd September, 2019, may cast their vote electronically on the business as set out in the Notice of AGM through electronic voting system of Central Depository Services (India) Limited "CDSL" from a place other than Venue of AGM (Remote E-Voting). The members are informed that:
   i. the business set out in the Notice of the AGM may be transact through voting by electronic means;
   ii. the remote e-voting shall commence on Friday, September 27, 2019 at 9:00 am;
   iii. the remote e-voting shall end on Sunday, September 29, 2019 at 5:00 pm;
   iv. the cut-off date for determining the eligibility to vote by electronic means or at the AGM is 23rd September, 2019.
   v. any person, who acquires shares of the Company and becomes member of the Company after dispatch of the Notice of AGM and holding shares as of the cut-off date i.e. 23rd September, 2019 may write to the Company at the abovementioned email ID or at the registered address to obtain Notice of the meeting and procedure for E-voting (including Login Id and password).
   vi. Members may please note that; (a) The e-voting shall not be allowed beyond Sunday, September 29, 2019 at 5:00 p.m. and once the vote on a resolution is cast by a member, the member shall not be allowed to change it subsequently, (b) the facility for voting through ballot paper shall be made available at AGM, (c) the members who have cast their vote, by remote e-voting prior to the AGM may also attend the AGM but shall not be entitled to cast their vote again and (d) a person, whose name is recorded in the register of members or in the register of beneficial owners maintained by the Depositories as of the cut-off date only shall be entitled to avail the facility of remote e-voting as well as voting at the AGM through ballot papers.
   vii. The members of the Company who have not received the notice are requested to download the same from the website of MSE Limited www.msei.in and from the website of the Company www.goldedgeestate.in
   viii. In case of queries, members may contact Mr. Nikhil Bansal, Director cum Chief Financial Officer at the above Registered Office, Phone: 011-25193268, e-mail id: goldedgeestate2016@gmail.com or the Registrar and Transfer Agents at the following address: Skyline Financial Services Private Limited, D-153A, 1st Floor, Okhla Industrial Area Phase - 1, East of Kailash, New Delhi - 110020, Tel: 011-26812682-83 Fax:011-26812682, E-Mail ID: virenr@skylinerta.com

For **Goldedge Estate and Investments Limited**
Sd/-
Jagdish Chand Agarwal
Chairman

Place: New Delhi
Date: 05.09.2019


## गाजियाबाद में 116 फैक्ट्री मालिकों को भेजे गए हैं नोटिस

# यूपीएसआईडीसी के नोटिस से उद्यमियों में मचा हड़कंप

## एनजीटी के आदेश के बाद प्रदूषण फैलाने वाली इकाईयों से 15 दिन में मांगा जवाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गाजियाबाद

नेशलन ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) आदेश के अनुपालन में जिले के औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण फैलाने वाली और पानी को गंदा करने वाली फैक्ट्री को उत्तर राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीएसआईडी) द्वारा नोटिस दिए जाने के बाद गाजियाबाद के उद्यमियों में हड़कंप मचा हुआ है। उनका कहना है कि ऐसे में तो उद्योग चलना बेहद मुश्किल हो जाएगा।

यूपीएसआईडी की आरएम स्मिता सिंह ने शुक्रवार को बताया कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेश के अनुपालना में जिले के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों में प्रदूषण फैलाने और पानी को गंदा करने वाली फैक्ट्री संचालकों को नोटिस जारी किए जा रहे हैं। अभी तक कुल इस तरह के कुल 116 उद्योगों के संचालकों को नोटिस जारी किए गए हैं। उनका कहना है कि यदि जल्द ही नोटिस का जवाब नहीं दिया गया तो फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। स्मिता सिंह ने बताया कि यूपीएसआईडी के क्षेत्र अंतर्गत मसूरी-गुलावठी, साउथ साइड ऑफ जीटी रोड, बुलंदशहर रोड औद्योगिक क्षेत्र, कविनगर, उद्योग कुंज, मेरठ रोड, मोहननगर, साहिबाबाद साइट-4 औद्योगिक क्षेत्रों अंतर्गत करीब 14 हजार फैक्ट्री संचालित हो रही हैं। इनमें प्रदूषण फैलाने और गंदा पानी करने वाली फैक्ट्री को चिन्हित करने के बाद नोटिस जारी किए गए हैं। आरएम स्मिता सिंह ने बताया कि करीब 116 फैक्ट्री संचालकों को नोटिस का जवाब देने के लिए 15 दिन का समय दिया गया है। अगर नोटिस का जवाब नहीं दिया गया तो इन फैक्ट्री संचालकों के खिलाफ कड़ी की कार्रवाई की जाएगी।

स्मिता सिंह ने यह औद्योगिक क्षेत्र स्थित फैक्ट्री के नाम से आवंटित भूखंड पर वर्कशॉप, शोरूम, धर्मकांटे, दुकानें आदि अवैध रूप से संचालित किए जा रहे हैं। मेरठ रोड औद्योगिक क्षेत्र में सेक्टर-2 में ऐसे कई फैक्ट्री भूखंड पर अन्य कॉमर्शियल गतिविधि संचालित होने पर नोटिस जारी किए गए हैं।

### जल्द कार्रवाई की जाएगीः स्मिता

आरएम स्मिता सिंह ने बताया कि भूखंड फैक्ट्री के नाम से आवंटित किए गए हैं। उद्योगों के विरूद्ध कार्य किए जाने के चलते 107 फैक्ट्री भूखंड आवंटी चिन्हित किए गए हैं। इन्हें नोटिस जारी किए गए हैं। अगर जल्द यह गतिविधि बंद नहीं की गई तो इन्हें सील करने के साथ भूखंड आवंटन कैंसिल करने की जल्द कार्रवाई की जाएगी।

### कारोबारी बोले- समझ में नहीं आ रहा क्या जवाब दें?

नोटिस मिलने के बाद घबराए उद्यमियों का कहना है कि वे लोग पहले से ही मंदी से जूझ रहे हैं ऐसे में ये नोटिस उनकी परेशानी की वजह बन गए हैं। उनकी समझ में नहीं आ रहा है कि वे इन नोटिसों का क्या जवाब दें ।


**CALCOM VISION LIMITED**
**Regd. Office:** C-41, Defence Colony, New Delhi - 110024
**CIN:** L92111DL1985PLC021095,
**Email:** corp.compliance@calcomindia.com, **Website:** www. calcomindia.com
**Corp. Office:** B-16, Site-C, Surajpur Industrial Area, Greater Noida-201306, **Ph:** 0120-2569761
**NOTICE**

Notice is hereby given that the 34th Annual General Meeting of the Company will be held on Monday, 30th September, 2019 at 9.00 A.M. at 10, Forest Lane, U.G. Tank Road, Village Ghitorni, New Delhi-110030 for to transact the Ordinary and Special Business, as set out in the Notice of the said meeting. Physical copies of Annual Report for financial year 2018-19 including Notice of 34th AGM of the Company have been sent to all members of the Company at their registered address in the permitted mode and soft copies of the same have also been sent in electronic mode to all members whose email IDs are registered with the Company / Depository Participant(s). The Notice of AGM together with the Annual Report is also available on the Company's website www.calcomindia.com.

Pursuant to Section 91 of the Companies Act, 2013 and Regulation 42 of SEBI (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015, that the Register of Members and share transfer books of the Company will remain closed on Tuesday, 24th September, 2019 to Monday, 30th September, 2019 (Both Days inclusive).

As per Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management & Administration) Rules 2015 (as amended) and Regulation 44 of Listing Regulations, the Company is pleased to provide its Shareholders the facility to cast their vote by electronic means on all the resolutions set forth in the Notice. Kindly refer the Notice with regard to instructions for e-voting. The remote e-voting period commences on Friday, 27.09.2019 at 9:00 A.M (IST) and ends on Sunday, 29.09.2019 at 5:00 P.M. (IST). The E-voting module shall be disabled by CDSL thereafter. Please note that only those shareholders who were holding shares, as on cut-off date (i.e. 24.09.2019), may cast their vote electronically or at the meeting. In case any person becomes member after the dispatch of Notice and holding shares as on the cut-off date, may follow the same instructions as mentioned for e-Voting in Notice.

The facility for voting through Poll shall be made available at the AGM and the members attending the meeting who have not cast their vote by remote e-voting shall be able to exercise their right at the meeting through poll. The members who have cast their votes by remote e-voting may attend the meeting but shall not be entitled to cast their vote again.

In case of any queries/grievances connected with electronic voting, members may write an e-mail to helpdesk.evoting@cdslindia.com and rta@abhipra.com.

**For Calcom Vision Limited**
**Sd/-**
**Aayushi Jindal**
**Company Secretary**

**Place: New Delhi**
**Date : 6th September, 2019**




मनोहर सरकार
विकास अपार

फर्क साफ है क्योंकि नीयत साफ है

# नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री

द्वारा

# हरियाणावासियों
के लिए
# मनोहर सौगात



## पांच परियोजनाओं का शिलान्यास

श्री शीतला माता देवी **चिकित्सा महाविद्यालय**, गुरुग्राम

**ए.बी.डी. फरीदाबाद** स्मार्ट सिटी में सड़क तंत्र का निर्माण

**मेगा फूड पार्क**, आई.एम.टी., रोहतक

**समेकित कमांड एवं नियंत्रण केन्द्र**, करनाल

पुलिस परिसर, भौंडसी में **576 आवास निर्माण**

## पांच परियोजनाओं का लोकार्पण

**दुल्हेड़ा डिस्ट्रीब्यूट्री** का पुनर्वास

रोहतक में **576 सस्ते आवास**

**कन्या महाविद्यालय**, बडोली (पलवल), पुन्हाना (नूंह), मंडकोला (पलवल), उगालन (हिसार) तथा कालांवाली (सिरसा)

थानेसर, लाडवा, शाहाबाद तथा पिहोवा (कुरुक्षेत्र) में केन्द्रीकृत नियंत्रण एवं निरीक्षण प्रणाली के साथ **ऊर्जा–कम–स्ट्रीट लाइट परियोजना**

**समेकित कमांड एवं नियन्त्रण कक्ष**, फरीदाबाद

**दिनांक : 8 सितम्बर, 2019 ( रविवार )** **समय : दोपहर 12:00 बजे**
**स्थान : पशु मेला मैदान, रोहतक**

### गरिमामयी उपस्थिति

**सत्यदेव नारायण आर्य**
राज्यपाल, हरियाणा

**मनोहर लाल**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

**नरेन्द्र सिंह तोमर**
केन्द्रीय मंत्री, कृषि एवं किसान कल्याण, ग्रामीण विकास तथा पंचायती राज

**राव इन्द्रजीत सिंह**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, सांख्यिकी एवं कार्यक्रम क्रियान्वयन तथा आयोजना ( स्व.प्र. )

**कृष्ण पाल गुर्जर**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता

**रतन लाल कटारिया**
केन्द्रीय राज्य मंत्री, जल शक्ति तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता

**अरविंद शर्मा**
सांसद, रोहतक

**मनीष कुमार ग्रोवर**
राज्य मंत्री, सहकारिता तथा मुद्रण एवं लेखन सामग्री ( स्व.प्र. ), हरियाणा

**सभी सादर आमंत्रित हैं**

प्लास्टिक भगाओ पर्यावरण बचाओ

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in

## खबर संक्षेप

### विवेका पहलवान के घर पुलिस ने की छापेमारी

**पटना।** बाढ़ अनुमंडल के बाढ़ थाने में दर्ज कांड संख्या 413/19 में दो एके-47 लहराने के मामले में विवेका पहलवान के घर, अथमलगोला प्रखंड के फुलेल पुर गांव में विक्की के घर पर पुलिस ने छापेमारी की। हालांकि, पुलिस के हाथ कुछ नहीं लगा, बैरंग वापस लौटना पड़ा। मालूम हो कि एके-47 लहराने के मामले में विवेका पहलवान और उसके गुर्गों के घर छापेमारी करने गयी पुलिस को बैरंग वापस लौटना पड़ा। पुलिस के आने के पहले ही दोनों फरार हो चुके थे।

### हादसे में तीन की मौत

**मथुरा।** राधाष्टमी पर बीती रात मथुरा से बरसाना जा रही सिटी बस में अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मार दिए जाने से तीन सवारियों की मौके पर मौत हो गई, आधा दर्जन घायल हुए जिनमें एक की हालत नाजूक है। हादसा गोवर्धन-बरसाना के मध्य हाथिया चैराहे पर हुआ।

### आगरा में जाली नोट बनाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

**आगरा।** एसटीएफ ने 100 रुपये के जाली नोट बनाकर बाजार में चलाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया है, 35 हजार रुपये मूल्य के जाली नोट बरामद किये हैं।गिरोह के मास्टर माइंड ओमकार झा निवासी राजपुर चुंगी सदर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरोह के सदस्य सदर क्षेत्र के शहीद नगर फेज टू में नकली नोट बनाने का काम कर रहे थे।

## मृतक महिला के चचेरे भाई की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज

# पत्नी की हत्या के आरोप में आईएएस अफसर पर केस

एजेंसी ⏭ लखनऊ

यूपी राज्य नगरीय विकास अभिकरण (सूडा) में निदेशक के पद पर तैनात आईएएस अधिकारी उमेश कुमार सिंह पर पत्नी की कथित हत्या के मामले में प्राथमिकी दर्ज की गई है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि आईएएस उमेश कुमार सिंह की पत्नी की मौत के मामले में सिंह पर चिनहट थाने में हत्या, सबूत मिटाने व गलत जानकारी देने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज की गई है। उमेश की पत्नी अनीता (42) की एक सितंबर को चिनहट इलाके में उनके आवास पर गोली लगने से मौत हो गई थी। उधर आईएएस सिंह ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

मामले में मृतक महिला के चचेरे भाई राजीव कुमार सिंह की शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज हुई है जिन्होंने आरोप लगाया है कि आईएएस अधिकारी के अन्य महिलाओं से संबंध थे, इससे उनकी बहन खुश नहीं थी। बहन पति से इन बातों का विरोध करती थी जिस पर उमेश कुमार सिंह उनकी पिटाई करते थे। बहन को अपने साथ कुछ अप्रिय होने का अंदेसा था। शिकायत के अनुसार एक सितंबर को घटना के बारे में खबर मिली, हम लोग पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। अपनी शिकायत में उन्होंने कहा कि बाद में मीडिया में छपी खबरों व घटना की फोटो देखने के बाद संदेह हुआ, तब हमने उमेश की गिरफ्तारी की मांग करते हुए शिकायत दर्ज कराई। उमेश कुमार सिंह लखनऊ में ही तैनात हैं, उनके अधिकारियों से अच्छे संबंध है व वह जांच को प्रभावित कर सकते हैं। पुलिस ने सूचना दी थी कि अनीता को गोली लगी है, परिवार के सदस्य (उमेश व बेटा) व एक नौकर उन्हें प्राइवेट अस्पताल ले गये हैं। वहां से वे उन्हें किंग जार्ज मेडिकल विश्वविद्यालय के ट्रॉमा सेंटर ले गये जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। आईएएस उमेश ने पुलिस से कहा था कि उनकी पत्नी ने खुद को लाइसेंसी पिस्तौल से गोली मार ली, ट्रॉमा सेंटर में उन्हें मृत घोषित कर दिया गया।



- अनीता की एक सितंबर को चिनहट आवास पर गोली लगने से हो गई थी मौत
- शिकायतकर्ता ने मामले की जांच को प्रभावित किए जाने की भी आशंका जताई
- उमेश लखनऊ में ही तैनात हैं, उनके अधिकारियों से हैं अच्छे संबंध

हमारे राजीव से गत 22 साल से कोई रिश्ता नहीं हैं। वह कभी हमारे घर नहीं आए। रक्षा बंधन पर भी नहीं। यह मेरी छवि को खराब करने का प्रयास है। राजीव कारोबारी हैं, जमीन की खरीद-फरोख्त में लिप्त हैं। उन्होंने पिछली सपा सरकार में क्या किया था, आप इसकी जानकारी कर सकते हैं। - **आरोपी अधिकारी**

### बेटी ने भी पिता का किया बचाव

उमेश की बेटी उपासना ने भी पिता का बचाव करते हुये कहा कि वह (राजीव) कभी हमारे घर नहीं आए। यहां तक कि मेरी मां की मौत के बाद भी उन्होंने हमसे कभी कोई बात नहीं की। मैं नहीं जानती कि वह ऐसा क्यों कर रहे हैं।

### महिला आयोग ने तलब की विस्तृत रिपोर्ट

राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम ने स्वता संज्ञान लेते हुए आईएएस की पत्नी अनीता सिंह की हत्या के मामले में विस्तृत रिपोर्ट तलब की है।

### मामले की सीबीआई जांच हो: राजीव

**लखनऊ।** आईएएस अफसर उमेश सिंह के खिलाफ अपनी चचेरी बहन की हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराने वाले राजीव कुमार सिंह ने इस मामले की



सीबीआई से जांच कराने की मांग की है। इसके साथ ही उमेश प्रताप सिंह को निलंबित करने के साथ नौकरी से भी बर्खास्त किया जाए। उमेश कुमार सिंह के चचेरे साले राजीव कुमार सिंह ने उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इसके बाद लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस कर मामले की सीबीआई जांच की मांग की है।

उन्नाव कांड: सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट से कहा

# एम्स में अस्थाई अदालत लगाने पर जल्द निर्णय लें

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से कहा कि उन्नाव बलात्कार कांड की पीड़ित युवती के बयान दर्ज करने के लिये एम्स में अस्थाई अदालत लगाने के विशेष न्यायाधीश के अनुरोध पर जल्द निर्णय लिया जाये। यह युवती दुर्घटना में बुरी तरह जख्मी हो गई थी। उन्नाव कांड से संबंधित मुकदमों की सुनवाई कर रहे विशेष न्यायाधीश धर्मेश शर्मा ने हाल ही में उच्च न्यायालय को पत्र लिखकर एम्स के बंद कमरे में अदालत की कार्यवाही करके पीड़ित युवती के बयान दर्ज करने की अनुमति मांगी थी। ऐसा करने की वजह यह थी कि एम्स के चिकित्सकों ने कहा है कि पीड़ित युवती को अदालत परिसर में ले जाने की सलाह नहीं दी जा सकती। शर्मा ने हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल को सूचित किया है कि सीबीआई, पीड़ित युवती व उसके परिवार को इस तरह से बयान दर्ज कराने में कोई आपत्ति नहीं है। न्यायमूर्ति दीपक गुप्ता और न्यायमूर्ति अनिरूद्ध बोस की पीठ ने सीबीआई को भी सड़क दुर्घटना के मामले की जांच दो सप्ताह के भीतर पूरी करके अदालत में आरोप पत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है। इस दुर्घटना में पीड़ित युवती की कार को ट्रक ने टक्कर मार दी थी। रायबरेली के निकट जुलाई महीने में हुए इस हादसे में युवती के परिवार के दो सदस्यों की मृत्यु हो गई थी व वह तथा उसका वकील बुरी तरह जख्मी हो गये थे। सड़क दुर्घटना में बुरी तरह जख्मी युवती और वकील को पहले लखनऊ के किंग्स जार्ज मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था लेकिन बाद में शीर्ष अदालत के आदेश पर उसे बेहतर इलाज के लिये विमान से दिल्ली लाकर एम्स में भर्ती कराया गया है।

- एम्स के बंद कमरे में अदालत की कार्यवाही करके पीड़िता के बयान दर्ज करने की मांगी थी अनुमति
- पीठ ने सीबीआई को सड़क दुर्घटना के मामले की जांच दो सप्ताह में दाखिल करने का निर्देश दिया

### चिन्मयानंद प्रकरण: शाहजहांपुर पहुंचा एसआईटी का दल

**शाहजहांपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री स्वामी चिन्मयानंद पर उत्पीड़न के आरोपों के मामले में जांच के लिए विशेष जांच दल (एसआईटी) शाहजहांपुर पहुंच गया है। दल पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई का अवलोकन करने के बाद विवेचना शुरू करेगा। पुलिस महानिरीक्षक नवीन अरोड़ा ने शुक्रवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा चिन्मयानंद के मामले में एसआईटी टीम गठन करने के लिए कहा गया था। टीम का नेतृत्व वह स्वयं कर रहे हैं। साथ ही एक आईपीएस अधिकारी के अलावा पूरे प्रदेश से स्वच्छ छवि के निष्पक्ष जांच अधिकारी टीम में रखे गए हैं। उन्होंने स्वामी चिन्मयानंद के अधिवक्ता ओम सिंह द्वारा लिखाये गये रंगदारी के मामले और सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल करने वाली एलएलएम की छात्रा के पिता द्वारा दर्ज कराये गये मुकदमे के अवलोकन के साथ ही पुलिस अधिकारियों से वार्ता की है।


### गुमशुदा/अपहृत की तलाश



मंतेश

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की जिसका नाम : **मंतेश** पुत्री : **बलराम,** निवासी : **बी–6/17, शाहबाद डेरी, दिल्ली,** उम्र : **24 साल,** लम्बाई : **4'5'',** रंग : **गेहुंआ,** चेहरा : **गोल,** शरीर : **मध्यम,** पहनावा : **नीले रंग का टॉप, हल्के नीले रंग की जीन्स और पैरों में चप्पल पहनी हैं,** जो **16.08.2019** से थाना शाहबाद डेरी क्षेत्र से गुमशुदा /अपहृत है। इस सन्दर्भ में **DD No. 51-A dated 18.08.2019** पुलिस थाना, शाहबाद डेरी, दिल्ली में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस द्वारा गंभीरता से इस गुमशुदा/अपहृत लड़की को तलाश करने की कोशिश की गई लेकिन अभी तक कुछ पता नही चल पाया है।

अगर किसी को इस गुमशुदा /अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित को सुचित करें।

वेबसाइट: http://cbi.nic.in, मेल आईडी cic@cbi.gov.in,
फोन नं : 011–24368638, 24368641, फैक्स : 011–24368639

**थानाध्यक्ष**
**थाना शाहबाद डेरी, दिल्ली**
**फोन नं. 011–27821047, 27822207**

**DP/589/ON/19.**


### एएमयू में प्रदर्शन, 4 कश्मीरी छात्रों को नोटिस

**अलीगढ़।** अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन करने वाले चार कश्मीरी छात्रों को प्रशासन ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एएमयू प्रॉक्टर अफीफुल्लाह खान ने चारों छात्रों को अलग-अलग नोटिस देकर पूछा है कि उन्होंने परिसर में अवैध रूप से प्रदर्शन का आयोजन क्यों किया। छात्रों से कहा कि अगले 48 घंटे में वह नोटिस का जवाब दें वरना उन पर कार्रवाई की जाएगी। कश्मीरी छात्रों के समूह ने गुरुवार को एएमयू लाइब्रेरी से बाब-ए-सैयद द्वार तक जुलूस निकाला था। जुलूस के दौरान छात्र पिछले एक माह से जम्मू कश्मीर में सुरक्षा बलों की कार्रवाई के खिलाफ नारे लगा रहे थे।

## आजम के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी, नोटिस भी चस्पा

एजेंसी ⏭ रामपुर



- नोटिस में आजम को 11 को कोर्ट में पेश होने को कहा गया

सपा के वरिष्ठ नेता व रामपुर के सांसद आजम खां के खिलाफ गिरफ्तार वारंट जारी हुआ है। इस बात की पुष्टि रामपुर एसपी अजयपाल शर्मा ने की। आजम के घर के बाहर सीजेएम कोर्ट का नोटिस चिपकाया गया है। नोटिस में आजम को 11 सितंबर को कोर्ट में पेश होने को कहा गया है।

वहीं रामपुर की जिला अदालत ने आजम को अग्रिम जमानत देने से इंकार कर दिया है। हाल ही में उनके रिजॉर्ट में बिजली, पानी की चोरी पकड़ी गई। इससे पहले इसी रिजॉर्ट के लिए सिंचाई विभाग की जमीन कब्जाने का मामला भी सामने आया था। जिसके बाद प्रशासन ने एक दीवार को गिरा दिया था। दीवार से पुरानी ईंटे निकली थीं जिनकी जांच प्रशासन ने कराई थी। इससे पहले आजम पर भैंस चोरी, किताबें चोरी, मूर्ति चोरी जैसे मामले भी दर्ज कराए गए हैं। यही नहीं जबरन जमीनों पर कब्जा करने, पेड़ काटने जैसे मामले भी उन पर दर्ज हैं। करीब 80 केस आजम खान के खिलाफ दर्ज किए जा चुके हैं। उन्हें भूमाफिया घोषित किया जा चुका है। आजम के समर्थन में सपा नेताओं ने प्रदर्शन भी किया था, अखिलेश यादव ने विरोध जताया था व हाल ही में मुलायम सिंह यादव ने प्रेस कॉन्फ्रेंस भी की थी।

### आजम गायब, बीजेपी नेताओं ने खारिज किए आरोप

फिलहाल आजम कहां हैं, कोई नहीं जानता लेकिन उन पर गिरफ्तारी का खतरा मंडरा रहा है। उनके परिवार के लोग, सपा के नेता सत्ताधारी बीजेपी पर आरोप लगा रहे हैं पर बीजेपी नेताओं ने इन आरोपों को सिरे से खारिज कर दिया है।

कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप बोले-

## घाटशिला से ही लड़ेंगे चुनाव

एजेंसी ⏭ जमशेदपुर

झारखंड कांग्रेस के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष व घाटशिला के विधायक रहे डॉ. प्रदीप कुमार बलमुचू ने शुक्रवार को एक बार फिर कहा कि वे घाटशिला से हर हाल में चुनाव लड़ेंगे। हालांकि, इसी दौरान उन्होंने यह भी कह दिया कि अभी मैं कुछ कहूंगा तो गठबंधन में बाधा पड़ सकती है। बकौल बलमुचू- मैं पहले भी कह चुका हूं कि मेरी इच्छा घाटशिला से चुनाव लड़ने की है, पार्टी इस पर विचार करे। अन्य बातचीत में बलमुचू ने कहा कि पूर्वी सिंहभूम जिला अध्यक्ष बदल सकता है।

नया जिलाध्यक्ष कौन होगा, इस पर उन्होंने कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। पर बलमुचू के बयान से लंबे समय से चल रही अटकल को बल मिला कि कांग्रेस का जिलाध्यक्ष बदल सकता है। खां के विरोध में पूर्व मंत्री बन्ना गुप्ता बोल चुके हैं। इसके बावजूद बिजय खां को बरकरार रखा गया है।



### डीसी से की मुलाकात

बलमुचू उपायुक्त कार्यालय के सामने धरना पर बैठे युवाओं के समर्थन में पूर्वी सिंहभूम के उपायुक्त रविशंकर शुक्ला से मिलने आए थे। ये युवक आदिवासियों के धर्म स्थल जाहेरथान में पंचायत मंडप बनाने का विरोध कर रहे हैं।


# राशिफल 07 सितंबर 2019



डॉ. प्रेम कुमार शर्मा
ज्योतिषी, हस्तरेखा, न्यूमेरोलॉजिस्ट और वास्तु सलाहकार
Email: psharma@premastrologer.com
Ph. 01147033152/40532026 Saket New Delhi-17

**मेष** : कार्यक्षेत्र पर नई चीज को करने में समय लगेगा। परिवार में शांति का माहौल रहेगा। घर की खरीददारी करते समय सभी कागजात पूरे कर लें। पढ़ाई में ध्यान लगाने की जरूरत है। **शुभ अंक:** 9, **रंग** : पीच।

**वृष:** परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रॉप्रर्टी में किया गया निवेश फायदेमंद साबित होगा। पढ़ाई में मदद ना मिलने से समस्या महसूस कर सकते हैं। साथी को खुश करने की कोशिश करें। **शुभ अंक:** 8, **रंग:** लेवेंडर।

**मिथुन:** कार्यक्षेत्र पर कोई भी कंफ्यूजन होने पर सीनियर्स से बात जरूर करें। घर की सुरक्षा को लेकर सतर्क रहें। यात्रा के सकारात्मक परिणाम मिलेंगे। प्रतियोगी परीक्षा में सफलता मिलेगी। **शुभ अंक** : 3, **रंग:** लाल।

**कर्क:** खानदानी प्रॉप्रर्टी मिलने से आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। किसी मामले की पूरी छानबीन के बाद ही सीनियर्स से बात करें। घर पर कुछ बदलाव करने की सोच सकते हैं। **शुभ अंक:** 15, **रंग:** चॉकलेट।

**सिंह:** आर्थिक स्थिति स्थिर रहेगी। किसी मामले की पूरी छानबीन के बाद ही सीनियर्स से बात करें। परिवार में शांति का माहौल रहेगा। प्रॉप्रर्टी खरीदने के लिए दिन अच्छा है। **शुभ अंक:** 17, **रंग:** हल्का नीला।

**कन्या:** नए शुरु किए व्यवसाय में लाभ मिलने के संकेत हैं। जीवनसाथी के साथ मनमुटाव हो सकता है। किसी दूसरे के स्थान पर यात्रा करने से बचें। पढ़ाई में सफलता के योग हैं। **शुभ अंक:** 4, **रंग:** बेज।

**तुला:** सधन संबंधित मामलों को लेकर सतर्क रहें। कार्यक्षेत्र पर आपके काम की तारीफ होगी। किसी यात्रा पर जाने में देरी हो सकती है। प्रॉप्रर्टी से जुड़े किसी झगड़े में फंस सकते हैं। **शुभ अंक:** 11, **रंग** : बेबी पिंक।

**वृश्चिक:** कार्यक्षेत्र पर सीनियर्स आप पर विश्वास करेंगे। परिवार के साथ समय बिताएंगे। किसी प्रॉप्रर्टी से जुड़ा कोई निर्णय आपके पक्ष में आएगा। पढ़ाई में सफलता के योग हैं। **शुभ अंक:** 3, **रंग** : लेमन।

**धनु:** किसी चैरिटी के काम में पैसा जरुर दें। कार्यक्षेत्र पर कुछ समस्याएं हो सकती हैं। विदेश जाने का मौका मिल सकता है। खानदानी प्रॉप्रर्टी मिलने के योग बन रहे हैं। **शुभ अंक** : 18, **रंग:** पीला।

**मकर:** कार्यक्षेत्र पर सभी आपके काम की तारीफ करेंगे। कहीं घूमने जाने के प्लान में कुछ बदलाव हो सकते हैं। प्रॉप्रर्टी से जुड़े कामों के लिए दिन अच्छा नहीं है। **शुभ अंक** : 22, **रंग:** बोटल ग्रीन।

**कुंभ** : कोई दोस्त आपके कहीं आने जाने की समस्या को दूर करेगा। कोई खानदानी प्रॉप्रर्टी आपके नाम हो सकती है। पढ़ाई से थोड़ा ब्रेक लेना अच्छा रहेगा। प्रेम संबंधों समय दें। **शुभ अंक** : 7, **रंग:** पिंक।

**मीन:** कार्यक्षेत्र पर चीजों को लेकर सतर्क रहें। लंबी यात्रा में कुछ परेशानियां हो सकती हैं। किसी प्रॉप्रर्टी से लाभ मिलने के योग हैं। पढ़ाई में अचानक सफलता मिलने के संकेत हैं। **शुभ अंक** : 2, **रंग** : सफेद।

**:टिप्स:**

1. शयनकक्ष के दाहिने कोणे में एक जोड़े सफेद हंस की तस्वीर लगाएं। इससे आपकी जिंदगी में प्यार बढ़ेगा।
2. अपने प्यार में ऊर्जा बनाए रखने के लिए अपने शयनकक्ष में कटोरी में गर्म पानी लें, फिर इसमें सुगंधित तेल की दो बूंद डालें फिर इस तेल को अपने गर्दन और तकिये के कवर पर छिड़कें। फेंगशुई के इस उपचार से निश्चय ही आपके प्यार में भी गर्म और सुगंधित तेल की तरह गर्मी आएगी।



टिप्स : मनीषा कौशिक, ज्योतिषि, टैरो कार्ड
Contact: +91-11-26449898, 26489899


## यूपी: दलित अफसर ने उत्पीड़न से तंग आकर लगायी फांसी

**लखनऊ।** कुम्भी ब्लॉक के दलित ग्राम विकास अधिकारी ने बुधवार रात फांसी लगा ली। उनके सुसाइड नोट में मानसिक उत्पीड़न के आरोप सामने आये हैं। मृतक त्रिवेन्द्र कुमार गौतम (23) ने सुसाइड नोट में अपमान, मानसिक उत्पीड़न का आरोप लगाया है। गौतम का शव शिवसागर कॉलोनी स्थित किराये के घर में गुरुवार को मिला। सुसाइड नोट में किसानों के राजनीतिक संगठन के जिलाध्यक्ष, गांव के ग्राम प्रधान और ग्राम प्रधान के पुत्र पर अपमानित करने व मानसिक उत्पीड़न करने का आरोप लगाया है। गौतम का शव मिलने के बाद वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जिसमें उसे कथित रूप से किसान यूनियन के नेताओं द्वारा सार्वजनिक तौर पर अपमानित करते हुए देखा जा सकता है।

### वायरल वीडियो में नेता के हैं अपशब्द: पुलिस

अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र लाल ने बताया कि एससी-एसटी अधिनियम सहित विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज हो गया है। वायरल वीडियो में आवाज स्पष्ट नहीं है, किसान नेता को गौतम को अपमानित करते व 'कामचोर' बोलते हुए सुना जा सकता है।

### साथी कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

खुदकुशी से आक्रोशित उसके साथी ग्राम विकास अधिकारियों ने विकास भवन पर गुरुवार को ग्राम पंचायत अधिकारी संघ के बैनर तले प्रदर्शन किया। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर दोषियों पर तीन दिन में कार्रवाई ना हुई तो वे कार्य बहिष्कार करेंगे।

### जदयू ने झारखंड के लिए 'ट्रैक्टर पर बैठे किसान' का चुनाव चिह्न मांगा

**रांची।** जनता दल (यूनाइटेड) ने झारखंड मुक्ति मोर्चा की आपत्ति पर राज्य में 'तीर' का अपना चुनाव चिह्न वापस लिये जाने के बाद अब चुनाव आयोग से 'ट्रैक्टर पर बैठे किसान' का चुनाव चिह्न मांगा है। जदयू के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सालखन मुर्मू ने शुक्रवार को कहा कि ईसी से झारखंड के लिए उनकी पार्टी ने नया चुनाव चिह्न मांगा है। मुर्मू ने फिर से जदयू का चुनाव चिह्न राज्य में जब्त करने की मांग करने के लिए झारखंड मुक्ति मोर्चा की आलोचना की, आरोप लगाया बदले की कार्रवाई के तहत झामुमो ने किया है। इस वर्ष जून में ईसी ने बिहार में जदयू की शिकायत पर झामुमो का तीर-धनुष का चुनाव चिह्न जब्त कियाा था, बदले में झामुमो ने जदयू पर ऐसी ही शिकायत झारखंड के लिए की थी।

### 'विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनेगा बोधगया'

**पटना।** डिप्टी सुशील कुमार मोदी ने कहा, राज्य व केंद्र सरकार बोधगया को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाएगी। भगवान बुद्ध जिन स्थानों पर ठहरे, जिस मार्ग से यात्रा की, तपस्या की, उन स्थानों को 101.41 करोड़ के खर्च से विकसित किया जाएगा।

## 'सूबे में अब न बनेगा कोई दूसरा कैराना'

एजेंसी ⏭ सहारनपुर



- योगी ने सहारनपुर को दी 450 करोड़ रुपये की योजनाएं

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि सपा सरकार के समय यहां दंगे होते थे पर अब प्रदेश में कोई 'दूसरा कैराना नहीं बनेगा' व अब अपराधियों में खौफ है। योगी ने सहारनपुर के गंगोह में 450 करोड़ रुपये लागत वाली योजनाओं का शिलान्यास किया, जिले को हवाईअड्डे व विश्वविद्यालय की सौगात दी। उन्होंने गंगोह में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि ढ़ाई वर्ष पहले यहां क्या स्थिति थी, सभी को पता है। यहां सपा सरकार में दंगा होता था। लूटपाट करवाते थे, बहन बेटियों की इज्जत के साथ खिलवाड़ करने का दुस्साहस करते थे। लेकिन अब प्रदेश में कोई दूसरा कैराना नहीं बनेगा। कैराना में पीएसी की बटालियन स्थापित होने जा रही है। अब यूपी में अपराधियों में सरकार का खौफ है। ढाई वर्ष के दौरान कोई दंगा प्रदेश में नहीं हुआ। पर्व, त्यौहार शांतिपूर्ण तरीके से बनाए जा रहे हैं। कोई जाति कोई मत कोई मजहब हो पर्व, त्योहार मनाने में कोई बंदिश नहीं है। चाहे वह कांवड़ यात्रा हो या फिर कोई अन्य पर्व हो, धूमधाम से सभी पर्व व त्योहारों को मना रहे हैं।


**गोल्डविन लिमिटेड**
**पंजी. कार्यालय : 101 सी शिव हाउस, हरि नगर आश्रम, दिल्ली–110014**
**CIN:- U51909DL1967PLC021844,**
**Email ID: sales@goldwynled.com**
**Tel: 0120 - 4712433, Fax: 0120 - 4712424**

**सदस्यों को वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर और ई-वोटिंग मामलों की सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि उक्त एजीएम के आयोजन की सूचना जोकि कम्पनी के सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर 31.03.2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु वार्षिक रिपोर्ट के साथ डाक द्वारा प्रेषित कर दी गई है, में विनिर्दिष्ट बिजनेस का सम्पादन करने के लिये कम्पनी की 52वीं वार्षिक सामान्य बैठक का आयोजन कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय 101 सी शिव हाउस, हरि नगर आश्रम, दिल्ली–110014 में सोमवार, 30 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे आयोजित की जाएगी।

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 के अनुसरण में कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स 24 सितम्बर 2019 से 30 सितम्बर 2019 (दोनों दिन मिलाकर) बंद रहेंगे।

एजीएम में ई-वोटिंग के सम्बन्ध में हम शेयरधारकों को निम्नानुसार सूचित करना चाहते हैं :-

ए) कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) 2014 के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा की धारा 108 के अनुसरण में कम्पनी इसके शेयरधारकों को सूचना में वर्णित मदों पर इलैक्ट्रोनिकली अपना मत देने हेतु उन्हें योग्य बनाने के लिये दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा उपलब्ध करवा रही है।

बी) शेयरधारक 23 सितम्बर 2019 को जोकि कट ऑफ तिथि है शेयरधारण करते हैं वे ई-वोटिंग में भाग ले सकते हैं।

सी) वोट देने के ढंग का विवरण एजीएम सूचना में वर्णित है जोकि कम्पनी की वेबसाइट www.goldwynled.com पर भी प्रदर्शित किया है और ई-वोटिंग एजेंसी, सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज लिमिटेड की वेबसाइट http://www.evotingindia.com पर भी प्रदर्शित है।

डी) ई-वोटिंग 27 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 9.00 बजे प्रारम्भ होगी और 29 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे तक उपलब्ध रहेगी तथा इसके पश्चात् यह उपलब्ध नहीं होगी। जो सदस्य इलैक्ट्रोनिकली मत देने के इच्छुक नहीं है वे मतपत्रों का प्रयोग करते हुये भौतिक रूप से अपना मत एजीएम में दे सकते हैं। इस सम्बन्ध में कम्पनी एजीएम स्थल पर मतपत्रों का प्रबंध करेगी।

ई) ई-वोटिंग के सम्बन्ध में किसी पूछताछ अथवा मामले के सम्बन्ध में शेयरधारक बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्नों ("एफएक्यूज") और हैल्प सैक्शन के तहत www.evotingindia.com पर उपलब्ध ई-वोटिंग मैनुअल देख सकते हैं अथवा मै. बीटल फाइनैंशियल एंड कम्प्यूटर सर्विसेज प्राईवेट लिमिटेड, कम्पनी के रजिस्ट्रार और शेयर ट्रांसफर एजेंट से 011-29961281, 29961282 तथा 299612283 (ई-मेल : **beetalrla@gmail.com**) अथवा श्री जगपाल शर्मा कम्पनी के अनुपालन अधिकारी से 0120-4712433 (ई-मेल **jsharma@goldwynled.com**) पर सम्पर्क कर सकते हैं।

एफ) श्री कमल सचदेव, कम्पनी सचिव एंड प्रैक्टिस, प्रोपराइटर मै. के.एस. एंड एसोसिएट्स को निष्पक्ष और पारदर्शी ढंग से ई-वोटिंग प्रक्रिया की संवीक्षा हेतु संवीक्षाकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है।

जी) कृपया नोट करें कि एक बार ई-वोटिंग के माध्यम से आपने अपना मत दे दिया है तो आप अपना मत संशोधित अथवा एजीएम में पोल पर अपना मत नहीं दे सकते। यद्यपि आप एजीएम में उपस्थित रह सकते हैं और चर्चा में भाग ले सकते हैं।

एच) ई-वोटिंग और पोल का परिणाम कम्पनी द्वारा 01.10.2019 को घोषित किया जाएगा और इसकी वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जाएगा।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते गोल्डविन लिमिटेड**
**हस्ता/-**
**केशव कुमार थिरानी**
**निदेशक**
**डीआई : 00280467**

**स्थान : नोएडा**
**दिनांक : 05.09.2019**



**ansal API अंसल प्रोपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लिमिटेड**
**Corporate Identity Number: L45101DL1967PLC004759**
**पंजी. कार्यालय : 115, अंसल भवन, 16, कस्तुरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली–110001**
**Mobile: +91-9871053419, Tel.: 011-23353550, 66302268-72**
**Website: www.ansalapi.com; Email: shareholderservice@ansalapi.com**

**52वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना बुक क्लोजर और दूरस्थ ई-वोटिंग की जानकारी**

ए. <u>52वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम)</u>

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि अंसल प्रोपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लि. के सदस्यों (शेयरधारकों) की 52वीं वार्षिक सामान्य बैठक शनिवार, 28 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 11.00 बजे श्री सत्य साई इंटरनेशनल सेंटर, प्रगति विहार, भीष्म पितामह मार्ग, (निकट आईसीआईसीआई बैंक) लोधी रोड, नई दिल्ली–110003 में आयोजित की जाएगी। अन्य बातों के अलावा दि एक्ट की धारा 108 के तहत दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु निर्देश सहित कम्पनी अधिनियम, 2013 ("एक्ट") की धारा 101 और 136 के सम्बन्ध में 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्तीय वर्ष हेतु अंकेक्षित वित्तीय विवरण (स्टैंडअलोन और समेकित) निहित वार्षिक रिपोर्ट सहित एजीएम में सम्पादित किये जाने वाले बिजनेस की सूचना सभी सदस्यों (शेयरधारकों) को इलैक्ट्रोनिक मोड में भेज दी गई हैं जिनके ई-मेल आईडी कम्पनी / आरटीए / डिपॉजिटरी के पास पंजीकृत हैं और इसकी भौतिक प्रतियां सभी अन्य सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से उनके पंजीकृत पते पर निर्धारित मोड में भेज दी गई हैं। ये दस्तावेज कम्पनी की वेबसाइट <u>www.ansalapi.com</u> पर भी उपलब्ध हैं। जिन सदस्यों को सूचना और वार्षिक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई है, इसे कम्पनी की वेबसाइट से डाउनलोड कर सकते हैं।

बी. <u>बुक क्लोजर</u>

एतद् द्वारा यह भी सूचना दी जाती है कि कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 और सेबी (लिस्टिंग ऑब्लीगेशंस एवं डिस्क्लोजर आवश्यकताएं) नियमनों 2015 संशोधित अनुसार ('सूचीकरण नियमनों') के नियमन 42 के तहत कम्पनी के शेयरधारकों के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स सोमवार 23 सितम्बर 2019 से शनिवार 28 सितम्बर 2019 तक (दोनों दिन मिलाकर) कम्पनी की 52वीं एजीएम के प्रयोजन हेतु बंद रहेंगे।

सी. <u>दूरस्थ ई-वोटिंग</u>

कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों, 2014, संशोधित अनुसार के नियम 20 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 108 के प्रावधानों और सूचीकरण नियमनों के नियमन 44 की अनुपालना में, कम्पनी उनको इलैक्ट्रोनिक रूप से मतदान करने के लिये सदस्यों / लाभकारी मालिक को सक्षम बनाने के लिये उनके पोर्टल वेबसाइट <u>http://instavote.linkintime.co.in</u> के माध्यम से लिंक इनटाइम इंडिया प्राईवेट लिमिटेड (एलआईआईपीएल) के माध्यम से सभी बिजनेस का सम्पादन करने के लिये दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा प्रदान कर रही है। ई-वोटिंग अधिकारों की गणना कट ऑफ तिथि अर्थात् 21 सितम्बर 2019 के अनुसार सदस्यों के नाम से पंजीकृत एक्विटी शेयरों की भुगतान की गई कीमत के अनुपात में की जाएगी। दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु विस्तृत प्रक्रिया / निर्देश 52वीं एजीएम की सूचना में निहित हैं। जो सदस्य कट ऑफ तिथि अर्थात् 21 सितम्बर 2019 के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटिरियलाइज्ड रूप में शेयरधारण करते हैं, कम्पनी की 52वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्टानुसार बिजनेस पर इलैक्ट्रोनिकली अपना मत दे सकते हैं। वोटिंग बुधवार, 25 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 9.00 बजे प्रारम्भ होगी और शुक्रवार, 27 सितम्बर 2019 को अप. 5.00 बजे समाप्त होगी। इसके पश्चात् दूरस्थ ई-वोटिंग मॉड्यूल एलआईआईपीएल द्वारा अयोग्य कर दिया जाएगा। एकबार प्रस्ताव पर मतदान कर दिया जाता है तो सदस्यों को तदोपरांत इसे बदलने की अनुमति नहीं दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, ऐसे सदस्य को भौतिक रूप से एजीएम में उपस्थित रहने की अनुमति दी जाती है परन्तु वह बैठक में दोबारा मतदान नहीं कर सकता और उसका ई-वोट अंतिम के रूप में माना जाएगा।

मतपत्रों के माध्यम से मतदान हेतु सुविधा एजीएम के स्थल पर उन सदस्यों को उपलब्ध करवाई जाएगी जो दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत नहीं दे चुके हैं और एजीएम में उपस्थित हैं।

कोई व्यक्ति, जो कट ऑफ तिथि अर्थात् 21 सितम्बर 2019 के अनुसार शेयरधारण करता है और एजीएम की सूचना के प्रेषण के पश्चात् कम्पनी का सदस्य बनता है तथा शेयर अर्जन कर चुका है, एजीएम की सूचना जो कम्पनी की वेबसाइट <u>www.ansalapi.com</u> और एलआईआईपीएल की वेबसाइट <u>http://instavote.linkintime.co.in</u> पर भी उपलब्ध है, में वर्णित अनुसार दूरस्थ ई-वोटिंग हेतु निर्देश की पालना करते हुए लॉगइन आईडी और पासवर्ड प्राप्त कर सकता है। यद्यपि, यदि सदस्य ई-वोटिंग हेतु सीडीएसएल के पास पहले से ही पंजीकृत है तो वह दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान करने हेतु अपना मौजूदा लॉगइन आईडी / यूजर आईडी और पासवर्ड का उपयोग कर सकता है।

एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट प्रस्तावों पर मतदान का परिणाम एजीएम पर अथवा इसके पश्चात् घोषित किया जाएगा। समेकित संवीक्षाकर्ता की रिपोर्ट सहित घोषित परिणाम कम्पनी की वेबसाइट और एलआईआईपीएल की वेबसाइट पर परिणाम घोषित किये जाने के पश्चात् डाला जाएगा और तदोपरांत बीएसई लिमिटेड और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के पास संचारित किया जाएगा।

एपीएसी एंड एसोसिएट्स एलएलपी कम्पनी सचिव को वोटिंग प्रक्रिया (दूरस्थ ई-वोटिंग सहित) संवीक्षाकर्ता के रूप में नियुक्त किया गया है। यदि शेयरधारकों के पास (ई-वोटिंग के सम्बन्ध में) किसी प्रकार की पूछताछ अथवा मामला है तो कृपया बारम्बार पूछे जाने वाले प्रश्न ("एफएक्यूज") को देखे और हैल्प सैक्शन के तहत <u>http://instavote.linkintime.co.in</u> पर उपलब्ध इंस्टा वोट ई-वोटिंग मैनुअल देखें अथवा <u>enotices@linkintime.co.in</u> को ई-मेल लिखें अथवा टेलीफोन 022-49186000 पर उन्हें कॉल करें अथवा श्री पवन सिंह बिष्ट, प्रबंधक से 115, असंल भवन, 16, कस्तुरबा गांधी मार्ग, नई दिल्ली–110008 पर सम्पर्क करें अथवा 011-66038217 पर कॉल करें अथवा <u>shareholderservice@ansalapi.com</u> को ई-मेल लिखें।

**कृते अंसल प्रोपर्टीज एंड इंफ्रास्ट्रक्चर लि.**
**हस्ता/-**
**अब्दुल सामी**
**महाप्रबंधक (कार्पोरेट मामले) एवं कम्पनी सचिव**
**सदस्यता सं. एफसीएस 7135**

**दिनांक : 06 सितम्बर 2019**
**स्थान : नई दिल्ली**

# पान के पत्ते में थायराइड नियंत्रण के गुण तलाशने चूहों पर किया प्रयोग

## पुराने जमाने में मान्यता थी कि पान का पत्ता चबाने वाले आमतौर पर मोटे नहीं होते

हरिभूमि न्यूज ▶▶ इंदौर

शौकिया तौर पर चबाए जाने वाले पान के पत्ते में 'हाइपर थाइराइज्म' बीमारी की दवा छिपी हुई है। इससे शरीर में बढ़े हुए थायराइड हारमोंस को नियंत्रित किया जा सकता है। इस शोध में पान के पत्तों के खास रसायन का चूहों पर नॉन क्लिनिकल ट्रायल किया गया, जो सफल रहा है। साइंस नेचर जरनल में भी इस शोध को प्रकाशित किया गया है। मानवीय शरीर पर इसके असर का अध्ययन बाकी है। पुराने जमाने में मान्यता थी कि पान का पत्ता चबाने वाले आमतौर पर मोटे नहीं होते थे। शोध में यह बात सामने आई कि पान के पत्ते में मौजूद खास रसायन एपीसी यानी 'एलीप्रोकेटेकॉल' के कारण यह संभव है। क्या यह थ्योरी प्रायोगिक तौर पर सफल है? यह जानने के लिए देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ लाइफ साइंस के वैज्ञानिक लगभग दो साल से इस पर शोध कर रहे हैं। इसके लिए भारत सरकार के डिपार्टमेंट ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी (डीएसटी) से अनुदान मिला है। महिला वैज्ञानिकों की टीम डॉ.सुनंदा पंडा, मालबिका सिकदर, सागरिका बिस्वास ने इस दो साल लंबे चले इस शोध को अंजाम दिया। लाइफ साइंस के विभागाध्यक्ष प्रो.आनंद कर और स्कूल ऑफ फॉर्मेसी के पूर्व हेड डॉ.राजेश शर्मा भी शोध में शामिल रहे।

### नेचर जरनल में भी हुआ प्रकाशन

चूहे के शरीर के साथ बाद में बीमारी से ग्रसित थायराइड ग्लैंड पर भी प्रयोग किया गया। लिवर, किडनी व अन्य पर इसका असर भी जांचा गया। नॉन क्लिनिकल ट्रायल के आधार पर नेचर जरनल प्रकाशन समूह ने 22 अगस्त को ऑनलाइन जरनल में इसे प्रकाशित किया। अब क्लिनिकल ट्रायल यानी पान के पत्ते के रसायन से दवा निर्माण की दिशा में प्रयोगों के लिए कदम बढ़ाने के लिए दवा कंपनियों से संपर्क किया जा रहा है।



### दो रसायनों में से एक का दिखा असर

विभाग की प्रयोगशाला में पान के पत्ते के रस से निकाले गए दो प्रमुख रसायनों का चूहों पर प्रयोग किया गया। लगातार दो साल तक चले प्रयोगों की सफलता के बाद नॉन क्लिनिकल ट्रायल सफल करार दिया गया है। शोध को अंजाम देने वाली प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. सुनंदा पंडा के मुताबिक, हम पान के पत्ते का 'मेटाबोलिज्म' यानी 'चयापचय' पर असर का कारण ढूंढना चाह रहे थे। पान के पत्तों में दो प्रमुख रसायन 'एलीप्रोकेटेकॉल' (एपीसी) और 'केटेकॉल' पाया जाता है। यह आमतौर पर वैज्ञानिकों को पता है, लेकिन यह पहला प्रयोग था जब इनका शरीर में पाई जाने वाली थायराइड ग्रंथि के असर पर शोध किया गया। केटेकॉल प्रयोग के दौरान उतना असरकारक नहीं पाया गया, लेकिन एपीसी के साथ चूहों पर प्रयोग किया गया तो साफ हो गया कि यह न केवल रसायन हाइपर थाइराइज्म की अवस्था में शरीर में थायराइड हार्मोन का स्तर कम कर देता है बल्कि लिवर को भी सुरक्षा देता है। इस आधार पर शोध टीम ने निष्कर्ष दिया कि कच्चे पान के पत्ते चबाने पर इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सकता है।

### मैसूर के पान के पत्ते पर प्रयोग

*स्कूल ऑफ लाइफ साइंस में प्रयोग इंदौर के सामान्य बाजार में मिलने वाले मैसूर किस्म के पान के पत्ते से निकाले रस या सत्व से किया गया। प्रयोग करने वाली टीम के अनुसार इस किस्म के पान के कई किलो पत्तों को हर बार छांव में सूखाकर फिर पीसा गया। उसके बाद सत्व निकालकर वैज्ञानिक विधियों से शुद्ध कर इसका केमिकल बनाया गया। आखिरी में तय मात्रा में चूहों पर इसका प्रयोग किया गया। पान के पत्ते की किस्म हर बार एक सी हो इसलिए प्रयोग में शामिल हर पत्ते की किस्म का सत्यापन प्रदेश के डेढ़ सौ साल पुराने होलकर साइंस कॉलेज के बॉटनी के प्रोफेसर ए सेरवानी से करवाया गया।*

## तेज बारिश की वजह से प्रभावित लोगों के लिए शहर में पांच राहत शिविर स्थापित

# रेड अलर्ट...बस्तर में ढहे कई मकान, चार लोगों की मौत की पुष्टि, इंद्रवती उफान पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

**बस्तर में भारी बारिश के बीच कई मकान ढह गए हैं, अब तक मिली जानकारी के मुताबिक शहर के तीन अलग-अलग इलाकों में तीन मकानों की दीवार ढहने से उसकी चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई**

बारिश का रेड अलर्ट जारी होने के बाद पूरे छत्तीसगढ़ में भीषण वर्षा हो रही है। बस्तर में भारी बारिश के बीच कई मकान ढह गए हैं। शहर के तीन अलग-अलग इलाकों में तीन मकानों की दीवार ढ़हने से उसकी चपेट में आकर चार लोगों की मौत हो गई। इसके अलावा शहर में करीब 25 मकान बारिश की वजह से क्षतिग्रस्त हुए हैं। पिछले 12 घंटे से हो रही लगातार बारिश से इंद्रावती नदी उफान पर है और खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। शहर के अन्य इलाकों में भी दुर्घटनाओं में कुछ और लोगों की मौत हुई है। शहर में पांच राहत शिविर स्थापित किए गए हैं। शुक्रवार की सुबह घटी तीन अलग-अलग घटनाओं के बाद मौके पर पहुंचे बचाव दल ने मलबे से चार शव बाहर निकाले हैं। महादेव घाट के पास रहने वाली महिला चंद्रिका (45) और उसके बेटे संजू (15), अनुकूल देव वार्ड में सोनमती (62) और जगदलपुर शहर से तीन किलोमीटर दूर आड़ावाल गांव में केदार ठाकुर (35) की मौत दीवार के नीचे दबने से हुई है।



### नगर निगम ने शाम तक पूरे शहर की रिपोर्ट मंगाई

नगर निगम के आयुक्त अरविंद एक्का ने चारों मौतों की पुष्टि की है। उन्होंने बताया कि शहर के नयामुंडा मोहल्ले में 14 मकानों के धराशाई होने की खबर है। गांधी नगर में दो मकान, मेटगुड़ा में तीन मकान, महादेव घाट में दो मकान ढ़ह गए हैं।राजस्व अमला और रेस्क्यू टीम शहर में मुआयना कर रही है। नगर निगम ने शाम तक पूरे शहर की रिपोर्ट मंगाई है। बारिश से शहर में जानमाल का कितना नुकसान हुआ है, इसका अंदाजा शाम तक लगाया जा सकेगा। शहर से लगे ग्रामीण क्षेत्रों में भी तहसीलदार के नेतृत्व में टीम मुआयना कर रही है। बारिश की वजह से प्रभावित लोगों के लिए शहर में पांच राहत शिविर स्थापित किए गए हैं।

## इंदौर में बारिश का कोटा पूरा फिर से झमाझम के आसार

गुरुवार को शहर में करीब 10.30 बजे बारिश शुरू हुई। इसके साथ ही शहर की औसत बारिश का कोटा पूरा हो गया। शहर में औसत बारिश 35 इंच मानी जाती है। गुरुवार तक 34.6 इंच दर्ज की गई। पिछले साल इस अवधि तक 25.44 इंच बारिश दर्ज हुई थी। इस साल सबसे ज्यादा 44 इंच बारिश देपालपुर और सबसे कम 28.21 इंच महू क्षेत्र में दर्ज की गई है। एयरपोर्ट स्थित मौसम केंद्र के मुताबिक गुरुवार शाम 5.30 बजे तक एयरपोर्ट पर 2.9 मिमी बारिश हुई। हालांकि रीगल क्षेत्र में शाम 6 बजे तक 4.75 मिमी दर्ज की गई। मौसम विभाग के मुताबिक हवा के कम दबाव का क्षेत्र ओडिशा से आगे नहीं बढ़ा। इस वजह से पश्चिम मप्र में गुरुवार को अच्छी बारिश नहीं हुई। यह क्षेत्र शुक्रवार को ओडिशा से झारखंड की ओर बढ़ेगा। ऐसे में पश्चिम मप्र में शुक्रवार शाम के बाद अच्छी बारिश होने की संभावना है।



## झमाझम से कई कॉलोनियों में भरा पानी

छत्तीसगढ़ में राजधानी रायपुर सहित आसपास के इलाकों में आज सुबह से ही तेज बारिश हो रही है। इस कारण राजधानी की कई कॉलोनियां जलमग्न हो गई है। निचले इलाकों में पानी भर गया है, यहां फंसे लोगों को निकालने के लिए प्रशासन मशक्कत कर रहा है। मानसून की बारिश में शुक्रवार को लोगों के चेहरों पर खुशी कम, चिंता ज्यादा नजर आ रही है। नगरनिगम रायपुर की लापरवाही की वजह से अधिकांश इलाकों में जलभराव हो गया। खासकर राजधानी के जल विहार कॉलोनी के कई क्षेत्र में घरों के अंदर पानी भरने से लोग डरे हुए हैं। क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भारी जल जमाव से मुसीबतें बढ़ गई हैं। राजधानी के विभिन्न कॉलोनियों के साथ-साथ ही प्रदेश में इस समय हो रही चौतरफा बारिश से जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित होने लगा है। राज्य के अनेक इलाकों में पिछले कई घंटों से लगातार बारिश हो रही है। इससे निचले इलाकों में अब जलभराव की समस्या सामने आ रही है।



### बना है स्ट्रांग सिस्टम

मौसम वैज्ञानी एचपी चंद्रा के मुताबिक इतना स्ट्रांग सिस्टम बना है कि अगर ये अनुमान के मुताबिक बरस जाए तो अब तक की कमी सब दूर हो जाएगी। खासकर मध्य छत्तीसगढ़ के उन नौ जिलों में जहां पर औसत से कम बारिश दर्ज है। इनमें रायपुर, बिलासपुर, नांदगांव, दुर्ग, जांजगीर, जशपुर, रायगढ़ और सरगुजा संभाग प्रमुख रूप से शामिल हैं।

### सड़कों पर पानी भरने से यातायात प्रभावित

राजधानी रायपुर के भी कई इलाकों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। लगातार बारिश से दलदल बने सिवनी इलाके के कई नालों का पानी सड़कों पर भरने लगा है, जिससे यहां यातायात मार्ग प्रभावित हुआ है तेज बहाव के साथ पानी सड़कों पर बह रहा है। गौरतलब है कि अगले 24 से 48 घंटे के लिए मौसम विभाग ने छत्तीसगढ़ में यलो, ऑरेंज और रेड अलर्ट जारी किया है। इसी के चलते मध्य छत्तीसगढ़ में तेज बारिश हो रही है। प्रशासन ने यहां रेड अलर्ट जारी किया है।

## धूप निकलने के बाद भी हुई बारिश, बढ़ी उमस

गुरुवार की सुबह से साफ मौसम व तेज धूप से राहत दिलाने के लिए शाम करीब साढ़े 4 बजे बादलों ने आस बंधाई, लेकिन धूप के साथ हुई 0.2 मिमी बारिश ने राहत की उम्मीद पर उमस का पानी फेर दिया। इस बूंदाबांदी से उमस की गति में इजाफा हो गया और लोग पसीना पसीन होते रहे। अधिकतम तापमान 35 डिसे और न्यूनतम 25.4 डिसे दर्ज किया गया। हवाएं 5 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलीं। अभी तक इस मौसम की कुल बारिश 594.2 मिमी दर्ज की गई। जो औसत बारिश से 72 मिमी कम है। जबकि पिछले साल 5 सितम्बर तक 757.8 मिमी बारिश दर्ज की गई थी। यदि इसी तरह से बादल आंख मिचोली खेलते रहे तो सूखे का साल घोषित हो सकता है। मौसम वैज्ञानिक सीके उपाध्याय का कहना है कि हवाओं का सिस्टम बना हुआ है और शुक्रवार को तेज बारिश के आसार भी हैं।



### 20 किमी के दायरे में बारिश, शहर सूखा

शहर के आसपास बीस किलोमीटर के दायरे के बाहर झमाझम बारिश हो रही है। जबकि शहर अच्छी बारिश के लिए तरस रहा है। बुधवार-गुरुवार की रात में मुरैना रोड पर निरावली निकलने के बाद जमकर बारिश हुई।

## छत्तीसगढ़ के रोहित ने हासिल किया नया कीर्तिमान, प्रदेश के पहले पर्वतारोही बने

# एशिया की सबसे ऊंची चोटी पर फहराया तिरंगा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

दिग्विजय कॉलेज में बीजेएमसी के छात्र व शहर से लगे ग्राम सोमनी में रहने वाले रोहित झा ने एशिया की सबसे ऊंची लेह-लद्दाख की ट्रेकिंग चोटी पर तिरंगा फहराकर नया कीर्तिमान हासिल किया है। इस उपलब्धि के साथ रोहित प्रदेश के पहले पर्वतारोही बन गए हैं। रोहित के साथ छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से निशु सिंह का भी इंडियन एडवेंचर फाउंडेशन में चयन हुआ



था, लेकिन स्वास्थ्य खराब होने से निशु फाउंडेशन का टास्क पूरा नहीं कर पाई। रोहित के साथ उत्तरप्रदेश और राजस्थान के भी दो-दो प्रतिभागी थे, जिन्होंने 21 हजार 185 फीट ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराने का गौरव हासिल किया।

### 25 अगस्त से शुरू किया था पर्वतारोहण

रोहित झा ने बताया कि पर्वतारोहण की शुरुआत 25 अगस्त से की थी। पांच दिन बाद यानी 30 अगस्त को सुबह करीब साढ़े सात बजे उसने एशिया की सबसे ऊंची चोटी मानी जाने वाली लेह-लद्दाख की ट्रेकिंग चोटी पर तिरंगा फहराया। रोहित ने बताया कि सभी दिनभर ट्रेकिंग कर रात में आराम करते थे, लेकिन अंतिम दिन जब 16 हजार फीट की ऊंचाई पर पहुंचे तो सभी ने बर्फ पर चढ़ाई की। दूसरे दिन सुबह साढ़े सात बजे चोटी पर पहुंचे।

## खराब मौसम के चलते मुंबई की फ्लाइट्स रद

रायपुर। खराब मौसम के चलते रायपुर से मुंबई आने-जाने वाली उड़ानें गुरुवार को रद्द रहीं। जानकारी के अनुसार मुंबई से आने वाली फ्लाइट क्रमांक 6ई801(मुंबई-रायपुर) और 6ई 466(हैदराबाद-रायपुर) रद्द रही। साथ ही रायपुर से मुंबई जाने वाली फ्लाइट क्रमांक 6ई802 रायपुर-मुंबई और 6ई2454 रायपुर-दिल्ली की उड़ान भी रद्द कर दी गई। खराब मौसम के चलते बुधवार को भी मुंबई से आने वाली फ्लाइट उड़ान नहीं भर सकी थीं। इसके चलते दिल्ली और हैदराबाद होते हुए यात्रियों को मुंबई भेजा गया था। बताया जा रहा है कि इन दिनों मौसम की खराबी के चलते मुंबई से दूसरे क्षेत्रों में जाने वाली फ्लाइटों को भी कैंसिल कर दिया गया है।

## 'किंग लेपर्ड' की खाल बेचने वाला गिरफ्तार

इंदौर। स्पेशल टास्क फोर्स ने वन्य प्राणियों के अंगों की तस्करी में लिप्त एक आरोपित को दुर्लभ प्रजाति के तेंदुए 'किंग लेपर्ड' की बेशकीमती खाल सहित गिरफ्तार किया है। आरोपित को महाराष्ट्र सीबीआई और वन विभाग तलाश रहा था। उसकी गिरफ्तारी पर इनाम भी था। जिस तेंदुए की खाल बरामद की गई वह गोवा और कर्नाटक के जंगल में पाया जाता है। एसपी (एसटीएफ) पद्मविलोचन शुक्ल के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपित का नाम गफ्फार उर्फ भय्यू पिता अब्दुल रशीद निवासी फ्रेंड्स कॉलोनी चंदन नगर है। करीब 10 महीने पूर्व स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स वन विभाग ने आरोपित बलदेव उर्फ बल्लू निवासी सेंधवा, शिवा बाबा निवासी सेंधवा और शाकिर मौलाना को तेंदुए के पंजों के साथ गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपितों ने गफ्फार का नाम कबूला था। बुधवार को एसटीएफ ने गफ्फार को सिरपुर क्षेत्र से गिरफ्तार कर खाल भी बरामद कर ली। निरीक्षक एमए सैयद के मुताबिक बरामद खाल 'किंग लेपर्ड' की है।


## गुमशुदा/अपहृत की तलाश



हर्षा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में प्रदर्शित) **नामः** हर्षा **पुत्रीः** विजय दास, **निवासी** : झुग्गी नं. 171, टी–हटस, उद्योग नगर, दिल्ली जो दिनांक 24.08.2019 से थाना पश्चिम विहार पश्चिम, दिल्ली के अधिकार क्षेत्र से लापता/ अपहरण कर लिया गया है। इस संदर्भ में प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 418/19 धारा 363 भा.द.स. दिनांक 27.08.2019 थाना पश्चिम विहार पश्चिम, दिल्ली में दर्ज है। जिसका शारीरिक विवरण इस प्रकार है :–

**उम्रः** 16 साल 6 महीने, **कदः** 5', **रंगः** साफ, **चेहराः** लम्बा, **पहचान** : दाहिने गाल पर तिल का निशान है, **कपड़ेः** काले रंग का जामफर– नीला पजामा और पैरों में प्लास्टिक की हवाई चप्पल पहने हुए है।

यदि किसी भी व्यक्ति को इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी या सुराग मिले तो अधोहस्ताक्षरी को निम्नलिखित पते पर सूचित करने की कृपा करें। ई–मेल आईडी – cic@cbi.gov.in वेबसाइटः http://cbi.nic.in

**फोन:**
**011-24368638, 24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**थानाध्यक्ष**
**थाना पश्चिम विहार पश्चिम, दिल्ली**
**बाहरी जिला, दिल्ली**
**दूरभाष सं. 011-25268394, 25280980**

DP/2641/OD/19



intec CAPITAL LIMITED
Sapne Aapke, Bharosa Apno Ka

## इंटेक कैपिटल लिमिटेड

**CIN:** L74899DL1994PLC057410
**पंजी. कार्यालय** : 708, मंजूषा बिल्डिंग, 57 नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019
**Phone:** +91 11 46522200 / 300
**Email:**complianceofficer@inteccapital.com; **Website:** www.inteccapital.com

### सूचना

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि कम्पनी ने उन सभी सदस्यों को जिनके ई–मेल पते कम्पनी / डिपॉजिटरी के साथ पंजीकृत है और उन सभी सदस्यों को जिनके पते शुक्रवार 23 अगस्त 2019 को कम्पनी के पास पंजीकृत हैं, को 25वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) तथा ई–वोटिंग जानकारी के साथ वार्षिक रिपोर्ट का प्रेषण सोमवार 02 सितम्बर 2019 को पूरा कर लिया है।

उपरोक्त वार्षिक रिपोर्ट में 25वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) की सूचना, मतप्रपत्र, प्रोक्सी फार्म, उपस्थिति पर्ची तथा ई–वोटिंग सूचना, निदेशकों की रिपोर्ट, प्रबंधन परिचर्चा और विश्लेषण रिपोर्ट, कार्पोरेट गर्वनेंस रिपोर्ट, स्टैंडअलोन और समेकित वित्तीय विवरण पर स्वतंत्र अंकेक्षक की रिपोर्ट जिसमें अंकेक्षित बैलेंस शीट निहित है, अंकेक्षित लाभ और हानि अकाउंट का विवरण, अंकेक्षित कैश फ्लो विवरण और 31 मार्च 2019 को समाप्त वित्त वर्ष हेतु वित्तीय विवरण पर अंकेक्षित टिप्पणियां शामिल है। इसके अतिरिक्त वार्षिक रिपोर्ट में प्रबंधन द्वारा गो–ग्रीन इनिशिऐटिफ्स से सम्बन्धित शेयरधारकों को सम्बोधित एक खुला पत्र भी शामिल है।

**कृते इंटेक कैपिटल लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**पुनीत सहगल**
**कम्पनी सचिव**
**एसीएस–12557**

**स्थान** : नई दिल्ली
**दिनांक** : शुक्रवार, 06.09.2019



## डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लि.

(CIN: L74140DL1994PLC304881)
**पंजी. कार्यालय : 916, पर्ल ओमैक्स बिल्डिंग, टावर–2, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034**
Tel. No.: 011-45500295; Email ID: dpms.kolkata@gmail.com

### डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड की 24वीं वार्षिक सामान्य बैठक, बुक क्लोजर और इलैक्ट्रोनिक वोटिंग इंफॉर्मेशन सूचना

वार्षिक सामान्य बैठक : एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि सूचना में वर्णित बिजनेस का सम्पादन करने के प्रयोजन हेतु कम्पनी के सदस्यों की 24वीं वार्षिक सामान्य बैठक सोमवार, 30 सितम्बर 2019 को अप. 2.00 बजे 916, पर्ल ओमैक्स बिल्डिंग, टावर–2, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034 में आयोजित की जाएगी। उक्त एजीएम की सूचना, ई–वोटिंग निर्देश और वर्ष 2018–19 के लिये वार्षिक रिपोर्ट कम्पनी के सदस्यों को इलैक्ट्रोनिकली भेज दी गई है जिनके ई–मेल आईडी डिपॉजिटरीज के पास पंजीकृत है। उक्त सूचना, ई–वोटिंग निर्देश और वर्ष 2018–19 के लिये वार्षिक रिपोर्ट सभी अन्य सदस्यों को उनके पंजीकृत पते पर अनुमत्य मोड द्वारा फिजिकल मोड में भी भेज दी गई है। एजीएम की सूचना और इलैक्ट्रोनिक वोटिंग (ई–वोटिंग) हेतु निर्देश सहित वार्षिक रिपोर्ट 2018–19 की प्रति कम्पनी की वेबसाइट (www.dynamicwealthservices.com) पर भी उपलब्ध करवाई जाएगी।

बुक क्लोजर : एतद् द्वारा यह भी सूचना दी जाती है कि कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियमों 2014 के नियम 10 के साथ पठित कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 और अन्य लागू प्रावधानों, यदि कोई हो, के तहत और स्टॉक एक्सचेंजेज के साथ सेबी एलओडीआर नियमनों 2015 के अनुपालन में यह सूचना दी जाती है कि कम्पनी के सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स 916, पर्ल ओमैक्स बिल्डिंग, टावर–2, नेताजी सुभाष प्लेस, पीतमपुरा, नई दिल्ली–110034 में 30 सितम्बर 2019 को अप. 2.00 बजे निर्धारित कम्पनी की वार्षिक सामान्य बैठक के प्रयोजन हेतु 25 सितम्बर 2019 से 30 सितम्बर 2019 (दोनों दिन मिलाकर) तक बंद रहेंगे।

**इलैक्ट्रोनिक वोटिंग इंफॉर्मेशन** : जो सदस्य कट ऑफ तिथि 23 सितम्बर 2019 के अनुसार या तो भौतिक रूप में अथवा डिमैटीरियलाइज्ड रूप में शेयर धारण करते हैं, सीडीएसएल की इलैक्ट्रोनिक वोटिंग प्रणाली के माध्यम से 24वीं वार्षिक सामान्य बैठक की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य अथवा विशेष बिजनेसेज पर अपना मत इलैक्ट्रोनिकली दे सकते हैं। सभी सदस्यों को सूचित किया जाता है कि (ए) 24वीं एजीएम की सूचना में विनिर्दिष्ट अनुसार सामान्य बिजनेस और विशेष बिजनेस इलैक्ट्रोनिक वोटिंग द्वारा सम्पादित किया जा सकता है। (बी) 24वीं एजीएम की सूचना भेजने की पूर्णता की तिथि 6 सितम्बर 2019 है। (सी) इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग 27 सितम्बर 2019 को पूर्वा. 9.30 बजे प्रारम्भ होगी और 29 सितम्बर 2019 को अप. 5.30 बजे समाप्त होगी। (डी) इलैक्ट्रोनिक साधनों के माध्यम से वोटिंग की अनुमति 29 सितम्बर 2019 को अप. 5.30 बजे के पश्चात् नहीं दी जाएगी। (ई) 24वीं एजीएम की सूचना कम्पनी की वेबसाइट अर्थात् www.dynamicwealthservices.com पर और सीडीएसएल वेबसाइट अर्थात् https://www.evotingindia.com पर भी उपलब्ध करवाई जाएगी। (एफ) इलैक्ट्रोनिक वोटिंग की प्रक्रिया और तरीके हेतु, सदस्य इलैक्ट्रोनिक वोटिंग निर्देश पढ़ सकते हैं अथवा ई–वोटिंग के सम्बन्ध में किसी पूछताछ / शिकायतों के मामले में, सदस्य शेयरधारकों हेतु बारम्बर पूछे जाने वाले प्रश्न (एफएक्यूएस) देख सकते हैं और https://www.evotingindia.com के डाउनलोड सेक्शन पर उपलब्ध शेयरधारकों हेतु ई–वोटिंग यूजर मैनुअल देख सकते हैं अथवा वैकल्पिक रूप से कम्पनी की ई–मेल आई dpms.kolkata@gmail.com पर सम्पर्क कर सकते हैं।

**बोर्ड के आदेशानुसार**
**कृते डायनेमिक पोर्टफोलियो मैनेजमेंट एंड सर्विसेज लिमिटेड**
**हस्ता/–**
**(निदेशक)**

**स्थान** : नई दिल्ली
**दिनांक** : 06.09.2019



## अपहृत की तलाश



पूजा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला (फोटो में दर्शाई गई) जिसका नामः **पूजा** पत्नी **सुरेन्दर** पता **मकान नं. 180, नियर दाल मिल, गांव लामपुर, नरेला, दिल्ली** जो थाना नरेला दिल्ली से दिनांक **21.08.2019** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में डीडी संख्या **84–ए** दिनांक **21.08.2019 थाना नरेला** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस महिला का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया हैः–

**लिंगः** महिला, **आयुः** 25 वर्ष, **कदः** 5'5" फीट, **रंगः** गेहुँआ, **चेहराः** लम्बा, **पहनावाः** हल्के हरे रंग का सूट व गुलाबी रंग की लोअर और पैरों में हवाई चप्पल पहने हुई है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत महिला की बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पतों पर सूचित करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना नरेला, दिल्ली**
फोन नं.: **011-27280435,27282350**
मो. नं.: **7065036323**

वेबसाइटः **http://cbi.nic.in**
ई–मेलः **cic@cbi.gov.in**
टेली. न.: **011-24368638/24368641**
फैक्स नं.: **011-24368639**

**DP/578/ON/19**

## चिंतन

# खैरात बांटने वाली राजनीति का अंत हो

सरकार अगर कुछ भी मुफ्त देने की घोषणा करे तो पहले उसे अपनी आर्थिक सेहत का आंकलन जरूर करना चाहिए। यह ठीक है कि लोक कल्याणकारी सरकार का काम जनता को सहूलियत देना है, लेकिन इसके लिए पर्याप्त आर्थिक संसाधन का इंतजाम करना भी उसी सरकार का दायित्व है। दिल्ली की आम आदमी पार्टी की सरकार ने मेट्रो में महिलाओं के लिए मुफ्त यात्रा का ऐलान किया, लेकिन इसके क्रियान्वयन के लिए कोई मॉडल पेश नहीं किया। अब सर्वोच्च न्यायालय ने दिल्ली सरकार को आईना दिखाया है कि आप 'मुफ्त' क्यों दे रहे हैं, इससे मेट्रो को घाटा हो सकता है। उच्चतम न्यायालय ने राजधानी में महिलाओं को मेट्रो में मुफ्त यात्रा की सुविधा देने की दिल्ली सरकार की महत्वाकांक्षी योजना को की आलोचना की। शीर्ष अदालत ने इस तरह की 'मुफ्त' यात्रा और 'रियायत' देने पर सवाल उठाया। न्यायालय ने कहा कि दिल्ली सरकार को 'जनता के पैसे' से इस तरह की मुफ्त रेवड़ियां देने से गुरेज करना चाहिये और साथ ही उसे चेतावनी दी कि वह उसे ऐसा करने से रोक सकती है क्योंकि अदालतें 'अधिकारविहीन' नहीं हैं। सुप्रीम कोर्ट ने मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की दिल्ली सरकार से दो टूक कहा कि आप प्रलोभन मत दीजिये। यह जनता का पैसा है। आप दिल्ली मेट्रो को क्यों बर्बाद करना चाहते हैं? क्या आप इस तरह की घूस देंगे और कहेंगे कि केन्द्र सरकार को इसका खर्च वहन करना चाहिए। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल ने गत जून में कहा था कि उनकी सरकार राजधानी में मेट्रो और बस में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की सुविधा देने पर विचार कर रही है और उसकी योजना दो-तीन महीने के भीतर इसे लागू करने की है। दिल्ली सरकार के इस कदम को अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव से जोड़ कर देखा जा रहा है। दरअसल सरकारों को समझना चाहिए कि सरकारी खजाने में जो भी है, वह जनता का धन है, सत्ताधारी दल का नहीं है। सत्ताधारी दलों को जनता के धन का सूझबूझ के साथ इस्तेमाल किया जाना चाहिए। जनता को मुफ्त की लत लगाना अच्छा अर्थशास्त्र नहीं है। सरकारों को चाहिए कि अपनी स्कीमों से वह जनता को समर्थ बनाएं, न कि उन्हें आश्रित बनाएं। अगर सरकार रोगारोन्मुखी सिस्टम में निवेश करेगी तो इससे राज्य-देश में खुशहाली आएगी, लोग आत्मनिर्भर बनेंगे, पूंजी का सृजन होगा। हाल के दशक में वोट हासिल करने के लिए सत्ताधारी दलों ने मुफ्त (फ्रीबिज) बांटने का चलन शुरू किया। इसमें सभी दल शामिल हैं। कांग्रेस, सपा, भाजपा, द्रमुक, अन्नाद्रमुक, जदयू, आप समेत अधिकांश दल मतदाताओं को प्रभावित करने के लिए अलग-अलग रूप में लोकलुभावन फ्रीबिज बांटने की घोषणाएं कर चुके हैं। पूर्व में मुफ्त लैपटॉप, साइकिल, साड़ी-टीवी, एक रुपये-दो रुपये अनाज, 5 रुपये में भोजन, खाते में रुपये आदि की घोषणाएं हो चुकी हैं। आप ने भी उसी राह पर चलते हुए मेट्रो में महिलाओं को मुफ्त यात्रा की योजना बनाई। राज्यों को इस बात पर विचार करना चाहिए कि जब वह अपने बजट के लिए केंद्र पर निर्भर है और खुद आत्मनिर्भर नहीं है, तो कोई भी ऐसा कदम नहीं उठाना चाहिए, जिससे सरकार की आर्थिक सेहत पर असर पड़े। आर्थिक मजबूती के लिए जरूरी है कि पार्टियां मुफ्त बांटने की योजना से बचें। सभी सत्ताधारी दल सरकारी धन का सदुपयोग करें, वोट के लिए संसाधनों का दुरुपयोग नहीं करें। देश से खैरात बांटने की राजनीति का अंत होना चाहिए।

# भारत-रूस दोस्ती को लगे पंख



संबंध
रमेश ठाकुर

रूस के तेल और खनिज क्षेत्रों के लिए भारत द्वारा दिए सात हजार करोड़ रुपये के कर्ज के साथ ही दोनों देशों के बीच मित्रता के पंख भी लग गए। मोदी-पुतिन की जोड़ी ने दोस्ती को नया आयाम दिया है। दोनों मुल्कों ने एक दूसरे के लिए हर संकट में एक साथ खड़े होने का वादा किया है। दोनों नेताओं के आपसी प्रयासों से रखी गई दोस्ती की नई नींव को पूरा संसार भी देख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा को अब तक की सबसे सफल यात्रा के रूप में देखा जा रहा है।

वरूस के तेल और खनिज क्षेत्रों को जीवंत के लिए भारत सरकार द्वारा दिए सात हजार करोड़ रूपये के कर्ज के साथ ही दोनों देशों के बीच दशकों से बनी मधुरता में अब भागीरथ मित्रता के पंख भी लग गए। मोदी-पुतिन की जोड़ी ने न सिर्फ दोस्ती को नया आयाम दिया है, बल्कि यहां से दोस्ती का नया अध्याय भी शुरू हो जाता है। दोनों मुल्कों ने एक दूसरे के लिए हर संकट में एक साथ खड़े होने का वादा किया है। दोनों नेताओं के आपसी प्रयासों से रखी गई दोस्ती की नई नींव को पूरा संसार भी देख रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रूस यात्रा को अब तक की सबसे सफल यात्रा के रूप में देखा जा रहा है। संकेत मिल रहे हैं कि आने वाले वक्त में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदा रूस यात्रा कई मायनों में अहम साबित हो सकती है।

प्रधानमंत्री मोदी की दो दिनी यात्रा के दरमियान दोनों मुल्कों के मध्य एनर्जी क्षेत्र में साथ काम करने को लेकर भविष्य के लिए खाका तैयार किया गया। नई डील के मुताबिक ऊर्जा शक्ति को उत्पन्न करने के लिए दोनों देश आपस में मिलकर काम करेंगे। संसार इस बात से वाकिफ है कि जिस देश के पास ऊर्जा पॉवर नहीं है, वह दूसरों से हमेशा पिछड़ा रहेगा। ऊर्जा पर ही तरक्की और उत्पादन निर्भर होता है। रूस-भारत की दोस्ती बहुत पुरानी है। दोनों मुल्क एक दूसरे पर आंख मूंद कर विश्वास करते हैं। अब इस दोस्ती में मिठास और घुल चुकी है। सदियों से रूस हर मौके पर भारत के साथ खड़ा रहा है। दोस्ती का ही अक्स है, भारत ने रूस के सुदूर पूर्व तेल संपन्न क्षेत्रों के उद्धार के लिए एक अरब डॉलर का सहयोग दिया है।

भारत-रूस की नई दोस्ती से पाकिस्तान पूरी तरह से चिड़ गया है। पाकिस्तान को पता है उनकी हर नापाक हरकत पर रूस उनकी अलोचना करता है। अब खुलकर भारत का सहयोग करेगा। कश्मीर को लेकर इस वक्त भारत-पाक के बीच तनातनी का माहौल है। जबकि, रूस कश्मीर मुद्दे पर और सीमा पार आतंकवाद संबंधी चिंताओं पर भारत का लंबे समय से पूर्ण समर्थन करता आया है। ऊर्जा क्षेत्र में दोनों देश के बीच सहयोग की जो राहें खुली हैं उससे सबसे ज्यादा परेशान पाकिस्तान हो रहा है। भारत के साथ जब कोई बड़ा मुल्क जुड़ता है तो पाकिस्तानी नेताओं के पेट में मरोड़े उठने लगती है। दुनिया जिस अंदाज से भारत की दीवानी होती जा रही है, उतनी ही तेजी से पाकिस्तान परेशान होता जा रहा है। खैर, पाकिस्तान को अपने हाल पर ही छोड़ देना ही समझदारी होगा? लेकिन रूस-भारत के बीच दोस्ती की जो नई इबारत लिखी गई उससे दोनों मुल्कों को आने वाले समय में फायदा होगा।

ऊर्जा क्षेत्र में रूस के साथ भारत का जो समझौता हुआ है उससे निश्चित रूप से हिंदुस्तान की ऊर्जा शक्ति और मजबूती मिलेगी। वर्तमान में ऊर्जा सभी देशों की



जरूरत है। बिना ऊर्जा शक्ति के कोई कुछ नहीं कर सकता। समूचे संसार की जीवनशैली में निरंतर बदलाव हो रहा है। विकास वृद्धि की गति के साथ, इंसानी जरूरतें भी लगातार बढ़ रही हैं। आगे निकलने की प्रतिस्पर्धा में सभी को बेहतर उपकरणों की जरूरतें हैं। इन जरूरतों की भरपाई मात्र ऊर्जा सेक्टर ही पूरा कर सकता है। इस लिहाज से ऊर्जा को खोजने और उसके संरक्षण के लिए तमाम मुल्क एक साथ काम कर रहे हैं। इस दिशा में अब नए समझौते के तहत भारत-रूस में भी कदम बढ़ा दिए हैं। हालांकि भारत अभी भी कच्चे तेल और एलएनजी को लेकर ईरान पर निर्भर है। लेकिन रूस के साथ नए मसौदे के बाद भी ईरान से तेल एवं एलएनजी खरीद में आड़े आने वाले मुद्दों से कोई लेना देना नहीं हैं। उनके साथ भारत का जो करार है वह भविष्य में भी यथावत ही रहेगा।

हिंदुस्तान मौजूदा वक्त में हर क्षेत्र में अपनी पकड़ मजबूत कर चुका है। साइंस, स्पेस, निर्माण, इकॉनमी, बाजार आदि क्षेत्रों में उनका कोई सानी नहीं है। लेकिन ऊर्जा सेक्टर में अभी भी थोड़ा पिछड़ा हुआ है। कच्चे तेलों के लिए भारत अब भी पूरी तरह से ईरान पर ही निर्भर है। इसी कमजोरी को दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। यही वजह है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी दो दिनी रूस यात्रा में संसाधन संपन्न रूस के साथ अपने ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने की एतिहासिक पहल की है। भारत के आग्रह का रूस ने स्वागत किया है जिसके चलते पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रूस के ऊर्जा मंत्रालय के साथ तेल एवं गैस क्षेत्र में सहयोग बढ़ाने के करार पर मुहर लगाई है। इस करार से परिवहन के लिए प्राकृतिक गैस इस्तेमाल एंव अन्य ऊर्जा की जरूरतों वाले क्षेत्रों की भरपाई होगी।

प्रधानमंत्री की यात्रा के दौरान एक और बेहतरीन फैसला हुआ। फैसले के मुताबिक चेन्नई से व्लादिवोस्तोक को जोड़ने के लिए समुद्री मार्ग चालू करने पर भी सहमति हुई। अगर यह मार्ग खुलता है तो इससे आर्कटिक मार्ग के जरिए यूरोप भी जोड़ा जा सकेगा। भारत और यूरोप के बीच की दूरी कम होगी। इससे कई मुल्कों के साथ आयात-निर्यात करने में सहूलियतें मिलेंगी। इसके अलावा रूस को कुशल श्रमशक्ति भेजने की संभावना तलाशने के अलावा भारत कृषि क्षेत्र में भी सहयोग के रूप में देख रहा है। क्योंकि खेती करने की तकनीक भी उनके पास हमसे बेहतर है। इस मसले पर भी विचार किया जाएगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने अपनी यात्रा के दौरान व्लादिवोस्तोक में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ 20वीं वार्षिक द्विपक्षीय शिखर बैठक भी हुई। बैठक के अलावा दोनों नेताओं ने रूस के एक प्रमुख पोत निर्माण यार्ड का भी संयुक्त रूप से दौरा कर कई चीजों का मुआयना किया। इसके अलावा मोदी मुख्य अतिथि के रूप में पूर्वी आर्थिक मंच की बैठक में शामिल हुए। तब, कई नेताओं के साथ उनकी द्विपक्षीय वार्ता हुई। मोदी और पुतिन ने व्लादिवोस्तोक में एक अंतरराष्ट्रीय जूडो चैम्पियनशिप का भी दौरा किया जिसमें छह सदस्यीय भारतीय टीम इस वक्त भाग ले रही है। कुल मिलाकर पीएम मोदी ने अपनी यात्रा को पूरी तरह से सफल बनाने का प्रयास किया। अपनी मात्र दो दिनी यात्रा में उन्होंने कोयला खनन और बिजली क्षेत्रों सहित कई समझौतों को अंतिम रूप दिया। उम्मीद की जानी चाहिए कि आने वाले दिनों में इस यात्रा के फायदे दिखाई देंगे। एनर्जी के क्षेत्र में बेहतरीन समझौते हुए हैं।

## व्यंग्य
आलोक पुराणिक

# पाक की हालत

पाक पीएम इमरान खान के दफ्तर में खुफिया रिकार्डिंग से पाक पीएम और पाक आर्मी जनरल बाजवा का यह संवाद सामने आया है।

इमरान : इंडिया से बार-बार फोन आ रहा है। कोई मौज ले रहा है, कहता है कि बिड़लाजी के दफ्तर का चपरासी बोल रहा हूं-बचा खुचा पाकिस्तान खरीदना हैं। इंडिया के बिजनेसमैन लोगों के चपरासी पाकिस्तान खरीदने का आफर दे रहे हैं। देख ओय फिर किसका फोन है।

बाजवा : जी इस बार भी इंडिया से है, पर वह कह रहा है कि वह कनाट प्लेस दिल्ली का ट्रैफिक हवलदार बोल रहा है उसे पाकिस्तान खरीदना है।

इमरान : ये क्या है ओय, दिल्ली का ट्रैफिक हवलदार भी अब पाकिस्तान खरीदने के चक्कर में है। ये हो क्या रहा है।

बाजवा : जी अब इंडिया में नया यातायात कानून पास हो गया है। यातायात हवलदारों की इतनी तो हैसियत हो गई है कि पाकिस्तान को खरीद लें।

**इमरान :** ओये यह समझ नी लग रही कि पहले बिजनेसमैन का चपरासी पाक खरीदने की बात करता था, अब ट्रैफिक हवलदार पाकिस्तान खरीदने की बात करता है। मतलब इसे हमें अपना प्रमोशन समझना चाहिए कि डिमोशन। अभी हमारे पाकिस्तान में है क्या,-क्या मतलब हमारी कीमत कितनी है, इसका पता करते हैं। बताओ, ये जो अपने सरकारी इदारे, सरकारी डिपार्टमेंट हैं, इनकी वैल्यू क्या है। जरा बताओ अपने सरकारी बिजली घरों की वैल्यू क्या है। इसके बाद ही हमें पता लगेगा कि पाकिस्तान की असल कीमत है क्या।

**बाजवा :** पाकिस्तानी बिजलीघरों में चीनी बैंकों ने रकम लगाई है। चीनी बैंकों के हैं ही ये बिजलीघर जो भी हैं। ईमान से कहूं, तो ये बिजलीघर अब पाकिस्तानी नहीं हैं, चीनी ही मानो इन्हे। इनमें कुछ भी नहीं है पाक का।

**इमरान :** पर हमारे टीवी स्टेशन, हमारे रेडियो स्टेशन वो तो हमारे हैं ना। पाक के हैं ना या फिर उनमें भी कोई गड़बड़ है।

**बाजवा :** टीवी स्टेशन और रेडियो स्टेशन सब गिरवी पड़े हैं बैंकों के पास। सेलरी न दे पा रहे हैं हम अपने इंपलायीज को। टीवी स्टेशन और रेडियो स्टेशन भी हमारे नहीं बचे, यूं समझ लें।

**इमरान :** ओये, पर वो पाकिस्तानी शहर तो अपने ही हैं। अपने कब्जे वाले कश्मीर के इलाके तो हमारे ही पास हैं, उन्हे बेचकर कुछ रकम खड़ी कर सकते हैं, गिलगिट वगैरह।

**बाजवा :** जी उन्हे हमें पहले ही चीन को बेचकर खा चुके हैं। वो अपने नहीं हैं। इमरान-ओये, फिर तो हमें बचा खुचा पाकिस्तान दिल्ली के ट्रैफिक हवलदार को बेच देना चाहिए। हवलदार जब पाकिस्तान की डिलीवरी लेने आएगा तो उसे पता लगेगा कि पाक का यहां कुछ है ही नहीं। जो भी कुछ लेना है, चीन से ले लो। ओये चल पाकिस्तान को दिल्ली के ट्रैफिक हवलदार को बेचकर उसे बेवकूफ बना देते हैं।

**बाजवा :** जी ऐसा करेंगे तो चीन बहुत नाराज होगा कि ये ही आइटम पाक वाले पहले चीन को बेच गए फिर ये ही आइटम दिल्ली के हवलदार को बेच गए। ये तो बेईमानी हो गई ना।


**इमरान :** पाकिस्तान में बेईमानी को हम स्ट्राटेजी कहते हैं। ओये बाजवा, ये इतने बड़ी-बड़ी जगहें खाली दिखती हैं पाकिस्तानी शहरों में, इन्हे बेचकर कुछ रकम उठा लें क्या।

**बाजवा :** पाकिस्तान में जो कुछ भी गिरवी नहीं रखा गया है, जो कुछ भी बेचा नहीं गया है, वो सब का सब पाकिस्तानी आर्मी के जनरलों और कर्नलों के पास है। पाकिस्तान के सारे कायदे के प्लाट तो पाक आर्मी के पास हैं। आप तो यूं समझे कि जो बिका नहीं है और जो गिरवी नहीं है, वह पाक आर्मी का है। उस पर आप निगाह न डालें, पाक आर्मी ने आपको पीएम की पोस्ट दे दी, आपको आर्मी के प्लाट नहीं मिलेंगे, समझ लें आप।

**इमरान :** ओय बाजवा तू इतने तमगे, मैडल लगाए घूम रहा है, तूने लड़ाई तो एक भी जीती नहीं है। पाक 1965 में हारा, 1971 में हारा, 1999 में कारगिल में हारा। तू मैडल क्यों लगाकर घूमता है। मैं तेरा पीएम हूं, जवाब दे। बाजवा-ओये, औकात में रह।

पाकिस्तान जितना बचा खुचा है, आर्मी का है। तू नहीं बेच सकता। तेरे पास सिर्फ फालतू की बातें हैं, जिनकी कीमत एक कौड़ी की भी नहीं है। इमरान-यस सर।

# इन 3 कामों में कभी भी न करें संकोच



संकलित
## दर्शन


चाणक्य का कहना है इन तीन कामों में कभी भी किसी को शर्म या संकोच नहीं करना चाहिए।

1- ज्ञानार्जन- जब आप का कहीं विद्या ग्रहण करने या अध्ययन करने जाते हैं तो वहां किसी प्रकार का संकोच नहीं करना चाहिए। कहने का मतलब यह है कि जब क्लास में टीचर पढ़ा रहा हो तो कोई भी सवाल या संदेह हो तो बेहिचक पूछना चाहिए। जो लोग अध्ययन में या विद्या पाने में संकोच करते हैं उन्हें जीवन में हानि का सामना करना पड़ सकता है।

2- भोजन करने में-चाणक्य का कहना है कि जिन तीन बातों में संकोच नहीं करना चाहिए उनमें से एक है भोजन करना। चाणक्य का कहना है कि जब आपको भूख लगी हो और कहीं खाना मिल रहा है तो भरपेट खाना चाहिए। कोई आपको भोजन करा रहा हो तो बिना संकोच के और जरूरत के हिसाब से भोजन करना चाहिए।

3- व्यक्तिगत व्यवहार-जिस व्यक्ति से आपका करीबी रिश्ता हो उससे बोलने या अन्य मामलों में किसी प्रकार का संकोच नहीं करना चाहिए। करीबी लोग यदि कुछ गलत करें तो इस पर उन्हें बिना यह सोचे टोकना चाहिए कि उन्हें बुरा लगेगा या सही। ऐसे करने से एक दूसरे पर भरोसा ज्यादा होगा।

# ज्ञान किसी का सगा नहीं



संकलित
## प्रेरणा

एक महात्मा ने देखा कि उनके शिष्य को अपने ज्ञान और विद्वत्ता पर बड़ा घमंड होने लगा है। महात्मा उसके इस घमंड को दूर करना चाहते थे। उन्हें शिष्य को सच्चा ज्ञान देने की सूझी तो जिसके चलते एक दिन सवेरे ही वह उसे साथ लेकर यात्रा पर निकले। दोपहर के समय वे दोनों एक खेत में पहुंचे, जहां एक किसान अपनी फसल को सींच रहा था। गुरु और शिष्य काफी देर तक वहां खड़े रहे लेकिन किसान ने आंख उठाकर उनकी ओर देखा तक नहीं। वह लगन से अपने काम में लगा रहा। दोपहर ढले महात्मा अपने शिष्य के साथ एक नगर में पहुंचे। वहां उन्होंने देखा कि एक लुहार लोहा पीट रहा है। पसीने से उसकी सारी देह तर-बतर हो रही थी। गुरु-शिष्य काफी देर वहां खड़े रहे लेकिन लुहार को भी गर्दन ऊपर उठाने की फुरसत नहीं थी, लिहाजा वह भी अपने काम पर लगा रहा। गुरु-शिष्य फिर आगे बढ़े और दिन-छिपने के समय वे एक सराय में पहुंच गए। दोनों ही बेहद थके हुए थे, वहां भी उन्हें तीन मुसाफिर मिले जो बहुत थके हुए लग रहे थे। उन्हें देखकर प्रतीत हो रहा था कि तीनों ही अपने-अपने काम से लौटे हैं और काफी थकान में हैं। गुरु ने शिष्य से कहा, 'तुमने देखा, पाने के लिए कितना देना पड़ता है। किसान तन-मन लुटाता है, तब कहीं खेत फलता है और लोगों को खाने को मिलता है। लुहार शरीर सुखा देता है तब धातु सिद्ध होती है, यात्री अपने को थकाकर ही मंजिल पाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### पैसों को ले गुरु-शिष्य की परंपराओं में आ रहा ह्रास

शिक्षक दिवस भारत के दूसरे राष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। वह पेशे से शिक्षक थे। भारत में गुरु और शिष्य की परंपरा वर्षों पुरानी है। भारत में ऐसे-ऐसे विद्यार्थी हुए जिन्होंने गुरु की आज्ञा के कारण बहुत से त्याग किए। आज भी गुरु-शिष्य की परंपराओं में एकलव्य एवं अरुणी का नाम लिया जाता है। पहले शिक्षक और ब्राह्मण पैसों की खातिर अपना कर्म नहीं किया करते थे, परंतु आधुनिक युग में जहां पैसों की अहमियत बढ़ गई है।

- रविंद्र जोशी, रायपुर

## ट्रेंड

### भिवानी को बधाई



हरियाणा राज्य के भिवानी जिले को जन्म के समय लिंगानुपात में सतत सुधार के लिए बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ 2019 पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि के लिए सामान्य जनमानस द्वारा मिले सहयोग एवं जिला प्रशासन को बधाई देती हूं।

### श्रीराम का सम्मान



भारत का संविधान भी मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम का सम्मान करता है, रामायण एवं महाभारत को काल्पनिक उपन्यास व संस्कृत को सांप्रदायिक भाषा बताकर मजाक उड़ाने वाले, संविधान की मूल प्रति पर एक निष्पक्ष व दुराग्रहमुक्त दृष्टि जरूर डालें।

-बाबा रामदेव, योग गुरु

### खिलाड़ी की पहचान



संगति, चरित्र और लगन एक महान खिलाड़ी की अंतिम पहचान होती हैं। इसी से पता लग जाता है कि वो अपने खेल के प्रति कितना समर्पित है। स्टीव स्मिथ इसे अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। वो सच में अपने आप में बहुत खास हैं।

-संजय मांजरेकर, क्रिकेटर

### प्रकृति सबसे अच्छी



हर बार जब हम एक पेड़ काटते हैं तो प्राकृतिक आपदा को आमंत्रित करते हैं। प्रकृति हमारी सबसे अच्छी शिक्षक है। दुर्भाग्य से हम इंसान अच्छे छात्र नहीं हैं। प्रकृति का सम्मान करें या मानव जाति को सीखने में बहुत देर हो जाएगी।

-हर्ष गोयनका, उद्योगपति

## करंट अफेयर

# पाकिस्तान की सरकारी नौकरियों में हिंदू महिलाएं



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सरकारी पदों पर नियुक्ति के मामले में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय, खासतौर से महिलाएं, लंबे समय से हाशिए पर थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं है। पुष्पा कुमारी इस बात का ताजा उदाहरण हैं कि हिंदू महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। अनुसूचित जाति के कोहली समुदाय से आने वाली 29 वर्षीय पुष्पा कुमारी ने सिंध में प्रांतीय प्रतियोगी परीक्षा पास की और पहली हिंदू महिला सहायक उप-निरीक्षक बन गईं। इससे पहले जनवरी में सुमन पवन बोदानी पाकिस्तान की पहली महिला हिंदू सिविज जज बनी थीं। बोदानी सिंध के शहदादकोट इलाके की हैं और सिविल जज/ न्यायिक मजिस्ट्रेट की नियुक्ति की प्रावीण्य सूची में उनका 54वां स्थान था। पिछले साल कोहली समुदाय की एक अन्य महिला कृष्णा कुमारी पाकिस्तान की पहली सीनेटर बनी थीं। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की खबर के मुताबिक, पुष्पा को सिंध पुलिस में शामिल किया गया है। हालांकि पुलिस में जाना उनका सपना नहीं था। उन्होंने 2014 में डॉव स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय से 'क्रिटिकल केयर' में स्नातक किया और पिछले साल तक वह ट्रामा सेंटर की गहन देखभाल इकाई (आईसीयू) में टेक्नालॉजिस्ट के पद पर कार्यरत थीं। उन्होंने अपनी पसंद के बारे में बताया, चिकित्सा पेशे में कई हिंदू महिलाएं हैं।

## ऑफ बीट

# बिजनेसमैन ने अपने स्कूल को राजमहल में बदला



रूस के अरबपति आंद्रेई सिमानोव्स्की ने जिस स्कूल से पढ़ाई की, उसका कायापलट कर दिया। उन्होंने स्कूल को राजमहल में तब्दील कर दिया है। आंद्रेई येकातेरिनबर्ग 106 सेकंडरी स्कूल के पूर्व छात्र होने के साथ बिजनेसमैन भी हैं। स्कूल के वीडियो और तस्वीरों को सोशल मीडिया पर भी सराहा जा रहा है। मार्बल और सोने की दीवारें, फर्श और बाथरूम में एडवांस बेसिन लगाए गए हैं। स्कूल की छत पर लगे सोने के झूमर को देखकर लगता है कि किसी स्कूल में नहीं बल्कि फ्रांस के किसी पैलेस में खड़े हैं। आंद्रेई बचपन से अमीर बनना चाहते थे। उनका सपना था कि पर्याप्त पैसा होने पर स्कूल को महल की तरह सजाएंगे, जिसे उन्होंने पूरा किया। स्कूल के काफी हिस्से में काम पूरा हो गया है। क्लासेस और कार्यालय को और भी खूबसूरत बनाने की कोशिश जारी है। आंद्रेई का कहना है- बिल्डिंग के अलावा खेल के मैदान और जिम का भी रेनोवेशन करना चाहता हूं। अगर स्थानीय प्रशासन इसकी इजाजत देगा, तो इसे और बेहतर बनाने की कोशिश करेंगे। आंद्रेई के इस तरह से स्कूल को महल के रूप में बदलने को लेकर कई डिजाइनर्स और ब्लॉगर्स आलोचना कर रहे हैं। हालांकि अधिकारियों या प्रशासन की तरफ से अभी तक इसका विरोध नहीं किया गया है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**
टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **aapkepatra.haribhoomi@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### शैलजा और हुड्डा आज संभालेंगे पदभार

नई दिल्ली। हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी की नवनियुक्त अध्यक्ष कुमारी शैलजा और विधायक दल के नेता एवं चुनाव प्रबंधन समिति के प्रमुख भूपेंद्र सिंह हुड्डा शनिवार को चंडीगढ़ में प्रभार ग्रहण करेंगे। सूत्रों के मुताबिक, शैलजा और हुड्डा कल सड़क मार्ग से चंडीगढ़ जाएंगे जहां वे प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यालय में करीब 12 बजे पदभार संभालेंगे। इस मौके पर कांग्रेस के हरियाणा प्रभारी गुलाम नबी आजाद और राज्य इकाई के दूसरे वरिष्ठ नेता मौजूद रहेंगे। गौरतलब है कि हरियाणा विधानसभा चुनाव से कुछ हफ्ते पहले कांग्रेस ने अपनी राज्य इकाई के नेताओं की आपसी कलह को दूर करने का प्रयास करते हुए बुधवार को शैलजा को प्रदेश अध्यक्ष और हुड्डा को विधायक दल का नेता एवं चुनाव प्रबंधन समिति का प्रमुख नियुक्त किया। हरियाणा में अक्टूबर के आखिर में विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है।

### कठुआ में 2500 किग्रा प्रतिबंधित पॉलिथीन बैग जब्त, एक व्यक्ति गिरफ्तार

जम्मू। जम्मू कश्मीर के कठुआ जिले में एक व्यक्ति के वाहन से 2500 किलोग्राम प्रतिबंधित पॉलिथीन बैग पाए गए, जिसके बाद



शुक्रवार को उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि सलालपुर-कोरेपुन्नू गांव का निवासी राजेंद्र कुमार अपनी गाड़ी में पंजाब से प्रतिबंधित पॉलिथीन की तस्करी करने की कोशिश कर रहा था जब उसे जम्मू-पठानकोट राजमार्ग पर राजबाग इलाके में पुलिस ने रोका। उन्होंने बताया कि कुमार के खिलाफ रणबीर दंड संहिता और जम्मू कश्मीर नॉन बायोडिग्रेडेबल मैटीरियल एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है।

### शिक्षकों के क्षमता निर्माण के लिये सीबीएसई ने माइक्रोसॉफ्ट से किया करार

नई दिल्ली। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने हाई स्कूल के शिक्षकों के क्षमता निर्माण कार्यक्रम और शिक्षण में क्लाउड आधारित प्रौद्योगिकी को शामिल करने के लिये माइक्रोसॉफ्ट से हाथ मिलाया है। आठवीं से 10वीं कक्षा के शिक्षकों के लिये बनाया गया यह कार्यक्रम 11 सितंबर से देश भर के 10 शहरों में संचालित होगा। कार्यक्रम के तहत सीबीएसई द्वारा नामित कम से कम एक हजार शिक्षकों को तीन दिन का परियोजना आधारित प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस दौरान उन्हें माइक्रोसॉफ्ट 365 प्रोग्राम जैसे वननोट, फ्लिपग्रिड, टीम्स और आउटलुक आदि का व्यवहारिक व प्रायोगिक ज्ञान दिया जाएगा। माइक्रोसॉफ्ट इंडिया के महाप्रबंधक मनीष प्रकाश ने कहा कि कृत्रिम मेधा दुनियाभर में देशों के आर्थिक विकास के लिये रणनीतिक प्रभाव उत्पन्न करने वाला साधन बन गया है।

### गोविंद पनसारे हत्याः तीन आरोपियों को 16 सितंबर तक हिरासत में भेजा

मुंबई। कोर्ट ने तीनों आरोपियों को 16 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेजा 16 फरवरी 2015 को कोल्हापुर में गोविंद पनसारे को गोली मारी गई। वामपंथी नेता गोविंद पनसारे हत्या मामले की जांच कर रही महाराष्ट्र एसआईटी की टीम की ओर से दक्षिणपंथी संगठन सनातन संस्था से जुड़े 3 लोगों को हत्या के आरोप में गिरफ्तार किए जाने के बाद कोल्हापुर कोर्ट ने उन्हें 16 सितंबर तक पुलिस हिरासत में भेज दिया है। इससे पहले गोविंद पनसारे हत्याकांड की जांच करने वाली महाराष्ट्र पुलिस की विशेष जांच टीम (एसआईटी) ने 3 आरोपियों को हिरासत में लेने के बाद आज शुक्रवार को कोल्हापुर कोर्ट में पेश किया जहां से आरोपियों को पुलिस हिरासत में भेज दिया गया। 4 साल पहले 16 फरवरी 2015 को गोविंद पनसारे और उनकी पत्नी उमा पर कुछ अज्ञात बाइक सवारों ने कोल्हापुर में गोली मार दी। कोल्हापुर स्थित उनके घर के पास ही यह वारदात हुई। घटना के 4 दिन बाद 20 फरवरी को अस्पताल में गोविंद पानसरे ने दम तोड़ दिया। पनसारे सीपीआई के वरिष्ठ नेता थे।

## राजस्थान: आरएसएस और बीजेपी की समन्वय बैठक आज से

# तीन दिन राष्ट्रीय सुरक्षा सहित कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर होगा मंथन

नई दिल्ली। राजस्थान के पुष्कर में 7 से 9 सितंबर तक आरएसएस और बीजेपी की समन्वय बैठक शुरू हो रही है। नरेंद्र मोदी सरकार के दूसरी बार बनने के बाद संघ और बीजेपी की यह पहली समन्वय बैठक है। इसमें कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा होगी। संघ के मुताबिक महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा उनका मुख्य मुद्दा होगा। लेकिन 370 की समाप्ति समेत ट्रिपल तलाक जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी चर्चा होने की उम्मीद है। समन्वय बैठक में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत सरकार्यवाह भैयाजी जोशी, कृष्ण गोपाल और दत्तात्रेय होसबोले समेत कई प्रचारकों की मौजूदगी रहेगी। साथ ही बीजेपी की ओर से कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा और संगठन मंत्री बीएल संतोष बैठक में शामिल होंगे। नड्डा और संतोष दोनों



देर शाम जयपुर पहुंच चुके हैं। इस बैठक में राजस्थान बीजेपी की नेता वसुंधरा राजे के अलावा राजस्थान और कुछ अन्य नेता भी शामिल हो सकते हैं। मौजूदा परिस्थितियों पर गौर करें तो इस बार बैठकी को प्रचंड बहुमत मिला है। इससे संघ को भी उम्मीद है कि उन प्रमुख मुद्दों पर इस बार कोई निष्कर्ष निकलेगा जिन मुद्दों पर लंबे समय से आरएसएस जनता में एक मैसेज देने की कोशिश कर रहा है। हाल ही में मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को खत्म कर सालों से चल रही संघ की मांग को अमली जामा पहनाया है लेकिन अभी भी संघ के अखंड भारत के सपने को पूरा होने में वक्त है।

### देशहित में सामाजिक और आंतरिक्ष विषयों पर चर्चा करने की बनाई योजना

पुष्कर की तीन दिवसीय बैठक में फिलहाल संघ ने देशहित में सामाजिक और आंतरिक विषयों पर ही मुख्य रूप से चर्चा करने की योजना बनाई है। संघ के मुताबिक महिला सशक्तिकरण, स्वास्थ्य और राष्ट्रीय सुरक्षा प्रमुख विषय होगा। साथ ही संघ बैठक के दौरान एक रिपोर्ट पेश करेगा, जिसे दो साल तक अनुसूचित जाति, जनजाति, कामकाजी, घरेलू महिलाओं, युवाओं और ग्रामीणों के बीच एक विशेष सर्वेक्षण के आधार पर तैयार किया गया है। इस सर्वेक्षण में चार प्रमुख बातें है। राष्ट्रीय सुरक्षा खासकर समुद्री सीमा और स्थलीय सीमा, विकास, पलायन, रोजगार। इन चार विषयों पर प्रमुख रूप से चिंतन होगा।

### भागवत 11 सितम्बर तक पुष्कर में ही रहेंगे

पिछली समन्वय बैठक के दौरान पर्यावरण, जल संकट, युवाओं में कार्य विस्तार और नई पीढ़ी में संस्कार कार्य विस्तार पर चिंतन किया गया था। उसके बारे में संघ कहां तक पहुंच सका इसे बैठक के दौरान सार्वजनिक किया जाएगा। भागवत 11 सितम्बर तक पुष्कर में ही रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न स्तर पर होने वाली बैठकों में शामिल होंगे। बैठक में संघ की अखिल भारतीय कार्यकारिणी के सदस्य और समाज जीवन के विविध क्षेत्रों सामाजिक, धार्मिक, आर्थिक और शिक्षा सेवा में काम करने 42 प्रकल्पों के करीब 200 अखिल भारतीय पदाधिकारी शामिल होंगे।

## कांग्रेस चलाएगी व्यापक सदस्यता अभियान

# 12 सितंबर को वरिष्ठ पदाधिकारियों के साथ बैठक करेंगी सोनिया

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली



कांग्रेस ने तीन राज्यों में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले व्यापक सदस्यता अभियान चलाने का फैसला किया है और इस संदर्भ में 12 सितंबर को पार्टी अध्यक्ष सोनिया गांधी के नेतृत्व में वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक होगी। पार्टी महासचिवों-प्रभारियों की बैठक के बाद राजस्थान प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय ने कहा कि महात्मा गांधी की 150वीं जयंती सभी प्रदेशों में मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि आगामी 2 अक्टूबर को सभी राज्यों में पदयात्राओं का आयोजन होगा और एक सप्ताह तक कई कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।। पांडेय ने कहा 12 सितंबर को कांग्रेस ने सदस्यता अभियान को लेकर अहम बैठक बुलाई है जिसे सोनिया गांधी संबोधित करेंगी। सोनिया गांधी के अंतरिम अध्यक्ष बनने के बाद उनकी अगुवाई में यह पहली बैठक होगी। बैठक में प्रदेश प्रभारी, प्रदेश अध्यक्ष, विपक्ष के नेता, महासचिव सभी शामिल होंगे। पांडेय के मुताबिक महासचिवों-प्रभारियों की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि बूथ, ब्लॉक, जिला और राज्य स्तर पर प्रशिक्षण कार्यक्रम फिर शुरू होंगे।

## चुनावी राज्यों में भाजपा मोदी के नाम पर लड़ेगी विधानसभा चुनाव




हरिभूमि ब्यूरो,नई दिल्ली। इस साल के आखिर में हरियाणा,महाराष्ट्र,झारखंड व अगले साल के शुरू में दिल्ली में होने जा रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के चेहरे को ही आगे रखेगी। हरियाणा महाराष्ट्र व झारखंड में भाजपा की सरकार है। लिहाजा पार्टी नहीं चाहती कि राज्य में सत्ता विरोधी किसी तरह की लहर दिखाई दे। पार्टी सूत्रों के मुताबिक पिछले विधानसभा चुनाव में भाजपा ने इन राज्यों में किसी चेहरे को आगे करके चुनाव नहीं लड़ा था। बाद में पार्टी नेतृत्व ने मुख्यमंत्रियों के नाम तय किए थे। इस बार भी पार्टी किसी चेहरे को आगे करके चुनाव नहीं लड़ना चाहती है। ताकि दोबारा सत्ता में आने के बाद अगर किसी राज्य में मुख्यमंत्री को बदलना हो तो कोई राजनीतिक हलचल न हो।

## दुनिया के अनेक देश भारत के स्वच्छता अभियान से सीखना चाहते हैं: राष्ट्रपति

एजेंसी ▶▶नई दिल्ली

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने शुक्रवार को कहा कि भारत के स्वच्छता अभियान से प्रेरित होकर अनेक देश हमसे सीखना चाहते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि इन देशों के साथ हम भी अनुभव साझा करना चाहते हैं। साथ ही उन्होंने कहा कि सतत विकास लक्ष्य के तहत स्वच्छता से जुड़े लक्ष्यों को भारत समय सीमा से 11 वर्ष पहले हासिल करने वाला है। स्वच्छता महोत्सव एवं स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित करने के लिए आयोजित एक कार्यक्रम में राष्ट्रपति ने कहा कि पिछले पांच वर्षों में स्वच्छता मंत्रालय ने इस अभियान में सराहनीय योगदान दिया है। इस अभियान की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह केवल सरकार का अभियान नहीं रहा बल्कि इसमें हर भारतवासी का योगदान रहा।



### 15 करोड़ छात्रों ने स्वच्छता में भागीदारी की

मुझे बताया गया है कि 2017 और 2018 में आयोजित स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रमों में 10 करोड़ से अधिक लोगों ने हिस्सा लिया। 5 लाख से अधिक स्वच्छाग्रहियों ने दिन रात मेहनत करके स्वच्छता की भावना का संचार किया। कोविंद ने कहा कि स्कूलों में पढ़ने वाले 15 करोड़ छात्रों ने स्वच्छता कार्यों में सक्रिय भागीदारी की। उन्होंने कहा कि मुझे उम्मीद है कि ऐसे विद्यार्थी स्वच्छता की संस्कृति को मजबूत बनायेंगे। राष्ट्रपति ने इस संदर्भ में रेल मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सिक्किम एवं गुजरात सरकार, पावर ग्रिड कारपोरेशन आदि को बधाई दी।

## विधानसभा में एनआरसी की चर्चा पर बोलीं ममता

# 'बंगाल में राष्ट्रीय नागरिक पंजीकरण लागू करने की अनुमति नहीं दूंगी'

एजेंसी ▶▶कोलकाता

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को कहा कि राज्य की तृणमूल कांग्रेस सरकार प्रदेश में राष्ट्रीय नागरिक पंजी के कार्यान्वयन की अनुमति नहीं देगी। मुख्यमंत्री ने विधानसभा में बताया कि राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) का कार्यान्वयन कुछ नहीं बल्कि भाजपा नीत केंद्र सरकार का राजनीतिक प्रतिशोध है। पश्चिम बंगाल में विधानसभा में नियम 185 के तहत एनआरसी पर एक प्रस्ताव पर चर्चा के दौरान ममता ने कहा कि हम लोग भाजपा को राष्ट्रीय नागरिक पंजी का कार्यान्वयन पश्चिम बंगाल में नहीं करने देंगे। उन्होंने कहा कि यह कुछ नहीं बल्कि देश में जारी आर्थिक



संकट से लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास है। उल्लेखनीय है कि असम देश का एकमात्र ऐसा राज्य है जहां एनआरसी को लागू किया गया है। एनआरसी की अंतिम सूची का प्रकाशन 31 अगस्त को किया गया था।

### कांग्रेस और टीएमसी विधायकों को शांत करने के लिये किया हस्तक्षेप

पश्चिम बंगाल विधानसभा में प्रश्न काल के दौरान एक राज्य मंत्री के बयान के बाद सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के विधायकों और विपक्षी कांग्रेस के सदस्यों में जारी तीखी नोकझोंक को शांत कराने के लिये मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को हस्तक्षेप करना पड़ा। प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस और टीएमसी विधायकों ने अध्यक्ष के आसन के पास आकर एक दूसरे के खिलाफ तीखी बयानबाजी की जिसकी वजह से सदन में हंगामा हो गया।

### केंद्र को चिदंबरम के प्रति कुछ तो सम्मान दिखाना चाहिए था

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने आईएनएक्स मीडिया मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी चिदंबरम को तिहाड़ जेल भेजे जाने के तरीके की शुक्रवार को आलोचना की। उन्होंने यहां राज्य विधानसभा में कहा कि केंद्र सरकार को उनके प्रति "कुछ तो सम्मान" दिखाना चाहिए था।

## कर्नाटक में आईएएस अधिकारी का इस्तीफा

# कहा- लोकतंत्र के ढांचे के साथ किया जा रहा समझौता

एजेंसी ▶▶मेंगलुरू

कर्नाटक के आईएएस अधिकारी एस शशिकांत सेंथिल ने शुक्रवार को सेवा से इस्तीफा दे दिया और अपने 'मित्रों' को एक पत्र लिखकर कहा कि लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे के साथ अभूतपूर्व तरीके से समझौता किया जा रहा है। सेंथिल दक्षिण कन्नड़ जिले के उपायुक्त हैं। सेंथिल ने हालांकि कहा कि यह उनका व्यक्तिगत निर्णय है। लेकिन अपने 'मित्रों' को लिखे एक पत्र में उन्होंने कहा कि सिविल सेवक के रूप में उनका सरकार में बने रहना अनैतिक होगा जब "लोकतंत्र के बुनियादी ढांचे के साथ अभूतपूर्व तरीके से समझौता किया जा रहा है।" उन्होंने कहा कि इस्तीफा किसी भी तरह से किसी घटना या किसी व्यक्ति विशेष से नहीं जुड़ा हुआ है।



### सब के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उनका आईएएस से बाहर रहना बेहतर होगा

उन्होंने अपने पत्र में कहा कि डीके (दक्षिण कन्नड़) के लोग और जन प्रतिनिधि मेरे प्रति बेहद उदार रहे हैं और मैं उनसे माफी मांगता हूं क्योंकि मुझे जो काम सौंपा गया था, उसे मैं बीच में ही छोड़ रहा हूं। सेंथिल ने यह भी कहा कि उन्हें प्रतीत होता है कि आने वाले दिन देश के मूल ताने-बाने के लिए बेहद कठिन चुनौतियां पेश करेंगे और सब के जीवन को बेहतर बनाने के लिए उनका आईएएस से बाहर रहना बेहतर होगा।

### आरिफ मोहम्मद खान ने केरल के राज्यपाल के रूप में शपथ ली

तिरुवनंतपुरम। पूर्व केंद्रीय मंत्री आरिफ मोहम्मद खान ने शुक्रवार को राज भवन में केरल के राज्यपाल के रूप में शपथ ली। केरल उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश ऋषिकेश रॉय ने खान को शपथ दिलाई। उन्हें एक दिन पहले राज्य का 22वां राज्यपाल नियुक्त किया गया था। उन्होंने कुछ कठिनाइयों के साथ मलयालम में ईश्वर के नाम पर शपथ ली। मुख्य सचिव टॉम जोस ने पहले राज्य के राज्यपाल के तौर पर खान को नियुक्त करने का राष्ट्रपति का पत्र पढ़ा और उसके बाद रस्मी तौर पर उन्हें शपथ लेने के लिए आमंत्रित किया। समारोह में मुख्यमंत्री पिनराई विजयन, के सुरेंद्रन, रामचंद्रन कदनापल्ली और के टी जलील तथा राज्य विधानसभा में भाजपा के एकमात्र विधायक ओ राजगोपाल ने भी भाग लिया।




### उपराष्ट्रपति ने राष्ट्रपति के चुने हुए भाषणों पर आधारित पुस्तकों का किया विमोचन

नई दिल्ली। उपराष्ट्रपति एम वेंकैया नायडू ने शुक्रवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद के चुने हुए भाषणों के संकलन 'लोकतंत्र के स्वर (खंड-2)' और 'द रिपब्लिकन एथिक (वॉल्यूम-2)' का विमोचन किया जिसे सूचना और प्रसारण मंत्रालय के प्रकाशन विभाग ने प्रकाशित किया है। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति ने कहा कि वसुधैव कुटुम्कबम भारतीय संस्कृति के मूल में रहा है। भारत सबसे बड़ा संसदीय लोकतंत्र है और राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की इनमें गहरी आस्था रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति के विचार हमारे मार्गदर्शक हैं जिनमें उन्होंने कहा है कि हम अपने लोकतांत्रिक लक्ष्यों को लोकतांत्रित तरीके से, बहुलतावादी लक्ष्यों को बहुलतावाद के आधार पर, समावेशी लक्ष्यों को समावेशी तरीके से और संवैधानिक लक्ष्यों को संवैधानिक तरीके से हासिल कर सकते हैं।

# प्लास्टिक की बोतलें और गिलास छोड़ों, चुल्लू बनाकर पीयो पानीः लेखी

नई दिल्ली। भाजपा सांसद मीनाक्षी लेखी ने प्लास्टिक का इस्तेमाल कम करने के लिए हाथ से चुल्लू बनाकर पानी पीने और दांतों को साफ करने के लिए "दातुन" या नीम की टहनी का इस्तेमाल करने की पुरानी भारतीय आदतों की ओर लौटने का सुझाव दिया। लेखी ने बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम में कहा कि भारत ने ऐसी चीजों को अपनाकर काफी ऊर्जा और संसाधन बर्बाद किए हैं जो हमारी नहीं हैं। उन्होंने एक बार में इस्तेमाल योग्य प्लास्टिक पर पूर्ण प्रतिबंध की घोषणा के लिए देश की तैयारी के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में कहा कि हमें गिलासों और बोतलों की जरूरत क्यों है? हम जब स्कूल में थे तो अपने हाथों से पानी पीते थे जो मुझे लगता है कि सबसे ज्यादा स्वच्छ तरीका है क्योंकि इस प्रक्रिया में आप अपना हाथ धोते हो और गिलास को साफ करने में पानी बर्बाद भी नहीं होता।



## गुमशुदा की तलाश



रोशन आरा

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (फोटो में दर्शाई गई) जिसका नामः **रोशन आरा** पुत्री **फिदा हुसेन** पताः **ए–386, इंदर एन्क्लेव, फेस–1, किरारी, सुलेमान नगर, दिल्ली,** जो थाना मंगोलपुरी क्षेत्र से दिनांक **26.08.2019** से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एफआईआर संख्या **839/19 धारा 363 आईपीसी** के तहत दिनांक **27.08.2019** को थाना **मंगोलपुरी, दिल्ली** में रिपोर्ट दर्ज है। स्थानीय पुलिस ने इस लड़की का पता लगाने के लिए गंभीर प्रयास किए लेकिन अब तक कोई सुराग नहीं मिला है।

जिसका हुलिया नीचे दिया गया है:–

**लिंगः** महिला, **आयुः** 17 वर्ष 6 महिने, **कदः** 5'1" फीट, **रंगः** गोरा, **चेहराः** गोल, **पहचानः** दाहिने हाथ पर एक काला तिल है। **पहनावाः** नीली कमीज व काले रंग की पजामी और पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए है।

अगर किसी को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई जानकारी मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

**थाना प्रभारी**
**थाना मंगोलपुरी, दिल्ली**
**फोन नं.: 011–27922186**
**मो. नं.: 7065036121**

**वेबसाइट: http://cbi.nic.in**
**ई–मेल: cic@cbi.gov.in**
**टेली. न.: 011-24368638/24368641**
**फैक्स नं.: 011-24368639**

**DP/2643/OD/19**

## एनआईओएस ने तैयार किया पाठ्यक्रम

# अंग्रेजी बोलने वाले छात्रों को टक्कर देंगे वैदिक स्कूल के छात्र

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶नई दिल्ली

आने वाले वक्त में वैदिक स्कूलों में पढ़ने वाले छात्र किसी भी तरह से अंग्रेजी स्कूलों में पढ़ने वाले छात्रों से कम नजर नहीं आएंगे। क्योंकि राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) ने एक ऐसा अनोखा पाठ्यक्रम तैयार किया है, जिसकी मदद से इन छात्रों को भारतीय ज्ञान परंपरा के अंदर ही आधुनिक विषयों की शिक्षा भी आसानी से दी जा सकेगी। एनआईओएस के अध्यक्ष प्रो.सी.बी. शर्मा ने हरिभूमि को बताया कि इस पाठ्यक्रम को जल्द ही संस्थान द्वारा



विधिवत रूप से लांच किया जाएगा। जिसके बाद यह देश के सभी वैदिक स्कूलों में लागू हो जाएगा। इसका सबसे बड़ा लाभ यह होगी कि इसके जरिए वैदिक स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के स्किल्स को निखारने में मदद मिलेगी।

### एक स्वर में पढ़ेंगे वेद-विज्ञान

प्रो.शर्मा ने कहा, इस पाठ्यक्रम को वैदिक शिक्षा की ओपन बेसिक लर्निंग नाम दिया गया है। जिसमें पहली से बारहवीं कक्षा तक के छात्रों के लिए एक समग्र पाठ्यक्रम तैयार किया गया है। संस्थान ने इसकी शुरुआत उच्च-प्राथमिक स्तर से की थी। लेकिन जल्द ही प्राथमिक स्तर को भी इसमें शामिल कर लिया गया। पाठ्यक्रम में भारत के प्राचीन से लेकर आधुनिक ज्ञान का बेहतर समावेश देखने को मिलेगा। उदाहरण के लिए बच्चों को वैदिक गणित के साथ मॉर्डन मैथमेटिक्स भी पढ़ाई जाएगी, वैदिक काल से चले आ रहे वेदों के ज्ञान के अलावा आधुनिक विज्ञान और उससे जुड़े हुए तमाम आविष्कारों से भी रूबरू कराया जाएगा।

### संघ की अहम भूमिका

इस पाठ्यक्रम को तैयार करने में देश के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ ने भी एक अहम भूमिका निभाई है। इसकी शुरुआत करीब साल भर पहले एच व्यास यूनिवर्सिटी के चांसलर डॉ एच आर.नगेंद्र की अध्यक्षता में पाठ्यक्रम के लिए एक कमेटी गठित करने के साथ हुई थी। जिसमें वेल्लूर विवेकानंद यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर आत्मप्रियानंद गिरी, एच व्यास के वाइस चांसलर रामचंद्र भट्ट, संघ की शिक्षा संबंधित गतिविधियों पर कार्य करने वाले आनुषांगिक संगठन राष्ट्रीय शिक्षा मंडल के राष्ट्रीय मंत्री मुकुल कानिटकर और विद्याभारती के राष्ट्रीय मंत्री शिवकुमार सदस्य के रूप में शामिल थे। इस कमेटी द्वारा एनआईओएस को सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर ही यह पाठ्यक्रम बनकर अब लागू होने की दिशा में आगे बढ़ रहा है।

## गुमशुदा महिला एवं उसके बच्चे की तलाश




परविन्दर कौर

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक महिला नाम परविन्दर कौर, पत्नी श्री प्रेम सिंह, निवासी आरजैडएफ–310, निहार विहार, नांगलोई, दिल्ली, जिसकी आयु 25 वर्ष, कद 5'3", रंग साफ, गोल चेहरा, जो लाल रंग का सूट व सलवार तथा पैरों में हवाई चप्पल पहने हुए अपने दो बच्चों नाम जसप्रीत, आयू 8 वर्ष व जजवर सिंह, आयू 6 वर्ष के साथ दिनांक 01.08.19 को थाना क्षेत्र निहाल विहार, दिल्ली से लापता/अपहृत है। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 73–ए दिनांक 02.08.19 को थाना निहाल विहार, दिल्ली में दर्ज है।

इस लापता/अपहृत महिला व इसके बच्चों के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी सूचना मिले तो निम्नलिखित को सूचित करने की कृपा करें।

**ई–मेल आईडीः cic@cbi.gov.in** **थानाध्यक्ष**
**फोनः 011–24368638, 24368641** **थाना : निहाल विहार, दिल्ली**
**फैक्सः 011–24368639** **फोन : 25946700, 25946710**

DP/2653/OD/19



# 'छिछोरे' चुनौतीपूर्ण फिल्म है

**मुंबई।** 'दंगल' फिल्म के निर्देशक नितेश तिवारी ने कहा है कि 'छिछोरे' मेरी बेहद व्यक्तिगत और चुनौतीपूर्ण फिल्म है। उन्होंने कहा कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान-बॉम्बे में छात्र के रूप में गुजारा समय एक कहानीकार के रूप में उनके कैरियर को नया रूप देने में महत्वपूर्ण रहा है। तिवारी ने कहा, 'मुझे लगता है कि यह नियति थी जो मुझे बॉम्बे आईआईटी में ले आई। मैं दूसरी आईआईटी में जा सकता था, लेकिन मैं यहां पहुंचा। मैंने वहां सबसे बड़ी बात यह सीखी कि कोशिश करते रहे और चीजों को अलग तरह से करने का प्रयास करते रहे।' निर्देशक ने कहा, 'मैंने कभी नहीं सोचा था कि मैं बॉम्बे आईआईटी से पहले लिख या अभिनय कर सकता हूं। मेरे वरिष्ठों ने मुझे ऐसा करने के लिए आगे बढ़ाया क्योंकि उस समय ज्यादा प्रतिभागी नहीं थे। मुझे लगा कि मैं लिख सकता हूं और अभिनय कर सकता हूं और इससे मुझे बहुत खुशी मिली।'

लाइफ Style



# आलिया
## अवॉर्ड के लिए नॉमिनेट हुईं

एजेंसी ▶▶| मुंबई

बॉलीवुड की खूबसूरत, हसीन और क्यूट अभिनेत्री आलिया भट्ट को मोस्ट इंस्पायरिंग एशियन वुमन अवॉर्ड 2019 के लिए नॉमिनेट किया गया है। अवॉर्ड के लिए आलिया समेत सात अन्य हस्तियों को नामांकित किया गया है।

इसमें थाईलैंड की मॉडल और एक्ट्रेस प्रया लुंडबर्ग समेत साउथ कोरिया की फेमस सिंगर सीएल का नाम शामिल है। आलिया एकमात्र भारतीय हैं जो अवॉर्ड के लिए नामित हुई हैं। मोस्ट इंस्पायरिंग एशियन वुमन अवॉर्ड के लिए वोटिंग लाइन्स खुल चुकी हैं। यह 18 अक्तूबर तक खुली रहेंगी। 10 नवंबर को अवार्ड शो के दौरान विनर का नाम अनाउंस किया जाएगा। आलिया और रणबीर कपूर दोनों अभी केन्या में क्वालिटी टाइम स्पेंड कर रहे हैं। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर एक फोटो अपलोड की है, जिसमें वे सनराइज का आनंद ले रही हैं। साथ ही दिन की शुरुआत को लेकर फोटो के साथ एक कैप्शन भी दिया है। फोटो में भले ही आलिया ने केन्या या रणबीर का जिक्र नहीं किया, लेकिन कुछ ऐसी भी तस्वीरें सामने आई हैं, जो बताती हैं कि ये कपल अभी साथ में छुट्टियां मना रहा है। विरल भयानी ने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक तस्वीर अपलोड की है, जिसमें रणबीर कपूर और आलिया सफारी करते नजर आ रहे हैं। फोटो देखकर लग रहा है कि वो ओपन जीप में जंगल सफारी कर रहे हैं। आलिया और रणबीर दोनों पिछले एक साल से एक दूसरे को डेट कर रहे हैं और कई मौकों पर दोनों साथ दिखाई दिए हैं। कई बार यह भी खबरें आ चुकी हैं कि दोनों जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाले हैं।

## हॉलीवुड मसाला



# सोशल मीडिया अलविदा

**लॉस एंजिलिस।** हॉलीवुड की मशहूर अदाकारा जेनिफर एनिस्टन ने सोशल मीडिया को अलविदा कह किया है। उन्होंने हाल ही में मशहूर मैगजीन इनस्टाईल को इंटरव्यू दिया। इस इंटरव्यू में जेनिफर एनिस्टन ने बताया कि उन्होंने खुद को सोशल मीडिया से अलग क्यों कर लिया है। उन्होंने कहा कि 'मैं ये अच्छे से जानती हूं कि मैं कब किस चीज के साथ सहज हूं और कब नहीं हूं।' जेनिफर एनिस्टन मानती हैं कि सोशल मीडिया पर युवाओं के बीच अपनी पहचान बनाने का काफी दबाव होता है जिससे उनपर काफी बुरा असर हो रहा है।




# फिर से आयरनमैन बनेगा ये अभिनेता

**लॉस एंजिलिस।** मार्वल स्टूडियो के सुपरहीरो आयरनमैन के फैंस के लिए खुशखबरी है। इस सुपरहीरो का किरदार अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने निभाया है। इस साल रिलीज हुई मार्वल स्टूडियो फिल्म एवेंजर्स एंड गेम में आयरनमैन अपने साथियों को बचाने के चक्कर में मर जाता है। इसके बाद ऐसी खबरें आईं की मार्वल स्टूडियो की फिल्मों में आयरनमैन का किरदार खत्म हो गया है। वहीं अब ऐसी खबरें हैं कि मार्वल स्टूडियो की अगली फिल्म में आयरनमैन का किरदार फिर से नजर आ सकता है। बीते दिनों मार्वल स्टूडियो में अपनी कॉमिक के कुछ नए सुपरहीरो को लॉन्च किया है। इन सुपरहीरोज की फिल्मी और वेब सीरीज को सबसे पहले डिजनी प्लस पर रिलीज किया जाएगा। ऐसे में अब खबर है कि इनमें से एक सीरीज में रॉबर्ट डाउनी जूनियर फिर से आयरनमैन की भूमिका में दिखाई दे सकते हैं।



# बीमा कंपनी को सिखाया सबक

**मुंबई।** मुंबई में पिछले दिनों हुई भारी बारिश के चलते लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। लोगों की गाड़ियां बीच सड़क पर बंद हो गईं। इंजन में पानी चले जाने से मशहूर अभिनेत्री सोनाली सहगल की गाड़ी का भी यही हाल हुआ। लेकिन, उनकी इश्योरेंस कंपनी ने उन्हें मुआवजा देने से मना कर दिया। इस पर अपने को स्टार रहे जॉन अब्राहम की फिल्मों की तरह सोनाली चुप नहीं बैठी और बीमा कंपनी को सोशल मीडिया पर माफी मांगने पर मजबूर कर दिया। सोनाली बताती हूं कि पिछले दिनों हुई भारी बारिश के बीच उनकी कार बीच रास्ते में बंद हो गई। ऐसा सड़कों पर घुटनों घुटनों तक पानी भर जाने की वजह से हुआ। कार वहां देर तक खड़ी रही तो पानी साइलेंसर और इंजन में भी चला गया।



# चाहने वालों के लिए करूंगा मेहनत

**मुंबई।** सुपरस्टार सलमान खान का कहना है कि उन्हें 30 वर्षों से प्रशंसकों का प्यार और सम्मान मिल रहा है और वह उनकी उम्मीदों पर खरा उतरने के लिए कड़ी मेहनत करेंगे। सलमान खान ने नेक्सा आईफा अवार्ड 2019 के संवाददाता सम्मेलन के दौरान कहा कि उन्होंने 1989 में अपनी पहली फिल्म 'मैंने प्यार किया' के बाद दर्शकों के साथ एक विशेष रिश्ता स्थापित किया जो आज तक कायम है। सलमान ने कहा, 'मुझे करीब 30 साल हो गए हैं। 'सल्लू' और 'साले' से 'भाई' और 'भाईजान' तक...। यह हासिल करने में मुझे लंबा समय लगा। मैं इस उपलब्धि और अपने प्रशंसकों के साथ बहुत खुश हूं। अब मैं कड़ी मेहनत करने जा रहा हूं ताकि वे (प्रशंसक) मुझे हमेशा स्क्रीन पर, टीवी पर और रियल लाइफ में देखते रहें।


## हरिभूमि क्लासीफाइड विज्ञापन

### ज्योतिष

बंगाल का जादु करेगा चमत्कार
हमसे पहले काम करने वाले को मुँह मांगा ईनाम
2 घंटे में समाधान
गोल्ड मेडलिस्ट
बाबा खान बँगाली
9872207873
कारोबार, गृहक्लेश जादू टोना वशीकरण करवाओ/तुड़वाओ खोया प्यार पाओ, दुश्मन सौतन तड़पाओ, मुठकरनी
आपका प्यार टूटने नहीं दुंगा My Promise
सभी जटिल समस्याओं का समाधान गारन्टी स्टाम्प लिखित
मिलें : जी.टी. रोड, पुल के नीचे (समालखा, पानीपत)

अदभुत चमत्कार
वर्ल्ड फेमस
3 घण्टो में
घर बैठे तुरन्त समाधान पायें (गारन्टीड) जादू-टोना, स्पेशलिस्ट वशीकरण, मनचाहा प्यार सौतन/दुश्मन से छुटकारा किया कराया कारोबारी रुकावट, मूठकरनी, प्यार में धोखा खाये प्रेमी-प्रेमिका इधर उधर ना भटके काम होगा इधर
रुहानी एवं काले इलम के माहिर
सूफी हसन जी
9917255848

17 सालो से एक स्थान पर
मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में निश्चित समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रुठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण
सौतन व दुश्मन छुटकारा
9997322441
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
आ गए हैं
गुरूओं के महागुरु
गुरु अर्जुन शर्मा
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
8512013053
7428720960

मेरे किये हुये काम को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
17 सालो से एक स्थान पर
खुला चैलेंज
गुरु पाशा जी बंगाली
3 घंटे में 101% गारंटिड समाधान जैसे मनचाहा प्यार, मनचाही शादी में रुकावट, रुठे को मनाना, प्यार में धोखा खाये मिले, कारोबार में बंदिश, पति-पत्नी में अनबन, बिमारी में दवा ना लगना, सास-बहू में झगड़ा, जादू-टोना, चौकी छोड़ने के माहिर
स्पे. महामुठकरणी व वशीकरण
सौतन व दुश्मन छुटकारा
8929377723
www.gurupashaji.com Fees ₹200/-
पता : रमेश नगर मेट्रो स्टेशन, दिल्ली

ज्योतिष तांत्रिक काला इल्म
रोने से नहीं मिलने से कष्ट दूर होंगे
कर लो प्रेमी, प्रेमिका, पत्नी मुट्ठी में
यंत्र लेते ही तुरन्त असर शुरु
GOLD MEDALIST
गुरु राज भारती
11 घन्टो में तुरन्त समधान (वर्ल्ड फैमस)
9697730004
कारोबार, गृह क्लेश, वशीकरण, करवाओ तुड़वाओं, दुश्मन सौतन तड़पाओं जैसी जटिल समस्या का समाधान लिखकर लो
प्यार में धोखा खाए प्रेमी-प्रेमिका सम्पर्क करें
स्पेशलिस्ट वशीकरण, मुठकरनी, खोया प्यार
मन में सच्ची श्रद्धा लेकर ही फोन करें।
संजय चौक, चांदनी बाग, पानीपत

### ज्योतिष

भारत के नं. 1
पहले जानो फिर मानो
तांत्रिक शक्तियों के सम्राट
मियाँ खान बंगाली
घर बैठे तुरंत समाधान 11 मिनटों में
वशीकरण, मुठकरनी स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, तलाक, गृहक्लेश मनचाही शादी, संतान प्राप्ती विदेश यात्रा, सास बहु में अनबन
जब कहीं ना हो काम तो हमसे लें समाधन
सौतन व दुशमन छुटकारा कारोबार, गड़ा धन
मेरे किए को काटे उसे मुँह मांगा ईनाम
प्रेम विवाह, घरवालों को मनाना दु:ख, बीमारी दवा ना लगना
8755856653

### लोन

☞ एक बार सेवा का मौका अवश्य दें (श्री राम फाइनेंस) लाखों ग्राहकों का सम्पूर्ण विश्वास 1975 से रजि. कम्पनी मार्कशीट, प्रॉपर्टी, पर्सनल, आधारकार्ड, राशनकार्ड, बिजनेस लोन (ब्याज 1% छूट 60%) विश्वास आपका काम हमारा समस्त लोन घरबैठे उपलब्ध सम्पर्क 63998-76649, 63998-06784

### सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

### ज्योतिष

कर भला तो हो भला
MY PROMISE
जैसा चाहोगे वैसा होगा
मेरे किया जो काटे उसे ईनाम
बाबा बंगाली
वशीकरण स्पेशलिस्ट
लवमैरिज, मनचाहा प्यार, गृह क्लेश, नौकरी, कारोबार, पति, पत्नी में अनबन, सौतन, दुश्मनी से छुटकारा, मूठकरनी 3 घंटे में घर बैठे समाधान।
सभी जगह से निराश एक बार अवश्य फोन करें।
9012184215

खुला चैलेंज
गुरु विशाल शर्मा
(गोल्डमेडलिस्ट)
शक्ति चमत्कार देखें
घर बैठे 11 मिनट में समाधान
स्पेशलिस्ट : वशीकरण, मुठकरनी
प्रेमविवाह, सौतन, दुश्मन से छुटकारा, पति, पत्नी में अनबन, प्यार में धोखा, विदेश यात्रा, शादी, तलाक, कारोबार में बाधा, गड़ा धन मुकदमा आदि का। A to Z समाधान। हर जगह से निराश एक बार फोन करें
9718972956
9891598324


**रवीना के साथ डांस कर रहे थे सनी देओल (मुंबई)।** सहर बाम्बा और सनी देओल के बेटे करण देओल फिल्म पल पल दिल के पास से बॉलीवुड डेब्यू कर रहे हैं। ऐसे में तीनों ही फिल्म का जमकर प्रमोशन कर रहे हैं। प्रमोशन के दौरान सनी, करण और सहर पहुंचे स्टार प्लस के डांस रियलिटी शो नच बलिए में।


### आवश्यकता

☞ वन विभाग को आवश्यकता है जिलेनुसार 450 लड़के-लड़कियां योग्यता 8वीं से ग्रेजुएट सैलरी 23500/- रहना+ खाना फ्री इच्छुक व्यक्ति नाम पता शहर पिनकोड SMS करें- 7705081353

### ज्योतिष

☞ LOVE MATTER स्पेशलिस्ट ज्योतिष, खोया प्यार, वापस पाएं, शादी करवाना, सौतन, तलाक, दुश्मनी में बदला, घरवालों की दिक्कत, वशीकरण तंत्रमंत्र के सम्राट काली विद्यायाओं के माहिर 100% गारंटी बाबाजी 70285-57299

### लोन

☞ पैसा लेते नहीं धोखा देते नहीं जीवन भारती फाइनेंस जनधन योजना के अंतर्गत होम, पर्सनल, मार्कशीट, महिला ग्रुपलोन व सभी प्रकार के लोन ब्याज 2% छूट 40% एजेंट आमंत्रित 94662-46258

### ज्योतिष

☞ 1125 वशीकरण नाम फोटो से, मनचाहा प्यार, रूठे को मनाना, प्रेमी पड़ोसी/जादूटोना, किया कराया तोडना, शादी लड़की माता-पिता को मनाना 100% गारंटेड उपाय गुप्त रूप से बाबाजी 70285-57299

### लोन

☞ श्रीराम फाइनेंस गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर घरबैठे मार्कशीट, प्रॉपर्टी, आधारकार्ड, खेतीबाड़ी, मुर्गीपालन एवं सभी प्रकार के लोन 1% ब्याज 50% छूट (महिलाओं को विशेष छूट) 70825-78053, 99912-36167

### ज्योतिष

☞ खुला चैलेंज गोल्ड मेडलिस्ट गुरू बशीर खान बंगाली काली रोहानी शक्तियों के बादशाह जैसे किया कराया, गृहक्लेश, दुश्मन से छुटकारा, कर्जमुक्ति महावशीकरण जैसी समस्याओं का समाधान तुरंत फोन करें 97613-18693


रैंप वॉक...



मुंबई। बॉलीवुड अदाकारा दीपिका पादुकोण ने मुंबई में गुरुवार को डिजाइनर जोड़ी अबू जानी और संदीप खोसला के लिए रैंप वॉक किया।

### स्टडी में दावा: 20 फीसदी ज्यादा स्ट्रोक की बीमारी का खतरा

# सब्जी खाने वालों को इस बीमारी का खतरा ज्यादा

**नई दिल्ली।** एक अध्ययन का कहना है कि शाकाहारियों को मांसाहारियों की तुलना में स्ट्रोक का खतरा ज्यादा रहता है। यह अध्ययन कहता है कि जो लोग सिर्फ सब्जी खाते हैं उन्हें मांस खाने वालों की तुलना में 20 फीसदी ज्यादा स्ट्रोक की बीमारी का खतरा रहता है। यह दावा ऑक्सफॉर्ड यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने किया है। इस अध्ययन के लिए 18 सालों तक 50 हजार लोगों के जीवनशैली का विश्लेषण किया गया। अध्ययन का जो निष्कर्ष निकला उसमें कहा गया कि मांस से मिलने वाले विटामिन को नहीं लेने की वजह से शरीर पर अतिरिक्त खतरे का बोझ बढ़ जाता है। वैजीटेरियन लोगों को नॉन-वैजीटेरियन की तुलना में बीस फीसदी स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इस अध्ययन में देखा गया कि पिछले दस सालों में हजार में से तीन से ज्यादा लोगों को मांस नहीं खाने वालों की तुलना में रक्तस्त्रावी स्ट्रोक का खतरा ज्यादा रहा। अध्ययन कहता है कि जो लोग शाकाहारी होते हैं उनमें विटामिन की कमी रहती है और उनका कोलेस्ट्रोल का स्तर भी कम रहता है।



## दिल की बीमारियां कम

एक ब्रिटिश जर्नल का भी कहना है कि हालिया अध्ययन बताता है कि ब्रिटेन में जो लोग शाकाहारी हैं या फिर सिर्फ मछली खाते हैं ऐसे लोगों को दिल की बीमारियां कम होती हैं, लेकिन इन लोगों में स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। शाकाहारी लोगों में जहां दिल की बीमारियों का खतरा 22 फीसदी कम रहता है वहीं स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। इस अध्ययन में यह भी कहा गया है कि जो लोग मांसाहार में सिर्फ मछली खाते हैं ऐसे लोगों को 13 फीसदी दिल की बीमारियों का खतरा कम रहता है। इस अध्ययन में औसत 45 साल तक के 48,188 लोगों को विश्लेषण किया गया।

## शाकाहारी लोगों में विटामिन बी12 की कमी

शाकाहारी लोगों में विटामिन बी12 की कमी हो जाती है जिसकी वजह से स्ट्रोक का खतरा बढ़ जाता है। हालांकि दुनियाभर में मीट-फ्री डाइट को भी बढ़ावा मिलते हुए देखा जा रहा है। ब्रिटेन में 17 लाख से ज्यादा लोग मांसाहार छोड़ चुके हैं। इन लोगों ने शाकाहारी भोजन अपना लिया है। यह भी कहा जा रहा है कि ऐसे लोगों में हार्ट अटैक का खतरा भी कम देखा जा रहा है। लेकिन हालिया अध्ययन इससे विपरित चीजें बताता है। इसमें शाकाहारी लोगों को स्ट्रोक का खतरा ज्यादा बताया गया है।

## खबर संक्षेप



### दक्षिण मुंबई में आवासीय इमारत में आग लगी, कोई हताहत नहीं

**मुंबई।** दक्षिण मुंबई के कोलाबा इलाके में आठ मंजिला रिहायशी इमारत में बृहस्पतिवार को देर रात आग लग गई। गनीमत यह रही कि कोई हताहत नहीं हुआ। दमकल विभाग के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि एक पॉश इलाके में 'मोनिका' इमारत में रात करीब 11 बजे आग लगी। अधिकारी ने बताया कि आठ मंजिला इमारत की छठी मंजिल पर एसी यूनिट से मामूली आग लग गई। उन्होंने बताया कि आग बुझा ली गई और घटना में कोई हताहत नहीं हुआ है।आग लगने के कारण का पता लगाया जा रहा है।

### एकनाथ गायकवाड़ को मुंबई कांग्रेस का कार्यवाहक अध्यक्ष बनाया



**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने एकनाथ गायकवाड़ को पार्टी की मुंबई इकाई का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। पार्टी के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल की ओर से जारी बयान के अनुसार कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने गायकवाड़ को मुंबई क्षेत्रीय कांग्रेस कमेटी का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया है। कुछ दिनों पहले ही गायकवाड़ को मुंबई कांग्रेस का कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया था। पूर्व सांसद गायकवाड़ महाराष्ट्र सरकार में मंत्री रह चुके हैं। गौरतलब है कि लोकसभा चुनाव में मुंबई कांग्रेस के अध्यक्ष पद से मिलिंद देवड़ा ने इस्तीफा दे दिया था। माना जा रहा है कि देवड़ा को कांग्रेस के राष्ट्रीय संगठन में कोई भूमिका दी जाएगी।

### थाने में एके-47 से गोलियां चलाकर साथी को छुड़ा ले गए बदमाश

**जयपुर।** राजस्थान में अलवर जिले के बहरोड थाने में शुक्रवार को 10-15 बदमाशों ने एके-47 से अंधाधुंध गोलियां चलायीं और हाजत में बंद अपने साथी को छुड़ा ले गए। जयपुर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक एस. सैंगाथीर ने पीटीआई..भाषा को बताया कि आज सुबह करीब 10-15 लोग थाने में घुस आए और एके-47 से अंधाधुंध गोलियां चलायीं। बदमाश अपने साथी कुख्यात अपराधी विक्रम गुर्जर उर्फ पपला गुर्जर (28) को लेकर दो गाड़ियों में फरार हो गए। बदमाशों ने करीब 45 गोलियां चलायीं, हालांकि घटना में कोई घायल नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि आज सुबह ही बहरोड पुलिस ने गश्त के दौरान एक एसयूवी को रोका और तलाशी के दौरान करीब 33 लाख रुपये मिलने के बाद वाहन में बैठे विक्रम गुर्जर को हिरासत में लिया।

### गुजरात में इमारत ढही: दो और शव मिलने के साथ मृतकों की संख्या हुई पांच



**अहमदाबाद।** अमराइवाडी इलाके में ढही इमारत के मलबे से शुक्रवार सुबह दो और शवों के मिलने के बाद मृतकों की संख्या पांच पर पहुंच गई है। 100 साल पुरानी यह इमारत गुरुवार दोपहर को ढह गई थी। अधिकारियों ने बताया कि बचाव अभियान शुक्रवार सुबह समाप्त हो गया। मृतकों में एक बुजुर्ग दंपति और उनका बेटा शामिल है। अधिकारियों ने बताया कि इस हादसे में घायल आठ लोगों को सरकारी एलजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दमकलकर्मियों, स्थानीय लोगों की मदद से इन्हें मलबे से निकाला गया था। मृतकों की पहचान बलदेव सूरी (84), उनकी पत्नी विमला सूरी (80) उनका बेटा राजेंद्र सूरी (50), आशा पटेल (36) और शांताबेन ठाकोर (80) के तौर पर हुई है।

रात भर बदलते रहे करवट

# तिहाड़ में बेचैनी में गुजरी चिदंबरम की पहली रात, जमीन पर सोए

**नई दिल्ली।** पूर्व वित्त मंत्री पी चिदंबरम की पहली रात बेचैनी में गुजरी। वह आम कैदियों की तरह ज़मीन पर ही सोए। सोने से पहले उन्होंने दवाई खाई। उनको सोने के लिए चादर और तकिया दिया गया। चिदंबरम को जेल नम्बर 7 की वार्ड नंबर 2 के 15 नंबर सेल में रखा गया है। 7 नंबर जेल में दो तरह के सेल है एक सेल में 1 कैदी रहता है जबकि दूसरे सेल में 3 कैदी। 7 नंबर जेल में ही कार्ति चिदंबरम और रतुल पुरी समेत क्रिस्टियन मिशेल भी रहा है।

चिदंबरम ने सुबह चाय और बिस्कुट खाए है। उनसे अधिकतम 10 लोग हफ्ते में 2 बार सुबह 8 बजे से 1:30 बजे तक मिल सकते हैं। खाने में उन्हें रोटी सब्जी, दाल चावल दिए जाएंगे।



### यह होता है जेल का टाइम टेबल

जेल में 11:30 बजे तक लंच दिया जाता है, उसके बाद 12:30 बजे से 3:30 बजे तक उन्हें सेल में बंद कर दिया जाता है. 3:30 बजे के बाद बाहर आकर बाकी कैदियों के साथ खेलने, लाइब्रेरी में जाकर किताब पढ़ने की अनुमति होती है. शाम 6.45 डिन्नर दिया जाता है. 9 बजे तक टीवी देखने की अनुमति होती है. 9 बजे के बाद वापस सेल में बंद कर दिया जाता है।

### सीबीआई हिरासत में चिदंबरम ने दिए 400 सवालों के जवाब

पूर्व केंद्रीय वित्तमंत्री और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने सीबीआई (केंद्रीय जांच ब्यूरो) की हिरासत में 400 से अधिक सवालों के जवाब दिए हैं। एजेंसी के सूत्रों ने बताया कि 21 अगस्त को आईएनएक्स मीडिया मामले में गिरफ्तार हुए चिदंबरम से मामले से जुड़े चार से पांच गवाहों के समक्ष बैठाकर पूछताछ की गई. उन पर कथित तौर पर अपने कार्यकाल के दौरान एफआईपीबी (फॉरेन इन्वेस्टमेंट प्रमोशन बोर्ड) के जरिए कुछ मामलों में मंजूरी दिलाने के आरोप लगे हैं। मीडिया मामले में जांच से जुड़े एक सीबीआई के सूत्र ने बताया, 'मामले में चार से पांच गवाहों और आरोपियों के साथ चिदंबरम का सामना किया गया था.' हालांकि, सूत्र ने नामों को साझा करने से इनकार कर दिया, क्योंकि इससे मामले की जांच प्रभावित हो सकती है. सूत्र ने यह भी कहा कि सीबीआई की हिरासत में 21 अगस्त से रहे चिदंबरम ने 400 से अधिक सवालों के जवाब दिए।सूत्र ने बताया कि चिदंबरम से पूछे गए अधिकांश सवाल उनके बेटे कार्ति चिदंबरम के शतरंज प्रबंधन प्राइवेट लिमिटेड और एडवांटेज स्ट्रेटेजिक कंसल्टिंग प्राइवेट लिमिटेड (एएससीपीएल) से जुड़े संबंधों को लेकर थे. इसके अलवा आईएनएक्स मीडिया की सह-संस्थापक इंद्राणी मुखर्जी और पीटर मुखर्जी के साथ उनके व्यवहार को लेकर भी चिदंबरम से सवाल पूछे गए।

केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने कहा

# पांच सालों में लिंगानुपात में हुआ 13 प्वाइंट का सुधार

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री (डब्ल्यूसीडी) स्मृति ईरानी ने शुक्रवार को राजधानी में आयोजित एक कार्यक्रम में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) अभियान के क्रियान्वयन के बाद लिंगानुपात में सुधार दर्ज करने वाले राज्यों और जिलों को सम्मानित किया। इसमें जन्म के वक्त अच्छे लिंगानुपात यानि एसआरबी के लिए हरियाणा, उत्तराखंड, दिल्ली, राजस्थान और उत्तर-प्रदेश जैसे राज्यों को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड और उत्तर-प्रदेश के केंद्रीय डब्ल्यूसीडी मंत्री भी मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि एसआरबी में 13 प्वाइंट सुधार का आकलन मंत्रालय ने वर्ष 2014-15 से 2018-19 के बीच किया है। इसमें 2014-15 में एसआरबी 914 था और 2018-19 में यह बढ़कर 931 हो गया है। उन्होंने राजस्थान के नागौर की मिसाल देते हुए कहा कि इसके लिए लोगों को जागरुक करने के लिए आकर्षक कार्यक्रम बनाए जाने चाहिए।



### हरियाणा, छग, म.प्र. को सम्मान

कार्यक्रम में दस जिलों को एसआरबी में सुधार के लिए भी सम्मानित किया गया। इसमें हरियाणा का भिवानी, महेंद्रगढ़, छत्तीसगढ़ का रायगढ़, मध्य-प्रदेश का रीवा, राजस्थान का जोधपुर, महाराष्ट्र का जलगांव, तमिलनाडु का नामाकल, उत्तराखंड का उधमसिंह नगर, अरूणाचल-प्रदेश का ईस्ट कामिंग और उत्तर-प्रदेश का इटावा शामिल है। इसके अलावा दस जिलों को बीबीबीपी अभियान से लोगों में जागरुकता बढ़ाने के लिए अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित के लिए पुरस्कृत किया गया। इसमें गुजरात का अहमदाबाद, हिमाचल प्रदेश के मंडी, शिमला, सिरमौर, जम्मू-कश्मीर का किश्तवाड़, कर्नाटक का गडाग, नागालैंड का वोखा, उत्तर-प्रदेश का फरूखाबाद, राजस्थान का नागौर और तमिलनाडु का तिरूवलूर मुख्य है।

राजस्थान के मुख्यमंत्री गहलोत ने कहा

# प्रकृति के संतुलन के लिए वन संरक्षण बेहद जरूरी

एजेंसी ⏭ जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने शुक्रवार को कहा कि जलवायु परिवर्तन की वैश्विक समस्या का समाधान है कि हम वृक्षों के महत्व को समझें और अधिक से अधिक पेड़ लगाएं। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में वृक्ष जीवन का अभिन्न हिस्सा हैं। प्रकृति के सन्तुलन के लिए आवश्यक है कि हम वन एवं वन्यजीवों की रक्षा करें। गहलोत ने जामडोली में 70वें राज्य स्तरीय वन महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण के संरक्षण और प्रदूषण को दूर करने में वनों की अहम भूमिका है। क्षेत्रफल के अनुपात में वनों का कम प्रतिशत हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। वन एवं वन्यजीव संरक्षण के प्रति विश्नोई समाज के विशेष योगदान का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि सभी को इससे प्रेरणा लेनी चाहिए।



### वनों के बिना हमारा जीवन सुरक्षित नहीं

गहलोत ने कहा कि वनों के बिना हमारा जीवन सुरक्षित नहीं है इसके लिये हमें आमजन में यह जागरूकता फैलानी होगी। वन होंगे तो ही अच्छी वर्षा होगी, अच्छी फसलें होंगी और खुशहाली आएगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने वन एवं वन्यजीव संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए वर्ष 2018 के अमृता देवी स्मृति पुरस्कार प्रदान किए।

### कांग्रेस का साथ छोड़ मिलिंद देवड़ा भी होंगे भाजपा में शामिल!

**हरिभूमि ब्यूरो,नईदिल्ली।** लोकसभा चुनाव में विपक्ष का सूपड़ा साफ कर चुकी भाजपा अब कांग्रेस के बड़े नेताओं पर नजर गड़ाई हुई है। महाराष्ट्र में कांग्रेस के कई क्षेत्रीय नेताओं को अपने पाले कर चुकी भाजपा अब बड़ा शिकार करने जा रही है। मुबंई कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष मिलिंद देवड़ा अगले सप्ताह दिल्ली पहुंचकर भाजपा में शामिल हो सकते हैं। राहुल गांधी की टीम के खास सदस्य व यूपीए सरकार में केंद्रीय मंत्री रहे देवड़ा को लोकसभा चुनाव से पहले संजय निरुपम की जगह पार्टी ने मुंबई कांग्रेस का अध्यक्ष बना बड़ी जिम्मेदारी सौपी थी। लेकिन मोदी की लहर में न केवल महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी की बुरी तरह पराजय हुई बल्कि मिलिंद देवड़ा खुद अपनी सीट गंवा बैठे। राहुल गांधी के अध्यक्ष पद से इस्तीफा देने के बाद उन्होंने भी मुबंई में कांग्रेस की करारी हार की जिम्मेदारी लेते हुए अपने पद से त्यागपत्र दे दिया था। लेकिन सूत्रों की माने तो अब वे भाजपा के संपर्क में हैं। राष्ट्रीय अमित शाह से उनकी मुकम्मल बातचीत हो चुकी है। पिछले दो दिन से दिल्ली में रहकर वे भाजपा के कार्यकारी अध्यक्ष जेपी नड्डा,केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल और महासचिव भूपेंद्र यादव से भी मुलाकात कर चुके हैं।



गोवा के मुख्यमंत्री सावंत ने कहा

# पर्यटन पर जीएसटी में कटौती की मांग करेगा गोवा

एजेंसी ⏭ पणजी

गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत ने शुक्रवार को कहा कि राज्य सरकार पर्यटन पर माल एवं सेवा कर (जीएसटी) की दर को मौजूदा 28 प्रतिशत से घटाकर 12 प्रतिशत करने की मांग करेगी। उन्होंने कहा कि 20 सितंबर को होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में इस मांग को रखा जाएगा। सावंत ने कहा कि ट्रैवल एंड टूरिज्म एसोसिएशन ऑफ गोवा (टीटीएजी) ने पर्यटन पर जीएसटी घटाने की मांग की है। इससे गोवा को थाईलैंड जैसे देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में मदद मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मैं जीएसटी दर को 28 से 12 प्रतिशत करने के मुद्दे पर खुद वित्त मंत्री निर्माला सीतारमण से बात करूंगा।



### गोवा प्रचार विभाग ने की बड़ी गलती, पर्रिकर को मौजूदा मुख्यमंत्री लिखा

पणजी। गोवा सरकार ने शिक्षक दिवस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं देने के लिए जारी की गई अपनी एक मीडिया विज्ञप्ति में बड़ी गलती करते हुए दिवंगत मनोहर पर्रिकर का नाम मौजूदा मुख्यमंत्री के रूप में छाप दिया। इस मामले में जांच के आदेश दिए गए हैं। सूचना एवं प्रचार विभाग ने बृहस्पतिवार शाम को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में गोवा के लोगों को शिक्षक दिवस की शुभकामनाएं दी थीं।

आजमगढ़: गुजरात पुलिस को झटका

# सिमी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष की नहीं मिली ट्रांजिट रिमांड

**आजमगढ़।** गुजरात पुलिस को सिमी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष शाहिद बद्र की ट्रांजिट रिमांड नहीं मिल सकी। शाहिद बद्र को गुजरात पुलिस ने गुरुवार की शाम उनके शहर कोतवाली क्षेत्र के मंचोभा स्थित घर से गिरफ्तार किया था। शाहिद को गुजरात ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड जरूरी थी। इसलिए शाहिद को सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया। जहां गुजरात पुलिस की दलील और शाहिद बद्र के वकीलों को सुनने के बाद सीजेएम आलोक कुमार ने रिमांड नहीं दी। शाहिद बद्र को एक लाख रुपये के निजी मुचलके और इतनेही रुपयों के दो जमानतदार देने पर रिहा करने का आदेश भी दिया। गुजरात पुलिस ने शाहिद को कच्छ में 2001 में दर्ज एक मुकदमे के सिलसिल में गुरुवार को गिरफ्तार किया था। शाहिद के खिलाफ 2012 में वारंट जारी हुआ था। शाहिद पर विधि विरुद्ध संगठन में लोगों को भर्ती कराने का आरोप है।





गुवाहाटी में शुक्रवार को ब्रम्हपुत्र नदी में भगवान गणेश के विसर्जन से पहले प्रार्थना करती महिला।

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री फड़णवीस ने कहा

# संविधान हमारे लिए गीता, बाइबल और कुरान है

एजेंसी ⏭ मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस ने बृहस्पतिवार को कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की जीत निश्चित है और यह सुनिश्चित करने के हरसंभव प्रयास किए जाएंगे कि आरपीआई (ए) उम्मीदवार विजयी हों। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले के नेतृत्व वाली आरपीआई (ए) भाजपा-शिवसेना गठबंधन का हिस्सा है। फड़णवीस महाराष्ट्र के प्रतिष्ठित दलित नेता अठावले द्वारा यहां आयोजित एक रैली में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी चुनावों में भाजपा-शिवसेना गठबंधन की जीत निश्चित है और आरपीआई (ए) उम्मीदवारों की जीत सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि विपक्ष का यह दावा सच नहीं है कि भाजपा की संविधान को बदलने तथा नौकरियों एवं शिक्षा में आरक्षण की व्यवस्था खत्म करने की योजना है। उन्होंने कहा कि संविधान हमारे लिए भगवद गीता, बाइबल और कुरान है। जब अठावले जैसे नेता हमारे साथ हैं तो कोई संविधान बदलने के बारे में सोच भी नहीं सकता।



### आंबेडकर स्मारक दिसंबर 2020 तक बनकर तैयार हो जाएगा

मुख्यमंत्री ने कहा कि इंदु मिल में प्रस्तावित आंबेडकर स्मारक दिसंबर 2020 तक बनकर तैयार हो जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शासन के दौरान सामाजिक आधिकारिता विभाग के लिए बजटीय आवंटन सिंचाई जैसे अन्य विभागों को दे दिया जाता था। फड़णवीस ने कहा कि अब भाजपा-शिवसेना शासन के दौरान सरकार ने कानून बनाया कि सामाजिक अधिकारिता विभाग के लिए आवंटित निधि किसी और विभाग को नहीं दी जाएगी।

### सुस्ती के रास्ते पर अर्थव्यवस्था, कुछ महीनों में फिर से होगी पटरी पर

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने शुक्रवार को कहा कि देश की अर्थव्यवस्था सुस्ती के दौर से गुजर रही है हालांकि , केंद्र सरकार के विभिन्न फैसलों से अगले तीन - छह महीने के भीतर अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी। एक निजी संगठन की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में फडणवीस ने 140 विद्यालयों और महाविद्यालयों के करीब 10,000 छात्रों से बातचीत की। उन्होंने कहा कि वैश्विक स्तर पर सुस्ती है। पिछले पांच सालों में , हम दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था थे। चार साल तक हम इससे खुद को बचा सके लेकिन इस साल हमें आर्थिक संकट महसूस हो रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी ने कर चोरी को नाकाम कर दिया है। हम बैंकिंग प्रणाली को दुरुस्त करने की प्रक्रिया में हैं। केंद्र सरकार ने अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए कई कदम उठाए हैं और इसका परिणाम अगले कुछ महीनों में दिखने लगेगा।

मिनिएचर आर्टिस्ट की श्रेणी में शाह दुनियाभर में विख्यात

# पश्चिम बंगाल: आर्टिस्ट ने नाखून पर उकेरी चंद्रयान-2 की लैंडिंग

**सिलिगुड़ी।** पश्चिम बंगाल के सिलिगुड़ी के रहने वाले एक आर्टिस्ट रमेश शाह ने अपने नाखून पर अपनी कला का शानदार नमूना दिखाया है। बता दें कि मिनिएचर आर्टिस्ट की श्रेणी में रमेश शाह दुनियाभर में विख्यात हैं। शाह ने अपनी कलाकृतियों के खजाने के दम पर गिनेस बुक ऑफ रेकॉर्ड्स में भी जगह बनाई है। शाह ने चंद्रयान-2 की लैंडिंग का चित्रण करने के लिए अपने दाहिने हाथ के अंगूठे के नाखून का इस्तेमाल किया है। नाखून की 15-20 मिलीमीटर जगह में ही उन्होंने अपनी कला का प्रदर्शन किया है। इसे पूरा करने में उन्हें तीन दिन का समय लगा। उन्होंने कहा कि चंद्रयान-2 के चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करते ही भारत इतिहास रच देगा। चांद पर सॉफ्ट लैंडिंग करने वाला भारत पहला देश हो जाएगा। मैंने माइक्रो आर्ट्स के क्षेत्र में अब तक पांच विश्व रेकॉर्ड बनाए हैं। मैं दुनिया में व्याप्त जनसामान्य के मुद्दों पर माइक्रो आर्ट बनाता हूं।



### भारत के चंद्रयान-2 के चंद्रमा पर उतरने को लेकर अमेरिकी वैज्ञानिकों में भी उत्साह

वाशिंगटन। भारत के महत्वाकांक्षी चंद्रयान-2 मिशन की शनिवार को तड़के चांद की सतह पर होने वाली सॉफ्ट लैंडिंग को लेकर नासा सहित अमेरिकी अंतरिक्ष वैज्ञानिक उत्साहित हैं और सांस रोक कर इस पल का इंतजार कर रहे हैं। चंद्रयान-2 का मॉड्यूल विक्रम चंद्रमा पर सॉफ्ट लैंडिंग के लिए शनिवार तड़के अपना अंतिम अवरोहण शुरू करेगा। विक्रम की सफलता के साथ ही भारत चंद्रमा पर अपने रोवर की सॉफ्ट लैंडिंग कराने वाला चौथा देश बन जाएगा। इससे पहले रूस, अमेरिका और चीन ने ही यह मुकाम हासिल किया है, लेकिन चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर अपना लैंडर उतारने वाले भारत पहला देश होगा। अमेरिकी अंतरिक्ष वैज्ञानिकों का मानना है कि इस ऐतिहासिक मिशन से चंद्रमा की बनावट को समझने में और मदद मिलेगी। वाशिंगटन स्थित भारतीय दूतावास ने भी विक्रम लैंडर के चंद्रमा पर उतरने की घटना का सीधा प्रसारण दिखाने की व्यवस्था की है। इस दौरान चंद्रयान-2 पर प्रस्तुति भी दी जाएगी। नासा के अंतरिक्ष वैज्ञानिक भी ऐतिहासिक लैंडिंग पर पल-पल की नजर रखेंगे। विक्रम लैंडर के न्यूयॉर्क के स्थानीय समयानुसार शुक्रवार शाम चार बजे से पांच बजे के बीच चंद्रमा के सतह पर उतरने की उम्मीद है। स्पेस डॉट कॉम ने कहा कि चंद्रमा के दक्षिणी ध्रुव पर जहां पर भी भारत का छह पहियों का रोवर 'प्रज्ञान' उतरेगा, वह चंद्रमा का सबसे अहम स्थान बन जाएगा।

### कानून के समक्ष बड़ी चुनौती है कंपनियों में होने वाली धोखाधड़ी: ठाकुर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी धोखाधड़ी के मामलों में वृद्धि कंपनी संचालन कानून के समक्ष बड़ी चुनौती है। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा कि संपत्ति सृजित करने वालों का सम्मान होना चाहिए। वित्त और कॉरपोरेट मामलों के राज्यमंत्री ने यह भी कहा कि सरकार अपने नागरिकों के साथ-साथ निवेशकों को बेहतर सेवाएं देने और भारत को कारोबार सुगमता के मामले में दुनिया के शीर्ष 20 देशों में शामिल करने के लिये प्रतिबद्ध हैं। ठाकुर ने कहा कि मौजूदा परिदृश्य में हमारी अर्थव्यवस्था में कंपनी स्तर पर धोखाधड़ी के मामले बढ़ रहे हैं। इसमें जानबूझकर चूक करने वाले शामिल हैं। इसका पूंजी निर्माण और प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है और फलस्वरूप पूंजी की निकासी होती है। यह कंपनी संचालन कानून के लिये गंभीर चुनौती है। वह यहां इंडियन कॉरपोरेट लॉ सर्विस (आईसीएलएस) के कार्यक्रम में बोल रहे थे।

पीएम देंगे आठ करोड़ निशुल्क गैस कनेक्शन

# उज्ज्वला योजना का लक्ष्य समय से पहले होगा पूरा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गरीब परिवारों के लिये शुरू की गई उज्ज्वला योजना के तहत आठ करोड़ रसोई गैस कनेक्शन शनिवार को प्रदान करेंगे। आठ करोड़ परिवारों को निशुल्क रसोई गैस कनेक्शन देने के लक्ष्य वाली यह योजना अपने निर्धारित समय से लगभग सात महीने पहले पूरी हो रही है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एक मई 2016 को शुरू की गयी थी। इसके तहत गरीब घरों की पांच करोड़ महिलाओं को मार्च 2019 तक मुफ्त रसोई गैस कनेक्शन उपलब्ध कराने का लक्ष्य रखा गया था। इसे बाद में मार्च 2020 तक के लिए बढ़ाकर आठ करोड़ कनेक्शन कर दिया गया। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, ''प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्ज्वला योजना के तहत आठ करोड़ कनेक्शन शनिवार को देंगे। इसके लिए महाराष्ट्र राज्य में औरंगाबाद के सेंद्रा में सात सितंबर को एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस योजना का मकसद सरकार की मदद से रसोई घरों से प्रदूषणकारक ईंधन को हटाकर एलपीजी (घरेलू रसोई गैस) उपलब्ध कराना है। इसके साथ ही देश में एलपीजी के दायरे को मई 2014 के 55 प्रतिशत से बढ़ाकर 95 प्रतिशत आबादी तक पहुंचाना भी है। इस योजना के तहत सरकार हर मुफ्त एलपीजी कनेक्शन के लिए सरकारी पेट्रोलियम कंपनी को 1,600 रुपये की सब्सिडी देती है।



## खबर संक्षेप




### भेल को छत्तीसगढ़ में 450 करोड़ का ठेका

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की इंजीनियरिंग कंपनी भेल को छत्तीसगढ़ में भिलाई बिजली परियोजना के विस्तार में उत्सर्जन नियंत्रण उपकरणों की आपूर्ति और उनकी स्थापना का ठेका मिला है। ठेके का मूल्य 450 करोड़ रुपए है। भेल ने बयान में कहा , 450 करोड़ रुपये का यह ठेका एनटीपीसी - सेल पावर कंपनी की ओर पेश किया गया है। यह कंपनी एनटीपीसी और सेल का संयुक्त उद्यम है। ठेके में फ्लू गैस डिसल्फ्यूराइजेशन (एफजीडी) प्रणाली की आपूर्ति और उसके स्थापना का काम शामिल है।

### आईवीआरसीएल की बिक्री के लिए रूचि पत्र आमंत्रित

**हैदराबाद।** आईवीआरसीएल लिमिटेड के परिसमापक ने कंपनी की बिक्री के लिए संभावित खरीदारों से रूचि पत्र आमंत्रित किए हैं। कंपनी का आरक्षित मूल्य 1,654.47 करोड़ रुपए रखा गया है। एक आधिकारिक घोषणा में इसकी जानकारी दी गयी। परिसमापक ने कंपनी की वेबसाइट पर पांच सितंबर को जारी नोटिस में कहा, ''यह सूचित किया जाता है कि ई-नीलामी चार अक्टूबर को होगी। पात्र बोलीकर्ता ई-नीलमी में भाग ले सकेंगे।

### दीपक जैन बने एक्मा के नए अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** वाहनों के कलपुर्जे बनाने वाली कंपनियों के संगठन एक्मा ने ल्यूमैक्स इंडस्ट्रीज के चेयरमैन और प्रबंध निदेशक दीपक जैन को अपना नया अध्यक्ष नियुक्त किया है। भारतीय वाहन कलपुर्जा विनिर्माता संघ (एक्मा) ने एक बयान में बताया कि 2019-21 के लिए सोना कोमस्टार के चेयरमैन संजय कपूर को नया उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। एक्मा के महासचिव विनी मेहता ने कहा, वाहन कलपुर्जों के प्रमुख विनिर्माता और उद्योग जगत के दिग्गज जैन के पास उद्योग से जुड़ी गहरी समझ है।



**नई दिल्ली।** इंडियन बैंक ने जोनल मैनेजर श्री राकेश कुमार अग्रवाल के साथ श्री के एस सुधाकर राव, महाप्रबंधक एमएसएमई की उपस्थिति में बहादुरगढ़ में फुटवियर पार्क के ग्राहकों के एमएसएमई की बैठक आयोजित की। फुटवियर पार्क के ग्राहकों को मंजूरी दी गई। इस दौरान एस के कापरी, एजीएम एमएसएमई और शंकर शवंत, सीएम क्रेडिट, आंचलिक कार्यालय दिल्ली भी मौजूद रहे। मीट में 120 से अधिक ग्राहकों ने भाग लिया।



**नई दिल्ली।** गुरुग्राम को 'मिलेनियम सिटी' के नाम से जाना जाता है, लेकिन जब साउथ सिटी-I, सेक्टर-40 के निवासियों को सोमवार से पूरी ब्लैक आउट से गुजरना पड़ा तो यह भावी नाम बदनामी की कगार पर आ गया। निवासियों के अनुसार ट्रांसफॉर्मर और ट्रांसफार्मर से निकलने वाली केबल में शॉर्ट सर्किटिंग के कारण यह समस्या उत्पन्न हुई। जिसे सोमवार के बाद से ठीक नहीं किया गया है। समस्या एमसीजी द्वारा फॉर्म मेसर्स यूनिटेक की कॉलोनी साऊथ सिटी पर कब्जा करने के साथ शुरू हुई। दोनों संस्थान (यूनिटेक) और दक्षिण हरियाणा बिजली विट्रम निगम (डीएचबीवीएन) ने ढांचागत मुद्दों के कारण बिजली की विफलता के मामले में अपनी जिम्मेदारियों को एक दूसरे पर डाल दिया।

# निर्यात को बढ़ावा देने की तैयारी में सरकार, जल्द उपायों की घोषणा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

देश के निर्यात को बढ़ावा देने के लिए सरकार रत्न एवं आभूषण समेत कई क्षेत्रों के लिए उपायों की घोषणा कर सकती है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने कहा कि इन उपायों पर बातचीत के लिए वित्त मंत्रालय और वाणिज्य मंत्रालय कई दौर की वार्ता कर चुका है। विचाराधीन प्रस्ताव के रूप में , सरकार विशेष आर्थिक क्षेत्र (सेज) में इकाइयों के कर संबंधी लाभ को हटाने की समयसीमा बढ़ा सकती है।

- वित्त और वाणिज्य मंत्रालय कई दौर की बातचीत कर चुके

### हीरों पर घट सकता है आयात शुल्क

सरकार ने 2016-17 के आम बजट में यह घोषणा की थी कि आयकर संबंधी लाभ सेज की केवल उन्हीं नई इकाइयों को मिलेंगे, जो 31 मार्च 2020 से पहले कार्य करना शुरू कर देंगी। रत्न एवं आभूषण क्षेत्र के लिए सरकार रंगीन रत्न (पत्थर) और पॉलिश हीरों पर आयात शुल्क को घटाने पर विचार कर रही है। वर्तमान में यह 7.5 प्रतिशत है।

### जुलाई में निर्यात 2.25 फीसदी बढ़ा

निर्यातकों के लिए उपाय किए जाने से उन्हें इससे बाहर आने में मदद मिलेगी और प्रतिस्पर्धा बढ़ेगी। देश के निर्यात में जुलाई महीने में 2.25 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। चालू वित्त वर्ष की अप्रैल - जुलाई के दौरान निर्यात 0.37 प्रतिशत गिरकर 107.41 अरब डॉलर रह गया।

## 31 मार्च 2020 से पहले काम शुरू करने वाली सेज इकाइयों को आयकर का लाभ शुरू

### बीमा कवर 60 से 60 फीसदी पर विचार

इसके अलावा , सरकार भारतीय निर्यात ऋण गारंटी निगम की ओर से निर्यात कर्ज के लिए मिलने वाले बीमा कवर को 60 प्रतिशत से बढ़ाकर 90 प्रतिशत करने पर भी विचार कर रही है। यह बैंकों को प्रतिस्पर्धी दरों में निर्यात ऋण उपलब्ध कराने में सक्षम बनाएगा।




### दवा कंपनियों को ब्याज सहायता देने की मांग

इसके अलावा बड़ी दवा कंपनियों को ब्याज सहायता देने की भी मांग की गई है। निर्यातकों के संगठन फियो के महानिदेशक अजय सहाय ने कहा , आर्थिक अनिश्चितताओं की वजह से दुनिया भर में मांग में कमी के बीच देश का निर्यात मुश्किल दौर से गुजर रहा है।

### मानक परिचालन प्रक्रिया की जा सकती है लागू

आयात एवं निर्यात खेपों के जल्द से जल्दी मंजूरी (क्लीयरेंस) के लिए मानक परिचालन प्रकिया लागू की जा सकती है। निर्यातकों ने कई अन्य उपाय किए जाने की भी मांग की है। इसमें गैर - बासमती चावल और कपड़ा जैसे क्षेत्रों के लिए भारत से वस्तु निर्यात योजना (एमईआईएस) का लाभ देना शामिल है।

## सीईए के चेयरमैन की अध्यक्षता में समिति का गठन

# निजी बिजली कंपनियों के बिलों के भुगतान के लिए ई-प्लेटफार्म का सुझाव

- निजी उत्पादक कंपनियों का दिसंबर 2018 तक 72,000 करोड़ बकाया

एजेंसी ⏭ मुंबई

केंद्रीय विद्युत प्राधिकरण (सीईए) के चेयरमैन की अध्यक्षता में गठित समिति ने राज्य विद्युत वितरण कंपनियों द्वारा निजी क्षेत्र की बिजली उत्पादक (आईपीपी) कंपनियों के बिलों का भुगतान सुनिश्चित करने के लिए एमएसएमई क्षेत्र की तर्ज पर ई-प्लेटफार्म बनाने का सुझाव दिया है। इस समिति का गठन राज्यों की बिजली वितरण कंपनियों द्वारा स्वतंत्र बिजली उत्पादकों को पहले भुगतान की संभावनाएं तलाशने के लिए किया गया था। सरकार ने इस साल फरवरी में सीईए के अंतर्गत यह समिति गठित की।

**खास बातें**

- देरी से भुगतान की समस्या लंबे समय से
- एक अगस्त से वितरण कंपनियों के लिए साख पत्र अनिवार्य



### बिल का 50 फीसदी अग्रिम भुगतान की सिफारिश

समिति ने कोयला, लिग्नाइट या गैस जैसे ईंधन का उपयोग करने वाली बिजली उत्पादक कंपनियों के लिए अनुमानित बिल का 50 प्रतिशत अग्रिम भुगतान की सिफारिश की है। अन्य मामलों में अग्रिम भुगतान अनुमानित बिल का 25 प्रतिशत हो सकता है।

### वितरण कंपनियों पर 51,000 करोड़ बकाया

विशेषज्ञ ने कहा कि वितरण कंपनियों पर बकाया करीब 51,000 करोड़ रुपए का है। सरकार ने बिजली वितरण कंपनियों को साख पत्र की पेशकश करने का निर्देश देने की योजना बनाई है, यह सकारात्मक कदम है लेकिन पुरानी बकाया राशि का क्या होगा? इस बारे में भी सरकार को तुरंत कदम उठाना चाहिए।

### पिछले बकाया के बारे में कुछ नहीं कहा गया

समिति ने यह भी सिफारिश की है कि राज्य अन्य सरकारी विभागों से बकाए का हस्तांतरण सीधे अपनी संबंधित वितरण कंपनियों को करने की व्यवस्था करे। हालांकि, उद्योग के एक विशेषज्ञ ने कहा कि सिफारिशें भविष्य के भुगतान को लेकर की गई हैं लेकिन पिछले बकाये के बारे में इसमें कुछ नहीं कहा गया है।

### नकदी संकट से जूझ रही वितरण कंपनियां

यहां यह उल्लेखनीय है कि नकदी संकट से जूझ रही राज्य बिजली वितरण कंपनियों पर निजी क्षेत्र की बिजली उत्पादक कंपनियों का दिसंबर 2018 तक 72,000 करोड़ रुपए का बकाया था। इस स्थिति के चलते बिजली क्षेत्र में बैंकों के साथ 30 बिजली उत्पादक कंपनियों के तीन लाख करोड़ रुपए से अधिक के फंसे कर्ज की स्थिति बनी है।

### बिल डिस्काउंटिंग की भी सिफारिश

समिति ने अपनी रिपोर्ट में बिजली उत्पादक कंपनियों के लिए 'बिल डिस्काउंटिंग' के लिए ई-प्लेटफार्म सृजित करने की सिफारिश की है। इसमें वाणिज्यिक बैंक वित्तपोषण का काम कर सकते हैं।

### मंच ट्रेडर्स की तर्ज परकाम कर सकता है

रिपोर्ट के अनुसार, 'यह मंच ट्रेड्रूस (कारोबार के दौरान होने वाली प्राप्ति पर आधारित प्रणाली) की तर्ज पर काम कर सकता है। इस तरह की प्रणाली का उपयोग सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यमों (एमएसएमई) द्वारा भी किया जाता है।'

# रुपये की मजबूती से सोना 372 रुपये टूटा

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



कमजोर मांग और रुपए की मजबूती से राष्ट्रीय राजधानी सराफा बाजार में सोने की कीमत 372 रुपए की गिरावट के साथ 39,278 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। एचडीएफसी सिक्युरिटीज ने यह जानकारी दी है। सोने की कीमतों के साथ ही चांदी की कीमत भी 1,273 रुपए की हानि के साथ 49,187 रुपए प्रति किग्रा रह गई। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (कमोडिटीज), तपन पटेल ने कहा, कमजोर निवेश मांग और मजबूत रुपए से कीमतों में गिरावट आई। शुक्रवार को दिन में डॉलर के मुकाबले रुपया 21 पैसे मजबूत हो गया।

- सोना गिरकर 39,278 रु. प्रति दस ग्राम

अंतरराष्ट्रीय बाजार, न्यूयॉर्क में सोने का भाव घटकर 1,510 डॉलर प्रति औंस रह गया जबकि चांदी का भाव भी घटकर 18.30 डॉलर प्रति औंस पर आ गया। पटेल ने कहा, अमेरिका के उम्मीद से बेहतर आर्थिक आंकड़ों के आने के बाद बाजार में जोखिम धारणा के नरम पड़ने से सराफा मांग प्रभावित हुई। गुरुवार की शाम को सराफा कीमतों में तकनीकी सुधार देखने को मिला और बहुमूल्य धातुओं की कीमतों में गिरावट आई। दिल्ली में, 24 कैरेट सोना (99.9 प्रतिशत शुद्धता) 39,650 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ जबकि चांदी चांदी 50,460 रुपए प्रति किग्रा पर बंद हुई।

### शुरुआती कारोबार में रु. 17 पैसे कमजोर रहा

बाजार सूत्रों ने कहा कि आरंभिक कारोबार में रुपया 17 पैसे के सुधार के साथ 71.67 रुपए प्रति डॉलर हो गया जहां घरेलू शेयर बाजार में तेजी तथा अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में प्रगति जैसे सकारात्मक संकेतों से निवेशकों की कारोबारी धारणा में सुधार आया।

## एसबीआई तीन बार से ज्यादा नकद जमा पर वसूलेगा चार्ज

**नई दिल्ली।** देश का सबसे बड़ा सरकारी बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) 1 अक्टूबर 2019 से अपने सर्विस चार्ज में बदलाव करने जा रहा है। इसमें बैंक में रुपया जमा करना, रुपया निकालना, चेक का इस्तेमाल, एटीएम ट्रांजेक्शन से जुड़े सर्विस चार्ज शामिल हैं। सर्विस चार्ज में बदलाव के संबंध में एसबीआई ने अपनी वेबसाइट पर एक सर्कुलर भी जारी कर दिया है। एसबीआई जो सबसे बड़ा बदलाव करने जा रहा है उसमें बैंक खाते में रुपया जमा करना शामिल है। बैंक के सर्कुलर के अनुसार 1 अक्टूबर के बाद आप 1 महीने में अपने खाते में केवल 3 बार ही रुपया मुफ्त में जमा कर पाएंगे। यदि इससे ज्यादा बार रुपया जमा करते हैं तो प्रत्येक ट्रांजेक्शन पर 50 रुपये का चार्ज देना होगा। बैंक सर्विस चार्ज पर 12 फीसदी का जीएसटी वसूलता है। इस प्रकार जब आप चौथी, पांचवीं या ज्यादा बार रुपया जमा करेंगे तो आपको हर बार 56 रुपये ज्यादा देने होंगे। आपको बता दें कि अभी किसी भी बैंक में खाते में रुपये जमा करने संबंधी कोई रोकटोक नहीं है।

# सेंसेक्स में 337 अंक का उछाल

एजेंसी ⏭ मुंबई

अमेरिका - चीन के बीच व्यापार युद्ध नरम पड़ने की उम्मीदों और वाहन क्षेत्र के संकट को दूर करने के लिए कदम उठाए जाने के संकेतों से घरेलू शेयर बाजार में तेजी दर्ज की गई। बंबई शेयर बाजार (बीएसई) का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 337.35 अंक यानी 0.92 प्रतिशत बढ़कर 36,981.77 अंक पर बंद हुआ। इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी सूचकांक 98.30 अंक यानी 0.91 प्रतिशत बढ़कर 10,946.20 अंक पर बंद हुआ। वित्त राज्य मंत्री अनुराग ठाकुर ने वाहन कंपनियों से माल एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती का मुद्दा जीएसटी परिषद के समक्ष उठाने को कहा। साथ ही उन्होंने केंद्र की तरफ से हर संभव सहायता का आश्वासन भी दिया। सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने भी संकट से जूझ रहे वाहन क्षेत्र को सरकार की ओर से हरसंभव मदद का भरोसा दिया है।



### ये शेयर चढ़े

सेंसेक्स में वाहन कंपनियों के शेयरों में मारुति सुजुकी , बजाज ऑटो , टाटा मोटर्स , महिंद्रा एंड महिंद्रा और हीरो मोटोकॉर्प में तेजी दर्ज की गई। लाभ में रहे अन्य शेयरों में टेक महिंद्रा , एनटीपीसी , एक्सिस बैंक , टाटा स्टील , बजाज फाइनेंस और कोटक बैंक शामिल हैं। इनमें 3.77 प्रतिशत तक की वृद्धि हासिल की गई।

### इनमें रही गिरावट

वहीं , दूसरी ओर यस बैंक , सन फार्मा , टीसीएस , एचसीएल टेक , हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईटीसी के शेयरों में 2.42 प्रतिशत तक की गिरावट रही।


**उत्तर रेलवे**

**इ–निविदा (इ–प्रोक्यूमेंट) के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

निम्नलिखित कार्य के लिए वरिष्ठ मंडल अभियंता/III, उत्तर रेलवे, दिल्ली मंडल मे ई–निविदा आमंत्रण। **1. कार्य का नाम :** दिल्ली–दिल्ली मंडल में स्टेशन और रेलवे कॉलोनी क्षेत्र आदि के बीच में स्टेशन के लिए भूमि योजनाओं का प्रस्तावित अद्यतन, मिलान, प्रमाणन और कंप्यूटरीकरण। **2. कार्य की अनुमानित लागत (रुपये) :** 2,03,21,757.70 (दो करोड़ तीन लाख इक्कीस हजार सात सौ सत्तावन और सत्तर पैसे केवल)) **3. बयाना राशि (रुपये) :** 2,51,600/– (दो लाख इकावन हजार छः सौ केवल) **4. निविदा प्रपत्र का मूल्य (रुपये) :** 11,800/– **5. निविदा बोली प्रस्तुत करने और निविदा खोलने की तिथि और समय :** 01.10.2019 को 15:00 तक। **6. वेबसाइट विवरण जहां निविदा दस्तावेजों का पूरा विवरण देखा जा सकता है :** निविदा आईआरपीएस वेबसाइट **www.ireps.gov.in.** पर उपलब्ध। ठेकेदारो को ई–टेंडर प्रणाली में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे ई–प्रोक्योरमेंट सिस्टम) IREPS साइट यानी **www.ireps.gov.in** के अंतर्गत पंजीकृत होना चाहिए। सभी नियमों और शर्तो के लिए कृपया निविदा दस्तावेज देखें। मैनुअल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेगी। निविदा दस्तावेज और बयाना की लागत केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार्य होगी। **सं. 128–डब्लू/280/ई–निविदा सूचना/23–2019–20/डब्लू–3 दिनांक : 06.09.2019** **2870/19**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



**गुमशुदा लड़की की तलाश**



सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की नाम प्रियंका उर्फ आरती, पुत्री श्री तारा चन्द, निवासी डी–3/174, सुल्तानपुरी, दिल्ली, जिसकी आयु 21 वर्ष, कद 5', रंग साफ, लम्बा चेहरा, जो काले व सफेद रंग का टॉप, नीले रंग की जींस पैंट तथा पैरों में नीले रंग के जूते पहने हुए

**प्रियंका उर्फ आरती**

दिनांक 14.07.19 को थाना क्षेत्र सुल्तानपुरी, दिल्ली से लापता/ अपहृत है। इस संदर्भ में एक डीडी नं. 15–ए दिनांक 16.07.19 को थाना सुल्तानपुरी, दिल्ली में दर्ज है।

इस लापता/अपहृत लड़की के बारे में किसी भी व्यक्ति को कोई भी सूचना मिले तो निम्नलिखित पते पर सूचित करें।

ई–मेल आईडी: cic@cbi.gov.in
फोन: 011–24368638, 24368641
फैक्स: 011–24368639

थानाध्यक्ष
थाना : सुल्तानपुरी, दिल्ली
फोन : 25472410, 25472166

DP/2635/OD/19



**गुमशुदा/अपहृत की तलाश**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि एक लड़की (चित्र में दर्शायी गया), जिसका नामः अंजलि, पुत्रीः चन्दर सिंह, पताः म.सं. डी–155/1, कुंवर सिंह नगर, नांगलोइ, दिल्ली, उम्र 19 वर्ष, जो दिनांक 23.08.2019 से थानाक्षेत्र निहाल विहार, दिल्ली से गुमशुदा/अपहृत है। इस बाबत DD No. 92-A, दिनांक 23.08.2019 से थाना निहाल विहार, दिल्ली में दर्ज है। लड़की का शारीरिक ब्योरा इस प्रकार हैः


अंजलि

रंगः गोरा, कदः 5'2'' फीट, चेहराः लंबोतरा,
पहनावाः हल्के नीले रंग की कमीज और गहरे नीले रंग की पैन्ट पहने हुए।

किसी व्यक्ति को इस गुमशुदा/अपहृत लड़की के बारे में कोई भी जानकारी/सूचना मिले तो इसकी सूचना थाना निहाल विहार, दिल्ली को ई–मेलः cic@cbi.gov.nic.in अथवा वेबसाइटः http://cbi.nic.in फोन नम्बर: 11-24368638 or 24368641 पर दें।

थानाध्यक्ष
थाना, निहाल विहार, दिल्ली
फोनः 011-25946700, 25946710

DP/2631/OD/19.



**B J DUPLEX BOARDS LIMITED**

**Registered Office:** H. NO. 83, T/F CHAWRI BAZAR, DELHI -110006
**Landline:** (91)-11-41410139, **CIN:** L21090DL1995PLC066281
**Web:** http://www.bjduplexboard.com **E-Mail:** sbj@anandpulp.com

**NOTICE**

NOTICE is hereby given that the 25th Annual General Meeting of the Company will be held on Monday, 30th September, 2019 at 4.00 P.M. at IX/5911, Subhash Mohalla No 2, Near Gori Shankar Mandir, Gandhi Nagar, Delhi-110031 to transact the business set out in the said notice.

The notice alongwith annual report has been dispatched to all the members at their registered address or e-mail Ids on or before 05th September, 2019 and the same is also available on the website of the Company at www.bjduplexboard.com

In compliance with the provisions of Section 108 of the Companies Act, 2013 read with Rule 20 of the Companies (Management and Administration) Rules, 2014, as amended from time to time and Regulation 44 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, the Company is providing remote e-voting facility to its members to cast their vote by electronic means on the resolutions set out in the said notice. The remote e-voting period begins on Friday, 27th September, 2019 at 9:00 am and ends on Sunday, 29th September, 2019 at 5:00 pm. The shareholders of the Company holding shares either in physical form or in dematerialized form, as on the cut-off date 23rd September, 2019 may cast their vote electronically. The e-voting module shall be disabled by CDSL for voting thereafter.

Mr. Parveen Rastogi, Practising Company Secretary has been appointed as Scrutinizer for overseeing/ conducting the remote e-voting and the voting process in a fair and transparent manner.

Pursuant to Section 91 of the Companies Act,2013 and Regulation 42 of the SEBI (LODR) Regulations, 2015, Register of Members and Share Transfer Books of the Company will remain closed from 24th September, 2019 to 30th September, 2019for the purpose of the AGM of the Company year ended 2019.

By order of the Board
For B J Duplex Boards Limited
Sd/-
Divya Mittal
Company Secretary and Compliance Officer

Date: 05th September, 2019
Place: New Delhi



**पर्ल अपार्टमेंट्स लिमिटेड**

(CIN NO: L70101DL1979PLC009901)
पंजी. कार्यालय : 903, रोहित हाउस, 3, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली–110001
Tel No.: +91-11-23725826/27/28
Website: www.pearlapartments.co.in
Email Id: pearl.secretarial@pearlmail.com

**सूचना**

एतद् द्वारा सूचना दी जाती है कि एजीएम की सूचना में निहित बिजनेस को सम्पादित करने के लिये पर्ल अपार्टमैंट लिमिटेड की 40वीं वार्षिक सामान्य बैठक (एजीएम) सोमवार 30 सितम्बर 2019 को अप. 4.00 बजे 903, रोहित हाऊस, 3, टॉलस्टॉय मार्ग, नई दिल्ली-110001 में आयोजित की जाएगी।

एजीएम सूचना तथा वित्तीय वर्ष 2018-19 हेतु वार्षिक रिपोर्ट की भौतिक प्रतियां अनुमत्त मोड द्वारा कम्पनी के सदस्यों को उनके पंजिकृत पते पर भेज दी गई हैं। वार्षिक रिपोर्ट सहित सूचना का प्रेषण बृहस्पतिवार 05 सितम्बर 2019 को पूरा कर लिया गया है।

सदस्य वार्षिक रिपोर्ट और एजीएम की सूचना निम्नलिखित लिंक (i) www.evoting.nsdl.com अथवा (www.pearlapartments.co.in से भी डाउनलोड कर सकते हैं।

कम्पनी इसके सदस्यों को नैशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लि. (''एनएसडीएल'') की इलैक्ट्रोनिक वोटिंग सेवा के माध्यम से दूरस्थ ई-वोटिंग सुविधा का उपयोग करते हुए इलैक्ट्रोनिकली अपना मत देने में सक्षम बनाने के लिए प्रसन्न हैं। सदस्य जिनके पास कटऑफ तिथि को भौतिक रूप से अथवा डी मैटिरियलाइज्ड रूप से कम्पनी के शेयर हैं वे दूरस्थ ई-वोटिंग के लिए प्रात्र होगें। जिन सदस्यों ने एजीएम से पूर्व दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से अपना मत दे दिया है वे एजीएम में भी उपस्थित हो सकते हैं किन्तु एजीएम में उन्हें पुनः मतदान की अनुमति नहीं होगी।

सदस्यों हेतु एजीएम में दूरस्थ ई-वोटिंग के माध्यम से मतदान की प्रात्रता हेतु कट-ऑफ तिथि सोमवार 23 सितम्बर 2019 है।

दूरस्थ ई-वोटिंग शुक्रवार 27 सितम्बर 2019 (पूर्वा. 10:00 बजे) प्रारम्भ होगी और रविवार 29 सितम्बर 2019 को (अप. 5:00 बजे) समाप्त होगी। इसके उपरान्त दूरस्थ ई-वोटिंग को अयोग्य बना दिया जायेगा। सदस्य द्वारा किसी एक प्रस्ताव पर एक बार मत देने के उपरान्त उसे बदलने की अनुमति नहीं होगी। यदि कोई सदस्य सूचना के प्रेषण के उपरान्त कम्पनी का सदस्य बनता है और शेयर धारण करता है और कट-ऑफ तिथि अथता 23 सितम्बर 2019 को शेयर धारण करता है evoting@nsdl.co.in अथवा (beetalrta@gmail.com पर आग्रह भेज कर लॉग इन आईडी तथा पासवर्ड प्राप्त कर सकता है।

इसके अतिरिक्त एजीएम में उन सभी सदस्यों को जो एजीएम में उपस्थित तो हैं किन्तु उन्होंने दूरस्थ ई-वोटिंग द्वारा अपना मत नहीं दिया है को 'मत पत्र' के प्रयोग द्वारा भी मतदान की सुविधा होगी।

ई-वोटिंग से सम्बन्धित किसी शिकायत के सम्बन्ध में सदस्य अधोहस्ताक्षरी व्यक्ति से सम्पर्क कर सकते हैं।

कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 91 के साथ पठित सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशनस एण्ड डिसक्लोजर अपेक्षाएं) नियमनों 2015 के नियमन 42 के प्रावधानों के तहत कम्पनी का सदस्यों का रजिस्टर और शेयर ट्रांसफर बुक्स मंगलवार 24 सितम्बर 2019 से सोमवार 30 सितम्बर, 2019 (दोनों दिन मिलाकर) एजीएम के उद्देश्य से बंद रहेंगे।

बोर्ड के आदेशानुसार
कृते पर्ल अपार्टमैंट्स लिमिटेड
हस्ता/- मनन खादरिया
कम्पनी सचिव

स्थान : नई दिल्ली
दिनांक : 05 सितम्बर 2019
मेल-आईडी pearl.secretarial@pearlmail.com
सम्पर्क संख्या : 011-23442124



**महर्षि दयानन्द विश्वविद्यालय, रोहतक**

(हरियाणा अधिनियम सं. XXV ऑफ 1975 के तहत स्थापित एक राज्य विश्वविद्यालय)
एनएएसी द्वारा प्रमाणित 'ए+' ग्रेड विश्वविद्यालय

**वॉक-इन-इंटरव्यू** (विज्ञा. सं. पीआर-12 ऑफ 2019)

निम्नलिखित विभागों में सत्र 2019-20 हेतु कक्षाओं की समाप्ति अथवा नियमित चयन किये जाने तक जो भी पहले हो रु. 57,700/- प्रति माह के निर्धारित मासिक वेतन पर रिसोर्स पर्सन (एस) की नियुक्ति हेतु नीचे दिये गये कार्यक्रम के अनुसार 10.09.2019 को सम्बन्धित विभागाध्यक्ष के कार्यालय में संचालित किया जाएगा।

| क्र. सं. | विभाग / केन्द्र | पदों की सं. | श्रेणी | समय |
|---|---|---|---|---|
| 1. | अर्थशास्त्र | 2 | सामान्य-01, एससी-01 | पूर्वा. 10.00 बजे |
| 2. | डिफैंस एंड स्ट्रटीजिक स्टडीज | 2 | सामान्य-02 | दोपहर 12.00 बजे |
| 3. | मनोविज्ञान | 3 | सामान्य-02, एससी-01 | अप. 2.00 बजे |
| 4. | विज्यूअल आर्ट्स | 1 (अवकाश रिक्ति के तहत) | सामान्य-01 | दोपहर 12.00 बजे |
| 5. | लॉ | 2 | सामान्य-01, एससी-01 | अप. 1.00 बजे |
| 6. | सीपीएएस (लॉ), गुरुग्राम | 3 | सामान्य-02, एससी-01 | अप. 2.00 बजे |
| 7. | आईएचटीएम | 1 (विशेषज्ञता - प्रोडक्शन) | एससी-01 | पूर्वा. 10.00 बजे |
| 8. | कैमिस्ट्री | 5 | सामान्य-02, बीसीए-01, बीसीबी-01, एससी-01 | पूर्वा. 10.00 बजे |
| 9. | स्टटिस्टिक्स | 2 | सामान्य-02 | दोपहर 12.00 बजे |
| 10. | कॉमर्स | 4 | सामान्य-03, एससी-01 | पूर्वा. 10.00 बजे |
| 11. | फिजिकल एजूकेशन | 2 | सामान्य-01, एससी-01 | दोपहर 12.00 बजे |
| 12. | यूआईईटी (बायो-टेक) | 3 | सामान्य-02, एससी-01 | पूर्वा. 10.00 बजे |
| 13. | यूआईईटी (एमई) | 3 | सामान्य-02, एससी-01 | पूर्वा. 11.00 बजे |

टिप्पणी :-
1. विश्वविद्यालय किसी भी समय बिना पूर्व सूचना के बढ़ाने / घटने अथवा रिसोर्स पर्सन(एस) को नियुक्त न करने अथवा साक्षात्कार निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
2. उम्मीदवार के पास यू.जी.सी. / राज्य सरकार की योग्यताओं के अनुसार आवश्यक योग्यताएं और पात्रता होनी चाहिए।
3. उम्मीदवारों को प्रमाण-पत्रों / सम्बन्धित टेस्टीमोनियल्स की स्व-सत्यापित प्रतियों के साथ-साथ मूल दस्तावेज और पूर्ण बायोडाटा की सात प्रतियां लाने का परामर्श दिया जाता है।
4. उपस्थिति समय साक्षात्कार हेतु निर्धारित समय से एक घंटा पहले है।
5. साक्षात्कार में उपस्थित होने के लिये किसी टीए/डीए का भुगतान नहीं किया जाएगा।

रजिस्ट्रार

## खबर संक्षेप



### सुपरलीगा टीम के कोच बने माराडोना

**ब्यूनस आयर्स।** अर्जेंटीना के महान फुटबालर डिएगो माराडोना सुपरलीगा टीम जिम्नासिया के कोच बनेंगे । क्लब ने ट्विटर पर यह जानकारी दी। ला प्लाटा के क्लब ने कहा, 'मुबारक डिएगो। इस खूबसूरत क्लब के चप्पे चप्पे पर आपका स्वागत है।' अर्जेंटीना के पूर्व कोच माराडोना ने जून में स्वास्थ्य कारणों से मैक्सिको के दूसरे दर्जे के क्लब डोराडोस से नाता तोड़ लिया था। उनका नया क्लब 'जिम्नास्टिक्स एंड फेंसिंग' अर्जेंटीना के 24 क्लबों के सुपरलीगा टूर्नामेंट में सबसे नीचे है।

### एशेज में दोहरे शतक के बाद 'जीनियस' हैं स्मिथ : पोंटिंग

**सिडनी।** आस्ट्रेलिया के लिए सबसे ज्यादा रन बना चुके रिकी पोंटिंग ने एशेज टेस्ट में दोहरा



शतक जमाने वाले स्टीव स्मिथ को 'जीनियस' कहा जबकि आस्ट्रेलियाई मीडिया ने उनके खेल को 'डान ब्रैडमेन' जैसा बताया। गेंद से छेड़खानी मामले में 12 महीने प्रतिबंध झेलने के बाद लौटे स्मिथ जबर्दस्त फार्म में है जिन्होंने चौथे टेस्ट में 211 रन बनाए। पोंटिंग ने क्रिकेट डाट काम डाट एयू से कहा, 'आपको उसकी तारीफ में बहुत कुछ सुनने को मिलेगा।

### हर टेस्ट को अपना आखिरी समझता हूं : विहारी

**नई दिल्ली।** अक्सर क्रिकेटर अपने प्रदर्शन का श्रेय टीम में जगह पक्की होने को देते हैं लेकिन हनुमा विहारी अपने हर टेस्ट को 'आखिरी



टेस्ट' समझकर खेलते हैं ताकि आत्ममुग्धता से बच सकें। आंध्र के इस 25 वर्षीय बल्लेबाज ने वेस्टइंडीज के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 2-0 से मिली जीत में 291 रन बनाकर रोहित शर्मा की जगह अंतिम एकादश में उन्हें उतारने के टीम प्रबंधन के फैसले को सही साबित कर दिया। विहारी ने इंटरव्यू में कहा, 'बेशक मैं अपने प्रदर्शन से खुश हूं लेकिन मैं स्पष्ट सोच के साथ इस दौरे पर गया था। मैने मैच दर मैच रणनीति बनाई और हर मैच को अपने आखिरी मैच की तरह खेला।

### बीसीसीआई प्रदेश संघों के चुनाव की समय सीमा बढ़ी

**मुंबई।** उच्चतम न्यायालय द्वारा नियुक्त प्रशासकों की समिति ने बीसीसीआई के राज्य संघों के चुनाव पूरे करने के लिये समय सीमा 28 सितंबर तक बढ़ा दी।



इससे पहले समय सीमा 14 सितंबर तक की थी। सीओए ने एक बैठक के बाद जारी बयान में कहा, 'राज्य संघों के चुनाव पूरे कराने के लिए समय सीमा 14 सितंबर से बढ़ाकर 28 सितंबर कर दी गई है। इसके बाद समय सीमा आगे नहीं बढ़ाई जाएगी क्योंकि बीसीसीआई चुनावों से जुड़ी एजीएम का नोटिस 22 अक्टूबर से 21 दिन पहले जारी करना होगा जो 30 सितंबर है ।

### गिल की नजरें शीर्ष पांच में रहने पर

**नई दिल्ली।** अर्जुन पुरस्कार पाने वाले पहले मोटरस्पोर्ट्स चालक बने गौरव गिल ने शुक्रवार को कहा कि अगले सप्ताह से शुरू होने वाली रैली आफ तुर्की में उनकी



कोशिश शीर्ष पांच में रहने की होगी। वह इस रेस के जरिए एफआईए विश्व रैली चैम्पियनशिप दो में अपनी दूसरी पारी का आगाज करेंगे। रैली आफ तुर्की का आयोजन 12 से 15 सितंबर तक होगा। तीन बार के एपीआरसी और छह बार के आईएनआरसी चैम्पियन गिल इसमें एम-स्पोर्ट्स द्वारा विकसित 1.6 टर्बो फोर्ड फिएस्टा आर-पांच का इस्तेमाल करेंगे।

# 12 वर्षीय नन्हें प्रशंसक ने कचरा बीनकर जुटाए एशेज टिकट के लिए पैसे

एजेंसी ▶▶| मैनचेस्टर

क्रिकेट को मजहब और क्रिकेटरों को खुदा मानने वाले प्रशंसकों की दुनिया में कमी नहीं है और इसी की बानगी पेश की आस्ट्रेलिया में 12 बरस के एक बच्चे ने जो चार साल तक कचरा बीनकर पैसा बचाता रहा ताकि एशेज का मैच देख सके।

बारह बरस के इस बच्चे ने अपने आस पड़ोस में कचरा उठाकर पैसा इकट्ठा किया ताकि आस्ट्रेलियाई टीम को इंग्लैंड में एशेज खेलते देख सके। उसकी इस दीवानगी का तोहफा उसे क्रिकेटरों के साथ बस में यात्रा के रूप में भी मिला। क्रिकेट डाट काम डाट एयू

**खास बातें**

- 12 वर्षीय मैक्स वेट ने चार साल तक कचरा बीन पैसे किए जमा
- चौथे मैच के लिए आस्ट्रेलियाई टीम के साथ बस में यात्रा भी की
- मैक्स ने कहा, 'मैं स्टीव वॉ, और लियोन के बगल में बैठा



ने बताया कि 2015 में मैक्स वेट ने आस्ट्रेलियाई टीम को अपनी सरजमीं पर विश्व कप जीतते देखा तो उसने ठान लिया कि चार साल बाद वह एशेज श्रृंखला देखने इंग्लैंड जरूर जाएगा। उसके पिता डेमियन वेट ने कहा कि अगर वह 1500 आस्ट्रेलियाई डालर कमा सका तो ही वह उसे इंग्लैंड लेकर जाएंगे। मैक्स ने अपनी मां के साथ मिलकर सप्ताह के अंत में अड़ोस पड़ोस के घरों से कचरा उठाने का काम शुरू किया। हर घर से उसे एक डालर मिलने लगा। चार साल तक वह यह काम करता रहा।

**पूरे परिवार को दिखाया मैच**

बूंद बूंद से भरता सागर की उक्ति को चरितार्थ करते हुए आखिर में उसने इतना पैसा जमा कर ही लिया कि उसके पिता पूरे परिवार को चौथा टेस्ट दिखाने इंग्लैंड ले आए। मैक्स ने कहा, 'मैं स्टीव वॉ, जस्टिन लैंगर और नाथन लियोन के बगल में बैठा। लैंगर ने मुझे प्लान बुक दिखाई जिसे देखकर मैं दंग रह गया। वॉ से मिलना अद्भुत रहा।'

**पसंदीदा क्रिकेटरों से मिले मैक्स**

अपने दो पसंदीदा क्रिकेटरों से भी मिलने का मौका मिला। उसने कहा, 'स्टीव स्मिथ और पैट कमिंस मेरे पसंदीदा क्रिकेटर हैं। मैने उनसे उनकी तैयारियों और खेल के बारे में बात की। बहुत मजा आया।' दूसरे दिन लंच के समय आस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज जेम्स पेटिंसन ने मैक्स को पूरी टीम के हस्ताक्षर वाली जर्सी भेंट की।

## यूएस ओपन : अमेरिकी स्टार ने स्वितोलिना को 6-3, 6-1 से दी मात


# सेरेना की 24वें ग्रैंडस्लैम के लिए महाभिड़ंत आज, 19 वर्षीय आंद्रिस्कू भी रचेगी इतिहास

एजेंसी ▶▶| न्यूयार्क

अमेरिकी स्टार सेरेना विलियम्स ने एलिना स्वितोलिना को हराकर अमेरिकी ओपन टेनिस ग्रैंडस्लैम के फाइनल में प्रवेश किया जिसमें शनिवार को उनकी भिड़ंत कनाडा की बियांका आंद्रिस्कू से होगी। सेरेना 24वें ग्रैंडस्लैम की कोशिश में जुटी हैं जिससे वह मारग्रेट कोर्ट के रिकार्ड की बराबरी बर लेंगी। उन्होंने गुरुवार को अंतिम चार के मुकाबले में यूक्रेन की स्वितोलिना को 6-3, 6-1 से मात देकर उनका सफर समाप्त कर दिया जो अपने प्रदर्शन में सुधार करके पिछले दो ग्रैंडस्लैम के सेमीफाइनल तक पहुंची थी।

- स्वितोलिना हार के बावजूद पहुंचेंगी अपनी सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर

स्वितोलिना हार के बावजूद सोमवार को जारी होने वाली विश्व रैंकिंग में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएंगी जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग होगी। स्वितोलिना ने शुरू में सेरेना को परेशान किया लेकिन वह शुरुआती गेम में तीन ब्रेक प्वाइंट का फायदा नहीं उठा सकी। वहीं दूसरे सेमीफाइनल में आंद्रिस्कू ने बेलिंडा बेंचिच को 7-6, 7-5 से हराया। यूजीनी बूचार्ड (2014) के बाद 19 बरस की आंद्रिस्कू ग्रैंडस्लैम फाइनल में पहुंचने वाली कनाडा की दूसरी महिला खिलाड़ी हैं। अगर वह जीत जाती है तो मारिया शारापोवा के बाद यहां खिताब हासिल करने वाली सबसे युवा खिलाड़ी बन जाएगी। शारापोवा ने 2006 में अमेरिकी ओपन जीता था।



**आंद्रिस्कू के मैच का रोमांच**



पहली बार अमेरिकी ओपन मुख्य ड्रा में खेल रही आंद्रिस्कू ने 13वीं रैंकिंग वाली स्विटजरलैंड की बेंचिच के खिलाफ पहले सेट में सेट प्वाइंट बचाया। यह मुकाबला उसने टाइब्रेकर में जीता। दूसरे सेट में वह 2-5 से पीछे थे लेकिन उसके बाद आखिरी पांच गेम अपने नाम करके हासिल करके जीत दर्ज की।

### निशोप ने शीर्ष वरीय को हराकर किया उलटफेर

**चेन्नई।** भरत निशोप कुमार ने शुक्रवार को यहां शीर्ष वरीय दक्षिनेश्वर सुरेश को 1-6, 7-6, 6-4 से शिकस्त देकर ईनोआ आईसोल्यूशन एआईटीए रैंकिंग टेनिस टूर्नामेंट के पुरूष एकल फाइनल में जगह बनायी। भरत ने पहला सेट गंवाने के बाद शानदार तरीके वापसी की और फाइनल में उनका सामना पृथ्वी सेकर से होगा। पृथ्वी सेकर ने दीपक सेंतिल कुमार को आसानी से 6-2, 6-3 से पराजित किया। वही सुरेश और सेकर की दूसरी वरीयता प्राप्त जोड़ी ने मोहम्मद फहाद और अहसान हुसैन की तीसरी वरीय जोड़ी को 6-3, 6-3 से हरकार युगल खिताब अपने नाम किया।

## एशेजः चौथा टेस्ट/तीसरा दिन

### बर्न्स-रूट ने इंग्लैंड की पारी को संभाला



**मैनचेस्टर।** सलामी बल्लेबाज रोरी बर्न्स की अर्धशतकीय पारी और कप्तान जो रूट के साथ 100 रन की अटूट साझेदारी से इंग्लैंड ने एशेज श्रृंखला के चौथे टेस्ट के तीसरे दिन शुक्रवार को यहां चाय के विश्राम तक दो विकेट पर 125 रन बना लिए। बर्न्स 62 रन पर बल्लेबाजी कर रहे है जबकि रूट 47 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। टीम हालांकि अभी ऑस्ट्रेलिया से पहली पारी में 372 रन पीछे है। ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को आठ विकेट पर 497 रन बनाकर पारी घोषित की थी। बारिश के कारण दिन के पहले सत्र का खेल नहीं हो पाया। लंच के बाद का सत्र दो घंटे 50 मिनट तक चला। इंग्लैंड की टीम ने दिन की शुरूआत पहली पारी में एक विकेट पर 23 रन से आगे खेल से की जब क्रीज पर बायें हाथ के बल्लेबाज बर्न्स (15) के साथ नाइटवाचमैच क्रेग ओवरटन (तीन) मौजूद थे। ओवरटन कल के स्कोर में सिर्फ दो रन जोड़ कर जोश हेजलवुड की गेंद पर स्लिप में खड़ें स्टीव स्मिथ को कैच थमा बैठे।

बर्न्स और रूट ने इसके बाद संभल कर खेलते हुए चाय के विश्राम तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया। पहले मैच में शतक लगाने वाले बर्न्स ने इसके बाद मिशेल स्टार्क की गेंद पर कवर ड्राइव पर शानदार चौका लगाया। रूट ने भी इसके बाद मोर्चा संभालते हुए पैट कमिंस की गेंद पर चौका लगाया। बर्न्स ने स्टार्क की गेंद पर ही पारी का अपना सातवां चौका लगाकर 100 गेंद में अर्धशतक पूरा किया। इससे पहले स्मिथ की 211 रन की पारी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को आठ विकेट पर 497 रन पर पारी घोषित की।

# राशिद का हरफनमौला प्रदर्शन अफगानिस्तान ने कसा शिकंजा

एजेंसी ▶▶| चटगांव

स्पिनर राशिद खान के बल्ले के बाद गेंद से शानदार प्रदर्शन के बूते अफगानिस्तान ने एकमात्र टेस्ट के दूसरे दिन स्टंप तक बांग्लादेश के आठ विकेट झटक लिए।

राशिद ने सुबह 61 गेंद में 51 रन की पारी खेली जिससे अफगानिस्तान ने पहली पारी में 342 रन बनाए और फिर इस स्पिनर ने 47 रन देकर चार विकेट चटकाए जिसमें अपने पहले ही ओवर में एक विकेट हासिल करना भी शामिल रहा। बांग्लादेश की टीम दिन का खेल समाप्त होने तक आठ विकेट पर 194 रन



बनाकर जूझ रही थी। मोमिनुल हक ही बांग्लादेश के लिए अर्धशतकीय पारी खेल सके जबकि मोसादेक हुसैन 44 रन बनाकर क्रीज पर डटे हैं। मोमिनुल ने 71 गेंद में 52 रन बनाए। पुछल्ले बल्लेबाज ताइजुल इस्लाम 14 रन बनाकर दूसरे छोर पर हैं। टीम अब भी 148 रन से पिछड़ रही है और उसके केवल दो विकेट बचे हैं।

## टी-20: मलिंगा की हैट्रिक, श्रीलंका ने न्यूजीलैंड को हराया

**पालेकल।** कप्तान लसित मलिंग की हैट्रिक सहित पांच विकेट के दम पर श्रीलंका ने शुक्रवार को यहां श्रृंखला के तीसरे और आखिरी टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को 37 रन से हरा दिया। मलिंग ने चार ओवर में छह रन देकर पांच विकेट लिए जिससे जीत के लिए 126 रन के लक्ष्य का पीछा करने पर उतरी न्यूजीलैंड की पूरी टीम 16 ओवर में 88 रन पर पवेलियन लौट गई। न्यूजीलैंड ने पहले दोनों मुकाबले जीत कर श्रृंखला अपने नाम कर लिया था ऐसे में श्रीलंका के लिए यह सांत्वना जीत रही। मलिंगा इस दौरान खेल के इस प्रारूप में 100 विकेट पूरा करने वाले पहले गेंदबाज बन गए। उन्होंने अपने 76वें मैच में कोलिन मुनरो के विकेट के साथ यह उपलब्धि हासिल की। मलिंगा रविवार को इस श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी के 97 विकेट लेने का रिकॉर्ड तोड़ कर टी20 अंतरराष्ट्रीय में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज बने थे। टेस्ट से 2011 में संन्यास ले चुके छत्तीस साल के मलिंगा ने इस मैच में चार गेंद में चार विकेट लेने का अनूठा कीर्तिमान भी बनाया। उन्होंने मुरनो के बाद हामिश रदरफोर्ड, कालिन डी ग्रैंडहोमे और रास टेलर को पवेलियन भेजा। वह टी20 अंतरराष्ट्रीय में दो बार हैट्रिक लेने वाले पहले गेंदबाज बन गए है। उन्होंने टिम शेफर्ट के रूप में पांचवां विकेट लिया।

- मलिंगा ने चार ओवर में छह रन देकर पांच विकेट झटके

## प्रो कबड्डी



### यूपी योद्धा ने पटना पाइरेट्स को हराया

**बेंगलुरु।** श्रीकांत जाधव और सुरेन्द्र गिल के शानदार खेल के दम पर यूपी योद्धा ने प्रो कबड्डी लीग मुकाबले में शुक्रवार को यहां पटना पाइरेट्स को 41-29 से शिकस्त देकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। पटना पाइरेट्स के स्टार खिलाड़ी प्रदीप नरवाल ने 14 अंक बटोरे लेकिन उन्हें टीम के दूसरे खिलाड़ियों का साथ नहीं मिला। यूपी योद्धा के रेडर जाधव ने 10 और गिल ने सात अंक जुटाए। टीम की रक्षापंक्ति ने भी शानदार खेल दिखाया जहां नीतीश कुमार ने पांच और आशू सिंह ने चार अंक बनाये। इस जीत से यूपी योद्धा की टीम 13 मैचों में 37 अंक के साथ तालिका में सातवें स्थान पर है। पटना 13 मैचों में 20 अंक के साथ 12वें और आखिरी पायदान पर है।

### बेंगलुरु ने तेलुगू को दी मात

**बेंगलुरु।** प्रो कबड्डी लीग के 77वें मैच में शुक्रवार को बेंगलुरु बुल्स ने तेलुगू टाइटंस को 40-39 से हरा दिया। बेंगलुरु बुल्स की घरेलू ग्राउंड में यह लगातार तीसरी जीत है। बेंगलुरु की टीम 15 मैचों में से 9 जीत कर 48 अंक के साथ तालिका में दूसरे नंबर पर है। वहीं, तेलुगू टाइटंस की 13 मैचों में यह सातवीं हार है और टीम 29 अंकों के साथ अंक तालिका में 9वें नंबर पर है।

## अमला ने 83 पारी, जबकि विराट ने खेली थी 86 पारियां

# महिला क्रिकेटर लेनिंग ने 76वीं पारी में जड़ा 13वां वनडे शतक, तोड़ा अमला-कोहली का वर्ल्ड रिकॉर्ड

एजेंसी ▶▶| एंटिगा

आईसीसी महिला चैंपियनशिप के तहत खेले गए एक मुकाबले में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम ने वेस्टइंडीज को 178 रनों के विशाल अंतर से हरा दिया। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहला विकेट खाता खोलने से पहल ही गंवा दिया था, लेकिन उसके बाद कप्तान मेग लेनिंग (121) और एलिसा हीली (122) की शानदार शतकीय पारियों की बदौलत 50 ओवर में 4 विकेट पर 308 रन बना बना दिए। जवाब में विंडीज की महिला टीम 37.3 ओवरों में 130 रन पर ही सिमट गई।

एंटिगा में खेले गए इस मैच में लेनिंग ने अपनी शतकीय पारी के दौरान 146 गेंदों का सामना किया, जबकि 12 चौके और 4 छक्के




जड़े। यह उनके वनडे करियर का 13वां वनडे शतक है। इसके साथ ही वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेज 13 शतक लगाने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। महिला और पुरुष, दोनों का रिकॉर्ड है। 13 शतक के लिए उन्होंने 76 पारी खेली है। पिछले 4 मैचों में उनकी यह दूसरी सेंचुरी भी है।

### कई दिग्गजों को छोड़ा पीछे

सबसे तेज 13 वनडे शतक लगाने के मामले में लेनिंग ने साउथ अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज हाशिम अमला को पीछे छोड़ा। अमला ने 13 वनडे शतक के लिए 83 पारी खेली थी। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने इस आंकड़े के लिए 86 पारी खेली थी। इसका मतलब लेनिंग ने रेकॉर्ड तक पहुंचने के लिए विराट से 10 पारी कम खेली।

# तैराकी कोच गांगुली फरार एसएफआई ने किया बैन



एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

एक नाबालिग लड़की के बलात्कार के आरोपों का सामना कर रहे गोवा के बर्खास्त तैराकी कोच सुरजीत गांगुली का अभी तक पता नहीं चल सका है ।

गोवा पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इस बीच भारतीय तैराकी महासंघ ने गांगुली पर खेल से जुड़ी हर गतिविधि के लिए प्रतिबंध लगा दिया। गोवा तैराकी संघ के कोच गांगुली पर 15 वर्ष की लड़की के यौन उत्पीड़न का आरोप है जो उनसे तैराकी सीख रही थी। पुलिस उप अधीक्षक गजानन प्रभुदेसाई ने कहा, 'हम अभी तक कोच की तलाश कर रहे हैं। उसका पता नहीं चल सका है लेकिन हम उसे जल्दी गिरफ्तार कर लेंगे।'

एसएफआई ने एक बयान में कहा, 'एसएफआई गोवा ईकाई की रिपोर्ट और सोशल मीडिया पर उपलब्ध सबूतों के आधार पर एसएफआई इस जघन्य बर्ताव की निंदा करता है। हमने इस कोच को कोचिंग के किसी भी स्वरूप या खेल से जुड़ी अन्य गतिविधियों के लिए प्रतिबंधित कर दिया है। इस आशय का सर्कुलर सभी 29 प्रदेश ईकाइयों को जारी कर दिया है।'

**खबर संक्षेप**

## नाइजीरिया में जिहादियों ने की तीन सैनिकों, एक पुलिसकर्मी की हत्या

**कानो (नाइजीरिया)।** इस्लामिक स्टेट समर्थित जिहादियों ने बृहस्पतिवार को उत्तरपूर्वी नाइजीरिया के बोर्नो प्रांत के गजीराम शहर पर हमला किया जिसमें कम से कम तीन नाइजीरियाई सैनिकों और एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। इस्लामिक स्टेट वेस्ट अफ्रीका प्रोविन्स (आईएसडब्ल्यूएपी) के लड़ाके मशीन गन से लैस नौ ट्रकों में अंतरराष्ट्रीय समयानुसार करीब एक बजे शहर में घुसे तथा इसके बाद सैनिकों और पुलिसकर्मियों से उनकी मुठभेड़ हुई। एक महीने में इस शहर में सेना पर यह तीसरा हमला है। यह क्षेत्र इस्लामिक आतंकवाद का शिकार है।

## पाकिस्तानः सरकारी नौकरियों में जगह बना रहीं हिंदू अल्पसंख्यक महिलाएं

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में सरकारी पदों पर नियुक्ति के मामले में हिंदू अल्पसंख्यक समुदाय, खासतौर से महिलाएं, लंबे समय से हाशिए पर थीं, लेकिन अब ऐसा नहीं है। पुष्पा कुमारी इस बात का ताजा उदाहरण हैं कि हिंदू महिलाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। अनुसूचित जाति के कोहली समुदाय से आने वाली 29 वर्षीय पुष्पा कुमारी ने सिंध में प्रांतीय प्रतियोगी परीक्षा पास की और पहली हिंदू महिला सहायक उप-निरीक्षक बन गईं।

## अपने देश में संरा कर्मियों की संख्या में कटौती चाहता है उत्तर कोरिया

**संयुक्त राष्ट्र।** उत्तर कोरिया ने कहा है कि शत्रु ताकतों द्वारा संयुक्त राष्ट्र सहायता का राजनीतिकरण किए जाने के कारण वह चाहता है कि देश में विश्व निकाय के कर्मियों की संख्या में इस साल के अंत तक कमी की जाए। हालांकि संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि उसकी मौजूदा हल्की मौजूदगी अहम है। उत्तर कोरिया की राष्ट्रीय समन्वयक समिति के महासचिव किम चांग मिन ने अपने देश में संयुक्त राष्ट्र के रेजीडेंट समन्वयक को एक पत्र लिखकर कहा कि हालिया वर्षों में संयुक्त राष्ट्र समर्थित कार्यक्रम शत्रु ताकतों द्वारा संयुक्त राष्ट्र सहायता का राजनीतिकरण किए जाने के कारण इच्छानुसार परिणाम देने में नाकाम रहे हैं।

### पाक ने रक्षा दिवस को कश्मीर एकजुटता दिवस के रूप में मनाया

# एलओसी पर पहुंचकर पाक के पीएम इमरान ने अलापा कश्मीर राग

**एलओसी।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को अपने विदेश मंत्री, रक्षा मंत्री और कई सैन्य अधिकारियों के साथ नियंत्रण रेखा (एलओसी) का दौरा किया। इमरान खान ने नियंत्रण रेखा के नजदीक पहुंचकर वहां के गांव के लोगों से बातचीत भी की। इमरान वहां कब गए और किस रास्ते से पहुंचे इस बात की जानकारी नहीं मिली। हालांकि, माना जा रहा है कि पाक प्रधानमंत्री इमरान खान नियंत्रण रेखा पर स्थित चकोठी सीमा तक आए थे। प्रधानमंत्री इमरान और सेना प्रमुख बाजवा के साथ-साथ विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, रक्षा मंत्री परवेज खाटक और कश्मीर कमिटी के चेयरमैन फखर इमाम भी नियंत्रण रेखा तक गए थे।



### कश्मीर पाकिस्तान की दुखती रग हैः खान

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान ने शुक्रवार को कहा कि कश्मीर पाकिस्तान की "दुखती रग" है और इसके विशेष दर्जे को वापस लेने का भारत का फैसला देश की सुरक्षा एवं अखंडता को चुनौती देता है। खान ने पाकिस्तान के 'रक्षा एवं शहीद दिवस' पर कहा कि उनकी सरकार ने वैश्विक राजधानियों और संयुक्त राष्ट्र में सक्रिय कूटनीतिक अभियान शुरू किया ताकि वैश्विक समुदाय को कश्मीर के बारे में बताया जा सके जिसका विशेष दर्जा भारत ने पांच अगस्त को खत्म कर दिया था। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के लिए कश्मीर उसकी कमजोर नस है। उसके दर्जे में बदलाव करना पाकिस्तान की सुरक्षा एवं अखंडता को चुनौती देता है।

### स्थानीय लोगों को मोहरा बनाने की नापाक कोशिश



जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद-370 हटने के बाद बौखलाया पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। पाक ने स्थानीय लोगों को मोहरा बनाकर एक नया दांव चलने की कोशिश की। हालांकि भारतीय सेना ने समय रहते उसकी चाल को नाकाम कर दिया। दरअसल, पाकिस्तानी सेना और आतंकी संगठनों ने मिलकर पीओके के स्थानीय लोगों को भड़काने की कोशिश की। उन्होंने बुधवार को एलओसी पर विरोध प्रदर्शन का आह्वान किया। वे सैकड़ों लोगों और स्कूली बच्चों को लेकर एलओसी के पास पहुंचे। वो कश्मीरियों को यह बताने की कोशिश कर रहे थे कि वे उनके साथ हैं।

### कश्मीर में नमाज के मद्देनजर फिर से प्रतिबंध लागू



**श्रीनगर।** कश्मीर के कई हिस्सों में शुक्रवार की नमाज के बाद हिंसा की आशंका के मद्देनजर एहतियातन तौर पर फिर से प्रतिबंध लागू कर दिए गए हैं। जम्मू कश्मीर में सबसे पहले पांच अगस्त को प्रतिबंध लगाए गए जब केंद्र ने राज्य को विशेष दर्जा देने वाले अनुच्छेद 370 को हटाने और उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने का फैसला किया। समय के साथ स्थिति में सुधार आने के चलते घाटी के कई हिस्सों से चरणबद्ध तरीके से प्रतिबंध हटा लिए गए। अधिकारियों ने बताया कि शुक्रवार की नमाज के मद्देनजर एहतियातन कदम के तौर पर श्रीनगर समेत कश्मीर के कुछ हिस्सों में पाबंदियां लागू कर दी गई हैं। अधिकारी हर शुक्रवार को घाटी के संवेदनशील इलाकों में प्रतिबंध लागू कर रहे हैं।

### दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाना मकसद

## वाशिंगटन में शुरू हुआ भारत-अमेरिका का संयुक्त सैन्य अभ्यास

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत और अमेरिका की सेनाओं ने वाशिंगटन में संयुक्त सैन्य अभ्यास शुरू कर दिया है। दो हफ्ते के इस संयुक्त सैन्य अभ्यास का मकसद दोनों देशों के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाना है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास 2019' की शुरुआत ज्वॉइंट बेस लुईस मैककॉर्ड में पांच सितंबर से हुई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि भारत और अमेरिका के बीच संयुक्त सैन्य अभ्यास 'युद्ध अभ्यास 2019' आरंभ हो गया है। यह अभ्यास 18 सितंबर तक जारी रहेगा। यह सबसे बड़े संयुक्त सैन्य अभ्यासों में से एक है और भारत एवं अमेरिका के बीच रक्षा सहयोग बढ़ाने का प्रयास है। युद्ध अभ्यास 2019 संयुक्त सैन्य अभ्यास का 15वां संस्करण है। दोनों देश इसका आयोजन वैकल्पिक आधार पर करते हैं।

## पाक 'सभ्य' तरीके से पेश आए तो भारत आतंकवाद पर वार्ता को तैयारः जयशंकर



**सिंगापुर।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शुक्रवार को कहा कि भारत, पाकिस्तान के साथ आतंकवाद के मुद्दे पर बातचीत करने के लिए तैयार है, बशर्ते पाकिस्तान यह सुनिश्चित करे कि यह सभ्य तरीके से होगी, हमारे सिर पर बंदूक तानकर नहीं। मिंट एशिया लीडरशिप समिट को संबोधित करते हुए जयशंकर ने यह बात कही । इस सम्मेलन में लगभग 400 शिष्टमंडलों ने हिस्सा लिया । विदेश मंत्री छह से दस सितंबर तक सिंगापुर के दौरे पर हैं । जम्मू कश्मीर से पांच अगस्त को विशेष दर्जा वापस लिये जाने के बाद भारत के पड़ोसी देश पाकिस्तान के साथ जारी तनाव के बीच विदेश मंत्री का यह बयान आया है ।

## राष्ट्रपति ने विभिन्न श्रेणियों में दिये स्वच्छ भारत पुरस्कार

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने देश में चल रहे भारत स्वच्छता अभियान के तहत विभिन्न श्रेणियों में स्वच्छ भारत पुरस्कार वितरित किये। यह पुरस्कार हासिल करने वालों में छत्तीसगढ़ की सत्यवती नेताम, मध्य प्रदेश की दीपिका मंडलोई तथा हरियाणा की सिमरजीत कौर समेत 27 राज्यों की एक-एक महिला को स्वच्छता अभियान में उत्कृष्ट योगदान देने के लिए दिया गया। केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को यहां नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छता महोत्सव में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत और राज्यमंत्री रतनलाल कटारिय के साथ राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने या योगदान करने वालों को अलग-अलग श्रेणियों में स्वच्छ भारत पुरस्कार देकर उन्हें सम्मानित किया।

### एनआरसी मामले में सीजेआई को लिखा पत्र

## हजेला ने अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं किया

**गुवाहाटी।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तरुण गोगोई ने देश के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) रंजन गोगोई को पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि एनआरसी के राज्य समन्वयक प्रतीक हजेला ने पिछले सप्ताह प्रकाशित अंतिम सूची को तैयार करते समय अपने कर्तव्य का निर्वहन नहीं किया। इसके साथ ही कांग्रेस नेता ने सीजेआई से इस मामले की समीक्षा करने का अनुरोध किया। असम में राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) को न्यायालय की निगरानी में अद्यतन किया गया था। राज्य के भारतीय नागरिकों को वैधता प्रदान करने वाली अंतिम सूची में 19 लाख से अधिक आवेदकों को शामिल नहीं किया गया था। सीजेआई को लिखे पत्र में तरुण गोगोई ने आरोप लगाया कि हजेला ने उच्चतम न्यायालय के निर्देश का



पालन नहीं किया जबकि 50,000 से अधिक सरकारी कर्मी एनआरसी को अद्यतन बनाने के काम में लगे हुए थे और राज्य के विकास कार्यों की कीमत पर इस पर लगभग 1,200 करोड़ रुपये खर्च किए गए थे। उन्होंने कहा कि अब सवाल उन लाखों लोगों के भाग्य को लेकर पैदा होता है जो एनआरसी से बाहर रह गए हैं और उन्हें अपनी नागरिकता साबित करने के लिए विदेशी नागरिक न्यायाधिकरण के पास जाना होगा।

## संसद परिसर में नजर आया फिट इंडिया

**हरिभूमि ब्यूरो, नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में संसद परिसर में फिट इंडिया अभियान की मुहिम चलाई गई। इस दौरान मौजूद कई केंद्रीय मंत्रियों, संसद सदस्यों और अन्य गण्यमान्य व्यक्तियों ने योग करके स्वस्थ जीवन शैली अपनाने के लिए योग में दिलचस्पी दिखाई। संसद भवन में शुक्रवार शाम को परिसर में महात्मा गांधी की प्रतिमा के निकट फिट इंडिया अभियान की मुहीम को लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में चलाया गया। बिरला ने कहा कि भारत द्वारा किए गए प्रयासों के कारण अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस शुरू होने के बाद से ही योग पूरी दुनिया में लोगों की दिनचर्या का हिस्सा बन गया था। उन्होंने फिट इंडिया मूवमेंट में इसी तरह के प्रयास का आह्वान करते हुए कहा कि इसे जन आंदोलन बनना चाहिए और यह संदेश जाना चाहिए कि भारत एक सबसे फिट राष्ट्र है।

### 37 साल तक किया था राज

## जिम्बाव्वेः पूर्व राष्ट्रपति रॉबर्ट मुगाबे का 95 साल की उम्र में निधन

**हरारे।** जिम्बाव्वे के पूर्व राष्ट्रपति रॉबर्ट मुगाबे का 95 साल की उम्र में निधन हो गया है। वह पिछले काफी समय से बीमार चल रहे थे। सिंगापुर के एक हॉस्पिटल में वह लाइफ सपोर्ट सिस्टम के जरिए सांस ले रहे थे। निधन की पुष्टि करते हुए एक मंत्री ने कहा कि दुखद घटना हमने उन्हें खो दिया। यह ऐसा दिन है जिसकी हमें उम्मीद नहीं थी। मुगाबे 1980 से 1987 तक प्रधानमंत्री और 1987 से 2017 तक राष्ट्रपति रहे थे। यानी रॉबर्ट मुगाबे ने 37 सालों तक जिम्बाब्वे का नेतृत्व किया था। मुगाबे को प्रभावशाली वक्ता, विवादों में घिरा रहने वाला व्यक्ति और ध्रुवीकरण करने में माहिर समझा जाने वाला राजनीतिक समझा जाता है। स्वतंत्रता युद्ध के बाद मुगाबे अफ्रिकियों के नायक के तौर पर उभर कर सामने आये थे।



### भारत ने राबर्ट मुगाबे को सच्चा मित्र बताया

नई दिल्ली। भारत ने शुक्रवार को जिमबाब्वे के पूर्व राष्ट्रपति राबर्ट मुगाबे के निधन पर शोक प्रकट करते उन्हें 'सच्चा मित्र' और 'मुक्ति का प्रतीक' करार दिया । मुगाबे ने 1980 से 2017 तक जिम्मबाबे का नेतृत्व किया और देश के राष्ट्रपति ने शुक्रवार को उनके निधन की घोषणा की । वे 95 वर्ष के थे । विदेश मंत्रालय ने अपने बयान में मुगाबे को भारत का 'सच्चा मित्र' बताया और कहा कि उनके निधन की जानकारी से उसे गहरा दुख है ।

## हांगकांग के अधिकारों की रक्षा होनी चाहिएः जर्मन चांसलर

**बीजिंग।** जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल ने शुक्रवार को कहा कि हांगकांग के निवासियों की आजादी और उनके अधिकारों की रक्षा की जानी चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि चीन के इस शहर के राजनीतिक संकट का समाधान सिर्फ बातचीत से ही निकल सकता है और हिंसा को टाला जाना चाहिए। मर्केल ने सुबह बीजिंग पहुंचने के बाद चीनी प्रधानमंत्री ली क्विंग से मुलाकात की। उनका शाम में राष्ट्रपति शी चिनफिंग से मिलने का भी कार्यक्रम है। जर्मन नेता के सामने जर्मनी के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदारों में से एक के साथ मानवाधिकारों की चिंताओं और आर्थिक चर्चा को संतुलित करने की चुनौती है। मर्केल ने ली के साथ संयुक्त ब्रीफिंग में कहा कि मैंने वार्ता के दौरान संकेत दिया कि हांगकांग के मूल कानून के अनुसार अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा की जानी चाहिए।

## जान की बाजी...



चेन्नई के ऑफिसर्स ट्रेनिंग अकादमी में पासिंग आउट परेड के दौरान प्रदर्शन दिखाते कैडेट।

### ब्रिटेन के पीएम बोरिस जॉनसन का बयान

## ब्रेक्जिट में देर करने के बजाए मैं मरना पसंद करूंगा

**लंदन।** ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने गुरुवार को कहा कि वह अगले महीने ब्रेक्जिट में देर करने के बजाय 'मरना' पसंद करेंगे। उन्होंने विपक्षी सांसदों से समर्थन देने का आग्रह किया है, जो मध्यावधि चुनाव की उनकी योजना का विरोध कर रहे हैं। हाउस ऑफ कॉमन्स में सांसदों ने इस हफ्ते एक विधेयक पारित किया, जो ब्रसेल्स के साथ समझौता किये बिना ब्रिटेन को यूरोपीय संघ (ईयू) से बाहर ले जाने से जॉनसन को रोक सकता है। उत्तरी इंग्लैंड में एक भाषण में, जॉनसन ने कहा कि यूरोपीय संघ से ब्रेक्जिट में देरी करने के लिए कहने के बजाए मैं



मर जाना पसंद करूंगा। उन्होंने कहा कि हमें 31 अक्टूबर को यूरोपीय संघ से बाहर आना है। गौरतलब है कि जॉनसन को बेक्जिट मामले में बुधवार को संसद में दूसरा झटका लगा। दरअसल, सांसदों ने बिना किसी समझौते के ब्रेक्जिट को रोकने संबंधी विधेयक को समर्थन दे दिया। इसके बाद जॉनसन ने 15 अक्टूबर को देश में मध्यावधि चुनाव कराने का प्रस्ताव किया है।





### राजघाट पर 2 अक्टूबर को होगा समापन

# सीएपीएफ और असम राइफल्स के पांच सौ जवान साइकिल यात्रा में लेंगे हिस्सा

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) और असम राइफल के 500 जवान गुजरात से शनिवार को 'साइकिल यात्रा' पर रवाना होंगे। महात्मा गांधी की 150वीं जयंती के अवसर पर दो अक्टूबर को नई दिल्ली के राजघाट पर इसका समापन होगा। एक आधिकारिक बयान के मुताबिक यह यात्रा राष्ट्रपति के जन्मस्थान पोरबंदर से शुरू होगी और इसका



लक्ष्य अहिंसा, स्वच्छता के संदेश के प्रसार के साथ-साथ मादक पदार्थों के खतरे से लोगों को अवगत कराना है।

### पोरबंदर के चौपट्टी मैदान से यात्रा आज होगी रवाना

इस यात्रा में हिस्सा ले रहे 500 जवानों में से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 100 जवान, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के 100 जवान और इसके अलावा भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के 65 जवान, केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) के 65 जवान और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) के 70 जवान और राष्ट्रीय सुरक्षा गार्ड (एनएसजी) और असम राइफल के 50-50 जवान शामिल हैं। बीएसएफ, गुजरात के फ्रंटियर मुख्यालय की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि यह यात्रा पोरबंदर के चौपट्टी मैदान से सात सितंबर को सुबह नौ बजे रवाना होगी और दो अक्टूबर को नई दिल्ली के राजघाट में समाप्त होगी। इस दौरान जवान साइकिल से राजकोट, मोर्बी, कच्छ, पाटन, बनासकांठा, जालौर, बाड़मेर से होते हुए बीएसएफ के राजस्थान फ्रंटियर के नेतृत्व में जैसलमेर पहुंचेंगे। इसके बाद यह यात्रा बीकानेर, चुरू और हरियाणा के नारनौल, रेवाड़ी, गुड़गांव से गुजरते हुए राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के राजघाट पर समाप्त होगी।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक डॉ.हिमांशु द्विवेदी द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड़ रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, सी-11, रिंग रोड़, राजौरी गार्डन, नई दिल्ली-110027 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109